सेंसेक्स 73,399.78 ▼-845.12
डॉलर 83.502 ▼-0.110

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	35.0	23.0	27.0
धनबाद	39.0	24.0	31.0
जमशेदपुर	42.0	24.0	33.0
पलामू	39.0	24.0	31.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-74, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | लोकसभा चुनाव में मर्यादा लांघते नेताओं ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | चुनाव आयोग ने दिए मुर्शिदाबाद के ...12 | देश-विदेश

वासंतिक नवरात्र

अष्टमी : महागौरी

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। महागौरी की चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे के बाएं हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है।

श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥

मां महागौरी ने देवी पार्वती रूप में भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। एक बार भगवान भोलेनाथ पार्वती जी को देख कर कुछ ऐसी बात कह देते हैं जिससे देवी का मन आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्यारत पार्वती जब वापस नहीं आयीं तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुंचते हैं। शिव वहां पहुंचे तो पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के समान श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। अष्टमी के दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं।

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 68,100

चांदी (1 किलो) 89,000

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

आज के मैच

समय : 16 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : कोलकाता

आजकल

महागठबंधन के अंदर डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं कल्पना सोरेन

प्रत्येक राजनीतिक गतिविधियों पर रहती है नजर, पार्टी की शीर्ष वार्ताकार की बनी छवि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झामुमो में कल्पना मुर्मू सोरेन की एंट्री झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव है। राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना है कि वह हेमंत सोरेन से कम नहीं हैं। कल्पना सोरेन की राजनीतिक सोच और दृष्टि बहुत कुछ बयां करती है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के अंदर भी कल्पना सोरेन डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं। चाहे सीट बंटवारे का फामूर्ला तय करना हो या अन्य हरेक राजनीतिक गतिविधियों पर कल्पना सोरेन की निगाहें रहती हैं। कुछ दिन पहले ही कल्पना सोरेन की महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद और अन्य दलों के शीर्षस्थ नेताओं के साथ बैठक हुई थी। इसमें कल्पना सोरेन खुद लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे और अन्य मुद्दों पर वार्ता करती दिखीं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कल्पना सोरेन कुछ दिन पहले ही दिल्ली जाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें ढांढस देते दिखी थीं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे झारखंड के साथ-साथ बाहर दूसरे राज्यों में भी महागठबंधन के साथ मंच साझा करेंगी। शायद यही वजह भी रही होगी कि कल्पना सोरेन महागठबंधन झारखंड में स्टार प्रचारक के रूप में हर जिले का दौरा भी कर रही हैं। बहरहाल लोकसभा चुनाव 2024 का आगामी परिणाम निर्णयक होगा। राज्यवासियों को यही चुनावी परिणाम बताएगा कि राजनीति में वाकई कल्पना सोरेन का बड़ा कद है या फिर कल्पना सोरेन सिर्फ राजनीतिक कल्पनाओं में फीट बैठती हैं।

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव कहते हैं कि जिस पार्टी के सरदार ही जेल के अंदर हैं। वे कल्पना के सहारे ही राजनीतिक वापसी का ख्वाब देखेंगे। अब भ्रष्टाचार की आड़ में जेल के अंदर से मिला मार्गदर्शन कितना कारगर साबित होगा, समझ सकते हैं। वैसे जल, जंगल और जमीन की वकालत करने वाले लोगों पर करोड़ों की जमीन घोटाला करने का बड़ा आरोप लगा है।

दूसरी ओर झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी में कोई भी नया सदस्य जुड़ता है तो इसका व्यापक लाभ मिलता है। कल्पना सोरेन के आने के बाद निश्चित तौर पर महागठबंधन को संगठनात्मक रूप से लाभ मिल रहा है। वैसे भी उनके पति के साथ जो अन्याय हुआ है, राज्यवासियों की उनसे भरपूर सहानुभूति है। किसी भी देश या परिवार के साथ हुए अन्याय पर सहानुभूति मिलती ही है।

जल, जंगल, जमीन हमारा फिर भी हम अधिकार से हैं वंचित : कल्पना सोरेन

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

गांडेय प्रखंड के मेदनसारे पंचायत के खंभातंडा में सोमवार को कल्पना सोरेन ने आदिवासी समाज के लोगों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा झारखंड में जल, जंगल, जमीन हमारा है। फिर भी हम आदिवासियों को हक और अधिकारी से वंचित रखा जाता है। अपने हक और अधिकार को प्राप्त करने के लिए आपको जनता के द्वारा चुनकर लोकतंत्र के मंदिर में पहुंचना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी ने कहा कि आप लोगों की अच्छी और सकारात्मक सोच के कारण हेमंत सोरेन 2019 में राज्य के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने राज्य की जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया। सर्वजन पेंशन योजना भारत में सिर्फ झारखंड में संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के 20 लाख परिवारों का राशन कार्ड बनवाया। केन्द्र सरकार हमेशा राज्य के साथ सौतेला व्यवहार करती रही है। राज्य के सभी गरीब परिवारों को घर देने के उद्देश्य से अबुआ आवास योजना का संचालन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम पहुंचने के पहले कल्पना सोरेन ने मरगोडी स्थित झारखंड आंदोलकारी स्व. धनेश्वर मंडल, जोराआम में शहीद बसंत पाठक के समाधि स्थल पर पहुंचकर माथा टेका। मौके पर हीरालाल मुर्मू, बबली मरांडी, हेंगामुनी मुर्मू, दशरथ किस्कू, रमेश मुर्मू, रामजीत मुर्मू, प्रेमजित मुर्मू,सहित सैकड़ों आदिवासी कार्यकर्ता मौजूद थे।

गांडेय में कल्पना सोरेन ने आदिवासी समाज के लोगों के साथ की बैठक

'चुनावों को कालेधन से मुक्ति की दिशा में बड़ा कदम है चुनावी बांड'

-ब्यूरो। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी बांड योजना को देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति दिलाने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे का स्रोत सार्वजनिक हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में विपक्ष पर चुनावी बांड योजना को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं के चुनावी बांड पर आरोप और इसे बुरा निर्णय बताने के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में लंबे अर्से से चर्चा चली है कि चुनावों में कालेधन का बहुत बड़ा खतरनाक खेल हो रहा है। देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति मिलनी चाहिए। कालाधन खत्म करने के लिए पहले हमने 1000-2000 के नोटों को खत्म किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 20 हजार रुपये तक पार्टियां कैश ले सकती हैं। मैंने नियम बनाकर 20 हजार को ढाई हजार कर दिया, क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि ये कैश वाला कारोबार चले। उन्होंने कहा, जहां तक इलेक्टोरल बॉन्ड की बात है तो ये उसकी सक्सेस स्टोरी है, क्योंकि इससे मनी ट्रेल मिल रहा है कि किस कंपनी ने दिया, कैसे दिया, कहां दिया। विपक्ष के इस आरोप पर कि भाजपा सभी संस्थानों पर नियंत्रण रखती है और कोई समान अवसर नहीं है? प्रधानमंत्री ने कहा, एक कहावत है- नाच न जाने आंगन टेढ़ा। ये कभी ईडी, कभी सीबीआई, कभी ईवीएम का बहाना निकालेंगे। मूलतः वो अपनी पराजय के लिए रीजनिंग पहले से सेट करने में लगे हैं, ताकि पराजय उनकी खाते में ना चली जाए। उन्होंने कहा कि जहां तक ईडी, सीबीआई की बात है तो इसमें एक भी कानून मेरी सरकार ने नहीं बनाया है। हमने तो इलेक्शन कमीशन में सुधार किए हैं। पहले तो प्रधानमंत्री एक साइन करके इलेक्शन कमीशन बना देते थे, आज तो उसमें विपक्ष भी रहता है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से आजकल हम देखते हैं कि एक शब्द के प्रति कोई प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी नहीं है। आपने किसी नेता का पुराना वायरल वीडियो देखा होगा, जिसमें उनके हर विचार विरोधाभासी हैं। जब लोग यह देखते हैं तो उन्हें लगता है कि यह नेता जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में मैंने एक राजनेता को यह कहते हुए सुना, एक झटके में गरीबी हटा दूंगा। जिनको 5-6 दशक तक सत्ता में रहने का मौका मिला, वो जब ऐसा कहते हैं तो देश सोचता है कि ये आदमी क्या कह रहा है।

राम मंदिर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

- पहले पीएम एक साइन करके इलेक्शन कमीशन बना देते थे, आज तो उसमें विपक्ष भी रहता है
- चुनावी बांड एक सक्सेस स्टोरी : इससे मनी ट्रेल मिल रहा है किस कंपनी ने दिया, कैसे दिया, कहां दिया

सड़क हादसा में अर्घ्य देने जा रहे 3 की मौत

अनियंत्रित पिकअप से ट्रैक्टर की हुई टक्कर, आठ घायल, सभी एक ही परिवार के

नवीन मेल संवाददाता। रांची

चैती छठ में रविवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पिकअप वैन से जा रहे लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में दो महिला और एक बच्ची की मौत मौके पर ही हो गई। घटना रातू के काठीटांड़ स्थित शिव मंदिर के पास की है। घटना करीब साढ़े 5 बजे सुबह घटित हुई है। घटना में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो छोटे बच्चे भी हैं। सभी घायलों का इलाज सीएचसी रातू में किया जा रहा है। रातू थान प्रभारी ने बताया कि ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

मृतकों में : कमला देवी(50), कौशल्या देवी (55), अराध्या कुमारी (12)
रिम्स में भर्ती : कमला देवी (55), निक्की कुमारी (20)
पीएचसी में भर्ती : रामचंद्र यादव, विनोद साहू व यदुनंदन प्रसाद

भूगर्भ जलस्तर दुरुस्त रखने का हर संभव प्रयास करे सरकार : हाईकोर्ट

हाईकोर्ट ने रांची में भूमिगत जल स्तर के प्रतिवर्ष नीचे जाने पर संबंधित विभागों से मांगा सुझाव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और आईएसएम धनबाद की ओर से रांची सहित झारखंड के जिलों में भूमिगत जल की रिपोर्ट दाखिल की गई। बताया गया कि रांची सहित पूरे झारखंड में भूमिगत जल का स्तर प्रतिवर्ष नीचे जा रहा है इसलिए भूमिगत जल कैसे रिचार्ज रहेगा, इस पर मंथन करने की जरूरत है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि भूमिगत जल स्तर का प्रतिवर्ष नीचे जाना चिंता का विषय है, ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

व्याख्याता नियुक्ति गड़बड़ी में विस्तृत जवाब दें राज्य सरकार व जेपीएससी

झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2008 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 600 से अधिक व्याख्याता नियुक्ति को चुनौती देने वाली डॉ मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से व्याख्याता नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जवाब मांगा है। जेपीएससी से अधिवक्ता संजय पिपरववाल एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले कोर्ट ने जेपीएससी से जानना चाहा कि इस मामले की सीबीआई जांच कैसे दी गई? इस पर ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

चतरा में टीएसपीसी के 4 उग्रवादी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

चतरा पुलिस ने सोमवार को टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे। इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी का पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया गया है। चतरा एसपी विकास पांडेय ने बताया कि पिपरवार व टंडवा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में कोल परिचालन में लगे हाईवा वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस कारण कोल-व्यवसायियों तथा आमजन में भय व्याप्त था। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए टंडवा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

लातेहार : सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नक्सली साजिश विफल, आठ बम बरामद

लातेहार। लोकसभा चुनाव के पहले सीआरपीएफ और लातेहार पुलिस ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन में सोमवार को डेढ़-डेढ़ किलो के 8 आईईडी सीरीज बम बरामद किये। सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार जिला के बरवाडीह थाना अंतर्गत मोरवई गांव के नजदीक लोहरा जंगल में कोई संदिग्ध वस्तु है। इस सूचना पर लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अजंन और सीआरपीएफ कमांडेंट ने ई/11 कंपनी के विनोद कुमार कनौजिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। जिला पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने विशेष अभियान के दौरान क्षेत्र में सघन तलाशी ली। ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

सीआरपीएफ व लातेहार पुलिस के सर्च ऑपरेशन में बरवाडीह के मोरवाई जंगल से 1.5 किलो आईईडी बम बरामद, बम निरोधक दस्ता ने बमों को डिफ्यूज किया

इंडिया ढुकु से लेकर घंटी आधारित शिक्षक तक की सुरक्षा का सवाल खूंटी में नहीं है

सुनील बादल

झारखंड अत्यंत सुंदर प्रदेश है प्राकृतिक रूप से भी और खनिज के मामले में समृद्ध तो है ही यहां मुंडारी की एक कहावत प्रचलित है सेन ही सुसुंग कजि गे दुरंग यानी यहां चलना ही नृत्य है और बोलना ही संगीत। आमतौर पर यहां के जनजातीय समुदाय के अलावा मूल निवासी अत्यंत सरल और बहुत ही ईमानदार होते हैं जिस कारण पूरी दुनिया में मजदूरों के रूप में इनकी बहुत मांग रही है खास तौर पर यहां की महिलाओं की मांग घरेलू कार्यों के लिए सर्वाधिक है और दिल्ली जैसे महानगरों में लाखों की संख्या में झारखंड की बालाएं बिना किसी सुरक्षा कवच के काम कर रही हैं। जंगल पहाड़ों के बीच रहने वाली यह बालाएं अधिक शिक्षित नहीं होती और बहुत ही सरल स्वभाव की होती है विरोध नहीं करती नृत्य संगीत में इनकी अभिरुचि रहती है जिस कारण महानगर या आधुनिक जीवन शैली इन्हें आकर्षित करती है जिसका लाभ बिचौलिए और मानव तस्कर उठाते हैं इन्हें अपनी मीठी बातों और बड़े शहरों के सपने दिखाकर कई बार ले जाकर बेच दिया जाता है और बहुत के साथ यौन शोषण जैसी घटनाएं भी हुई हैं। मानव तस्करी पर काम करने वाली स्वयं से भी संस्थाओं का मानना है कि जो तस्कर पकड़े गए हैं और मानवक तस्करी के जो सरकारी आंकड़े हैं उससे बहुत अधिक लाखों की संख्या में महिलाओं को बेच दिया गया है जिनका कोई ता पता नहीं है जिस पर गहन अध्ययन करने से अनेक चौंकाने वाले आंकड़े आ सकते हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है की गरीबी के कारण और आधुनिक सुख सुविधाओं के लिए माता-पिता या अभिभावक स्वेच्छा से महानगरों या विदेश तक में अपनी छोटी बच्चियों को भेजते हैं और जब बात हाथ से निकल जाती है तब बाल कल्याण समिति या राज्य स्तर पर मानव तस्करी की रोकथाम के लिए काम कर रही संस्थाओं के पास बातें आती है। खूंटी जिले में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार लंबे समय से मानव तस्करी पर काम कर रही हैं और खूंटी जिले में बतौर एडवोकेट भी उन्होंने बहुत दिनों तक अपनी सेवाएं दी हैं, उनका मानना है की खूंटी में विशेष तौर पर जनजातीय महिलाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय है। वे घर भी चलाती हैं खेतों में काम भी करती हैं बच्चे भी पालती हैं, पति की सेवा भी करती हैं जो पैसे कमाती हैं उसे पति को दे देती हैं और पति बात-बात पर उसे मारता भी है। इसके अलावा इस क्षेत्र के अलावा झारखंड में बिना विवाह के रखैल रखने की परंपरा है जिसे ढुकु कहा जाता है इसमें किसी पुरुष के साथ रहने वाली महिला को ना तो पत्नी का दर्जा मिलता है ना अधिकार मिलता है ना उसके बच्चों को संपत्ति में अधिकार मिलता है ना किसी प्रकार की मान्यता मिलती है और और वह पूरी तरह अपने पुरुष साथी की मर्जी पर निर्भर करती है। इस त्रासदी को दूर करने के लिए तनुश्री सरकार ने कई प्रयास किया कुछ संस्थाएं भी आगे आई इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं और कुछ बुद्धिजीवी भी लेकिन इसे समाज का समर्थन नहीं मिला है। सबसे दुखद बात यह है की चुनाव होने वाले हैं किसी भी पार्टी ने किसी भी सामाजिक कुरीति को दूर करने या महिलाओं की दुखद स्थिति की जड़ में जो नशा पान जैसी समस्या है या डायन हत्या है उसे पर एक शब्द भी नहीं कहा है। आधी आबादी को भारत की अन्य महिलाओं की तरह सम्मान और सुरक्षा या पत्नी का दर्जा दिलाने की बात कहीं पर से भी चर्चा में नहीं है। चुनाव की स्थिति जानने के लिए खूंटी के विभिन्न क्षेत्रों के अलग-अलग सैकड़ो लोगों से बातें हुई सभी इस बात को मानते हैं कि यहां की महिलाएं बहुत ही ईमानदार होती है मेहनती होती है शिक्षा भी पहले से बढ़ी है, लेकिन अनेक महिलाएं ऐसी मिली जो खूंटी बाजार में सब्जी बेचने वाली थी या ग्रामीण इलाकों में घरेलू कामकाज करने वाली किसी भी महिला ने अपना कोई स्वतंत्र विचार या स्वतंत्र कोई राय नहीं रखी कि वह राजनीतिक रूप से किसका समर्थन करेंगी - पार्टी का व्यक्ति का या उनके पास मुद्दे क्या होंगे। सभी का एक स्वर में यही कहना था कि वह घर वालों से पूछेंगी। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली के रूप में पूरी दुनिया में चर्चित खूंटी और यहां से आठ बार सांसद रहे पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा इस हताशा भरी स्थिति के लिए झारखंड की सरकारों को दोषी मानते हैं इनका मानना है कि किसी ने भी झारखंड की मूल समस्याओं पर कभी काम नहीं किया यही कारण है कि गांव में दैनिक मजदूर से लेकर विश्वविद्यालय में घंटी आधारित शिक्षक के रूप में झारखंडी कम कर रहे हैं लेकिन उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है और यही कारण है की बड़ी संख्या में यहां की प्रतिभाएं अन्य राज्यों या विदेश में चली जाती हैं जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जमानत के लिए दी अर्जी, सुनवाई आज

रांची। जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी है। सोमवार को सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में याचिका दाखिल की है। मामले में कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

एक नजर

रांची उपायुक्त ने की कोषांग पदाधिकारी व कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक

रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में रांची लोकसभा क्षेत्र में 29 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर कोषांग के पदाधिकारी कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने सभी कोषांग से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को उनको दिए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी अपने दिए गए उत्तरदायित्व का निर्वहन अच्छे से करें।

ईवीएम-वीपीपैट का हुआ फर्स्ट रैंडमाइजेशन

रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर ईएमएस पर सोमवार को ईवीएम-वीपीपैट का फर्स्ट रैंडमाइजेशन किया गया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची एवं कांके विधानसभा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ विधानसभा एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानभा क्षेत्र के ईवीएम-वीपीपैट का रैंडमाइजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रैंडमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू कहां भेजा जाना है।

अधिसूचना 29 अप्रैल को, मतदान 25 मई को

रांची। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी। नामांकन करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 है। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 9 मई /2024 है। रांची लोकसभा सीट के लिए मतदान 25 मई 2024 को होगा। 4 जून को चुनाव प्ररिणाम आएगा।

खूंटी जेल से जमानत पर छोड़े जाएंगे 20 विचाराधीन कैदी

खूंटी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा सोमवार को विचाराधीन कैदियों से संबंधित यूटीआरसी की बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, डीसी लोकेश मिश्रा, एसपी अमन कुमार, डालसा के सचिव, कारा अधीक्षक, लोक अभियोजक, एलएडीसी के सभी सदस्य उपस्थित थे। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि डालसा ने कैदियों को 14 कैटेगरी में रखा है, जिसमें से 20 विचाराधीन कैदियों के बारे में विचार किया गया, जिसका विचारण तेजी से होगा और इन्हें न्यायालय द्वारा जल्द ही जमानत पर छोड़ा जाएगा।

छठ महापर्व : उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को दिया अर्घ्य

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के गांवों में सूर्य उपासना के चौथे एवं अंतिम दिन सोमवार को चैती छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के द्वारा पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ बेड़ो के ऐतिहासिक डुकू छठ तालाब में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान दिया गया। बड़ी संख्या में जुटे छठ व्रतियों तथा श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ सूर्य नारायण की आराधना की। ऐतिहासिक छठ तालाब में हवन पूजन, महाआरती तथा प्रसाद वितरण के बाद छठ व्रतियों ने पारण के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। इस दौरान भगवान सूर्यनारायण की महाआरती आकर्षण का केंद्र रही। लोगों ने उगते हुए भगवान सूर्य की विधिवत पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की भक्ति की शक्ति तथा उनका उत्साह और उल्लास अपने चरम पर था। छठव्रती सुहागिन महिलाओं ने बड़ी संख्या में मौजूद सुहागिन महिलाओं को सिंदूर लगाया और उनके अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने अपने आंचल में ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण के बाद छठ व्रतियों ने ऐतिहासिक महादानी मंदिर में भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना की।

13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। रांची जिला के विभिन्न प्रखंड से आए प्रशिक्षणार्थी ने प्रशिक्षण प्राप्त किए। मुख्य अतिथि श्री जितेन बराईक ने 30 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देते हुए यह संदेश दिया की भारत हमारा कृषि प्रधान देश है इस लिए कृषि के क्षेत्र में यहा बहुत अवसर है आगे बढ़ने के लिए , प्रशिक्षण के बाद आप सभी आत्म विश्वास के साथ अपना स्वयं का स्वरोजगार शुरू करे, जिस से आप के परिवार का आय भी बढ़ेगा। रुडसेट संस्थान के निदेशक ने संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थी को कहा की आप सभी लोग बैंक से लोन लेकर भी आप अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है। मंच का संचालन वरिष्ट संकाय जगदीश चंद्र महतो ने किया और मुख्य अथिति का धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने किया। मैके पर प्रशिक्षिका खुशबू कुमारी, दशरथ कुमार महतो, महेश रुहिदास ,सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है पूरी दुनिया : नेहा अरोड़ा

रांची। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा सोमवार को स्वीप के अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम विभाग में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की जागरूकता कार्यशाला में शामिल हुईं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज कई देशों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाता विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। चुनावी प्रक्रिया से परिचित होने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। फर्स्ट टाइम वोटरों को अपना वोटर कार्ड बनाने और उसे रजिस्टर करने को लेकर यह कार्यशाला रखी गई थी। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरोड़ा ने ईएलसी से संबंधित निर्देशिका में उल्लेखित विभिन्न गतिविधियों को समुचित तरीके से लोकतंत्र में आयोजित करने पर बल दिया। उपस्थित छात्रों से उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसा कंटेंट बनाएं, जो इनफॉर्मेटिव हो, ताकि लोग जान पाएं कि चुनाव के लिए आयोग ने क्या-क्या प्रावधान किए हैं।

डिजिटल एप एवं वेबसाइट की दी गई जानकारी : नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित डिजिटल एप एवं वेबसाइट की जानकारी दी। साथ ही, स्कूल-कॉलेजों की सक्रिय भागीदारी से युवा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य और सार्थकता पर बल दिया। छात्रों को जानकारी देते हुए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय की ओर से वीडियोज, रील्स, मीम्स, रिंगटोन आदि जारी किए गए हैं। आप सभी इन सामग्रियों का उपयोग करें एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ताजा जानकारी के लिए सीईओ झारखंड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

पश्चिमी सिंहभूम। भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान चाईबासा पुलिस को सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में तीर बम, आइईडी, प्रिंटर आदि भारी तादाद में समान बरामद किया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सोमवार को अभियान के दौरान टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम हुसीपी के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र से पुराने नक्सली डम्प से भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य समान बरामद की गयी है। बरामद समान में दो प्रिंटर, मल्टी डीवीडी राइटर, लाल बैनर कपड़ा, अमोनियम नाइट्रेट 5 पैकेट (कुल 1 किलो प्रत्येक पैकेट-5 किलो), एमसील 50 पैकेट, एमसील बड़ा 5 पैकेट (कुल 25 किलो प्रत्येक 500 ग्राम), डेटोनेटर नॉन इलेक्ट्रिक कमर्शियल-09, सल्फर पाउडर 1 किलो, गन पाउडर कुल 2 किलो, केन (कंटेनर 5 लीटर क्षमता, भरा हुआ)-1, केन (20 लीटर क्षमता) गन पाउडर से भरा हुआ-1, लोहे के टुकड़े 1 किलोग्राम, सिरिंज 10, तीर बम 21, पेट्रोल- 2 लीटर, मिक्सर ग्राइंडर 1 छोटे जार के साथ, सेफ्टी पिन 100 पीस, स्विच 2 पीस, वोल्ट की बैटरी, छोटा एल्युमीनियम पाइप, प्लास्टिक पाइप, वायर कटर व अन्य दैनिक उपयोग की सामान शामिल है।

बेड़ो के ऐतिहासिक विशु शिकार का शुभारंभ 18 को

परंपरा और संस्कृति को बचाए रखने का लिया गया संकल्प

आदिवासियों को पत्ते में गुड़ भेंटकर विशु शिकार के लिए आमंत्रित किया गया

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड का ऐतिहासिक विशु शिकार का शुभारंभ 18 अप्रैल को किया जाएगा उक्त बातें बेड़ो बाजार टांड में 12 पाड़हा के नेतृत्व में ऐतिहासिक तीन दिवसीय विशू शिकार के आयोजन के संदर्भ में आयोजित बैठक के दौरान पड़हा राजा विशाल उरांव ने जानकारी देते हुए कही। बैठक के दौरान विशु शिकार की परंपरा एवं संस्कृति को बचाकर रखने तथा पूर्वजों की धरोहर विशु शिकार के संदर्भ में युवा पीढ़ी को जागृत करने सहित इसके महत्व के संबंध में बैठक आयोजित कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान 12 पाड़हा, 21 पाड़हा ,10 पाड़हा,8 पाड़हा सहित सभी चार पाड़हा प्रेमी, पड़हा राजाओं को दीवानों को कोटवार को बेड़ो बाजार टांड़ में ऐतिहासिक तीन दिवसीय विशू शिकार में जाने के लिए गुड़ का न्योता देकर सभी पाड़हा प्रेमी को डोला टांड़ विशू शिकार के लिए आमंत्रित किया गया। दो दिवसीय विशु शिकार का आयोजन 18 एवं 19 अप्रैल को आदिवासियों की तीर्थ यात्रा डोला टांड़ में आयोजित किया जाएगा। डोला डांड़ में आयोजित होने वाले विशु शिकार की पारंपरिक व्यवस्था के तहत बैठक का प्रस्ताव पारित किया गया।

बेड़ों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

मोदी विकास की गारंटी : समीर

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
भाजपा ने अपने चुनावी अभियान के तहत सोमवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में मांडर विधानसभा स्तरीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन किया। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक सन्नी टोप्पो एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र की संयोजक पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने नगाड़ा और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण भाजपा के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो एवं संचालन तेजू दास ने किया।

चुनाव कार्य में किसी तरह की चूक क्षम्य नहीं : आलोक शिकारी

खूंटी। लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में सोमवार को 72 सेक्टर पदाधिकारी एवं 112 पुलिस अधिकारियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्यशैली एवं दायित्वों से अवगत उन्हें कराया गया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने सेक्टर पदाधिकारियों को कार्य एवं जिम्मेवारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधीन कई मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी हो सकती है। इवीएम मशीन की सुरक्षा के लिए आपके साथ पुलिस बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी रखना होगा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग का कार्य समान्य अवस्था में हो रहा है या नहीं।

आनंद मार्ग उच्च विद्यालय में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

शैक्षणिक व्यवस्था है अतुलनीय : शिव

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो
आनंद मार्ग उच्च विद्यालय आनंदशीला चामा में रविवार की शाम एक समारोह आयोजित कर विद्यालय का 69वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व बिजनेस आईकॉन शिव कुमार साहु समेत सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व आनंद मार्ग के गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मंच पर अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व बुके देकर किया । विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार महतो विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि विगत वर्ष के बोर्ड परीक्षा में इस विद्यालय के 20% से अधिक बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किया। जबकि 99% बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष के वार्षिक परीक्षा के परिणाम भी बेहतर रहे। 80% से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बेहतरीन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि शिवकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वयं आनंदमार्ग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के छात्र रह चुके हैं यहां की जो शैक्षणिक व्यवस्थाएं हैं आज की समय में अतुलनीय है।आज की शिक्षा जीवन में उपयोगी कम है। हमें शिक्षा की आवश्यकता है हमारे जीवन को बेहतर बनाने की ,सुलभ बनाने का जिसका कार्य आज आनंद मार्ग विद्यालय कर रहे हैं। भारत के विभिन्न जिलों में स्थित आनंद मार्ग स्कूल इस कार्य को भली भांति रूप से संभाल कर रखे हुए हैं। आनंदमार्ग की नव्य मानवतावाद शिक्षा पद्धति देश को आगे बढ़ाने में काफी कारगर साबित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में स्थापित विद्यालय आज शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रहा है उन्होंने बताया कि वर्षों पहले जो शिक्षा की व्यवस्थाएं थी कम संसाधन में बहुत ही उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती थी।

खूंटी में एक से 19 वर्ष के तीन लाख बच्चों को खिलाई जायेगी कृमि की दवा

खूंटी। उप विकास आयुक्त के कार्यालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने एवं सभी लाभुकों को हर हाल में दवा खिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर खानापूर्ति की गई, तो किसी भी हालत में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने 19 अप्रैल को होनेवाले इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उस दिन जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में संबंधित विद्यालय के शिक्षकों, सहियाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल तीन लाख 12 सौ 59 बच्चे और किशोर-किशोरियों को कृमि निरोधी दवा खिलाई जाएगी। उस दिन दवा खिलाने से छुटे हुए बच्चों को मौप-अप दिवस के तहत 26 अप्रैल को दवा खिलाई जाएगी।

बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करना सच्ची श्रद्धांजलि होगी : जितेंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
पतराहातू में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई।इस अवसर पर भाजपा सिल्ली विधानसभा के चुनाव प्रभारी राकेश भास्कर , सह प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल एवं संयोजक विनय महतो धीरज समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते उन्हें नमन किया। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राकेश भास्कर ने कहा कि उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था। वह एक विश्व स्तरीय वकील, समाज सुधारक थे, जिन्होंने आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था। जितेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि बाबासाहेब देश के पहले कानून मंत्री बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने बाबा साहब के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है जब हम समाज में न्याय और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोबारा संजोते हैं।

न्यूज बॉक्स

रामनवमी के पूर्व श्री राम शोभायात्रा निकाला गया

सिल्ली/मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन जय श्री राम कमेटी मुरी सिल्ली के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरे हर्षोल्लास के साथ श्री राम शोभायात्रा निकाला गया। बताते चले की यह शोभायात्रा ग्राम विकास स्कूल से पैदल चलकर छोटा मुरी 'ए' टाइप बजरंगबली मंदिर के समीप पहुंचकर इस शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में भक्तजन जय श्री राम, जय बजरंगबली,हर हर महादेव इत्यादि का जोर-जोर से नारा लगा रहे थे साथ ही साथ डीजे के साउंड पर सभी भक्तजन भक्ति गाना पर थिरक रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पर चना गुड़ शरबत की व्यवस्था की गई थी जिसका भक्तजनों ने आनंद उठाया। शोभायात्रा में महिलायें भी जोश खरोश के साथ शामिल थी।भक्तजन काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। शोभायात्रा में बच्चे, बूढ़े, जवान सभी सम्मिलित थे। शोभायात्रा के दौरान प्रशासन भी चुस्त-दुरुस्त नजर आई। इस मौके पर नकुल महतो, कमलेश दुबे, प्रवीण पांडे, भारत कुमार ठाकुर, राकेश सिन्हा, रमेश राय, तुलसी हजाम, संदीप पाठक, चंद्र मोहन महतो, शिशुपाल महतो, राजेश यादव, शमार्नंद यादव, इंद्रसेन सिंह, अनिल कुमार समेत सैकड़ो भक्तगण मौजूद रहे।

ईद मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

ईटकी। बीते दिन इटकी यंग कमिटी के तरफ से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी जाति, धर्म उच्च नीच को ना देखते हुए मिलजुल कर समानता और एकता, प्रेम भाईचारा के साथ रहने का आह्वान किया। मौके पर सिकंदर अयान, मो कैप्टन, मो सोनू, फिरदौस खान, डॉ नाफर अली, तौफीक अंसारी, सद्दाम हुसैन, दिलशाद आलम एवं कई युवा और बुजुर्ग मिलन समारोह में शामिल हुए।

मृतक की मिट्टी में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

बेड़ो। जामटोली मुखिया लक्ष्मी कोया की मां का निधन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मृतक के मिट्टी में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

चान्हो। चामा मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाईक और बोलेरो के टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक भी घायल हो गया। चामा की ओर से जा रहे बाईक में तीन लोग सवार थे। वे लोग नकटा पहाड़ देखने जा रहे थे। तभी मैक्लुस्कीगंज की ओर से आ रही एक बोलरो ने चपेट में ले लिया, जिससे बाईक सवार मांडर प्रखण्ड के अम्बा टोली निवासी 17 वर्षीय सुमन लकड़ा पिता मार्शल लकड़ा और चान्हो प्रखण्ड के डोम्बा टोली निवासी 15 वर्षीय अंकित कुजुर, पिता स्व सुरेश उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हेसमी निवासी सोनू कुमार सिंह को भी चोट आई। खबर मिलते ही मृतक के शव को अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। मांडर के ज़िला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया और शव के साथ स्वयं रिम्स गया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया। घटना से क्षेत्र के लोग आहत हैं। वहीं परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है।

रांची उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

रांची। रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया और आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव सहित अन्य मानकों का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के रख-रखाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया। मौके पर रांची जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्र के संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

ढुलू महतो और उनके परिवारजनों की बेनामी अचल संपत्तियों का ब्यौरा मेरे पास : सरयू राय

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्व सीट से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के धनबाद लोकसभा सीट से घोषित प्रत्याशी ढुलू महतो के पुत्र प्रशांत कुमार द्वारा खरीदी गई करीब 2.06 करोड़ रुपये की जमीन का ब्यौरा मैंने 10 अप्रैल, 2024 को सार्वजनिक किया था। प्रशांत कुमार द्वारा इसके अतिरिक्त गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में खाता संख्या- 83, 97 और 110 के करीब 11 प्लॉट खरीदने का प्रमाण सामने आया है। इसका कुल क्षेत्रफल 01 एकड़ 49 डिसमिल है। गोविंदपुर अंचल में जमीन खरीदने का सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर के अनुसार इन भूखंडों की कीमत 50 लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है। सरयू राय ने कहा है कि भाजपा के उन नेताओं को, जो मेरा ज्ञान मुझे अपने पास ही रखने की सलाह दे रहे हैं, उन्हें इन विवरणों की वस्तुस्थिति और सत्यता की जांच अपने सूत्रों से करा लेनी चाहिए। उसके बाद उन्हें इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते है या नहीं? इसके अतिरिक्त मेरे पास भाजपा के इस घोषित उम्मीदवार और उनके परिवारजनों द्वारा खरीदी गई बड़ी संख्या में बेनामी अचल संपतियों और कंपनियों के नाम का विस्तृत ब्यौरा भी है। ये कंपनिया दो साल पूर्व दिवालिया होने के कगार पर पंहुच चुकी थी। इन कंपनियों में विगत चार वर्षों में अकूत अचल संपति खरीदा गया है, जिसमें हार्ड कोक उद्योग, फ्लावर मिल आदि के भूखंड, निर्मित ढांचा एवं मशीनरी शामिल है।

सीयूजे में 'प्रमुख शक्तियों की विदेश नीति का अध्ययन क्यों करें' पर व्याख्यान का आयोजन

प्रमुख शक्तियों की विशेषता है संस्था निर्माण एवं प्रबंधन : डॉ मोनीश

क्षेत्रीय शक्तियों के उपद्रव रोकने की रणनीति तय करेगी भारत की स्थिति

भारत प्रमुख शक्ति बनने की रखता है दृढ़ आकांक्षा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग ने सोमवार को 'प्रमुख शक्तियों की विदेश नीति का अध्ययन क्यों करें' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें वक्ता के रूप में डॉ मोनीश टूरंगबाम, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडो-पैसिफिक स्टडीज, नई दिल्ली के मानद निदेशक उपस्थित थे। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ अपर्णा ने अतिथि का स्वागत किया और सत्र प्रारंभ किया। डॉ आलोक कुमार गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग, डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने समकालीन अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में 'प्रमुख शक्ति' की स्थिति की अवधारणा और उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के इर्द-गिर्द घूम रहे भ्रम पर प्रकाश डाला। डॉ आलोक ने अतिथि वक्ता को प्रश्न के साथ आमंत्रित किया। उन्होंने प्रश्न किया कि प्रमुख शक्तियों को कैसे परिभाषित किया जाना चाहिए और प्रमुख शक्तियों को परिभाषित करने के मानदंड क्या हैं? डॉ टूरंगबाम ने कहा कि भारत ने कभी किसी गठबंधन में प्रवेश नहीं किया और मुख्य रूप से रणनीतिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रमुख शक्तियों के पास व्यापक विदेश नीति टूलकिट का एक सेट होता है, जो उन्हें सैन्य, अर्थव्यवस्था, प्रवासी और प्रौद्योगिकी जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में प्रमुख शक्ति बनाता है। बहुध्रुवीय विश्व में, प्रमुख शक्तियों के सामने समस्या यह है कि वे एक जैसे नहीं हैं और उनकी विदेश नीति के दृष्टिकोण में भिन्नता है, इसलिए उनकी विदेश नीति टूलकिट भी भिन्न हैं। डॉ मोनीश ने स्वीकार किया कि भारत के सामने बड़ी चुनौती है। हालांकि, आंतरिक कथा से पता चलता है कि भारत एक प्रमुख शक्ति बनने की दृढ़ता से आकांक्षा रखता है। चीन, पाकिस्तान और अन्य जैसी क्षेत्रीय शक्तियों की वृद्धि और उपद्रव शक्ति को रोकने के लिए भारत कितनी चतुराई से दूर की शक्तियों का उपयोग करता है, यह समकालीन अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के भीतर भारत की स्थिति निर्धारित करेगा। भारत जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के भीतर अपना बहु-संरेखण तैयार करता है, उससे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उसकी स्थिति भी तय होगी।

मानदंड पर अब भी चल रही है बहस

डॉ मोनीश टूरंगबाम ने अपने व्याख्यान की शुरुआत में उन मानदंडों की गणना की, जिनके आधार पर अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के भीतर एक राष्ट्र को प्रमुख शक्ति के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। वैसे, उन्होंने स्वीकार किया कि यद्यपि इसका कोई निश्चित मानदंड नहीं हो सकता है और अभी इस पर बहस चल रही है। मोनीश के अनुसार, राज्य-केंद्रित और शक्ति-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली क्षमताओं में आर्थिक ताकत, जीडीपी, सैन्य कौशल, सैन्य हार्डवेयर संपत्ति, तकनीकी क्षमताएं, आंतरिक समीकरण (उनके नागरिकों की आकांक्षाएं), वैश्विक शासन में योगदान करने के लिए जिम्मेदारियों की धारणाएं, और बहुपक्षीय संगठनों का एजेंडा तय करने की क्षमताएं आदि प्रमुख शक्ति की स्थिति के कुछ प्रमुख निर्धारक हैं। संस्था निर्माण एवं प्रबंधन प्रमुख शक्तियों की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। हालांकि, इन क्षमताओं की विस्तृत सूची नहीं है।

जूनियर कैडेट, अंडर 21 एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप 20 से

रांची। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड 20 अप्रैल से स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 का आयोजन करनेगा। रांची के खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में इसका आयोजन हो रहा है। यह प्रतियोगिता 20 एवं 21 अप्रैल को होगा। बताया गया कि इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलो से 14 वर्ष एवं उससे ऊपर के बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला कराटे प्लेयर्स भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में उन संस्था के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे, जिनकी संस्था कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन एवं स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त हैं। प्रतियोगिता में काता एवं कुमिते दो प्रकार का इवेंट होगा। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले कराटेकार मई माह में देहरादून में कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित होने वाले नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य की ओर से भाग लेंगे। प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कराटे एसोशिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांशी मानस सिन्हा एवं सचिव सेंसाई हेजाज आसदक के मार्गदर्शन में संपन्न होगी।

जल स्रोतों पर बना डाली बड़ी-बड़ी इमारतें

कांके डैम से महज 50 फिट की दूरी पर बोरिंग हो रहे हैं फेल, स्थिति काफी गंभीर

अमित कुमार। रांची

राजधानी रांची में जलाशयों और जल स्रोतों को लेकर खतरा रेड अलर्ट के स्तर से भी पार हो गया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न होने वाली है। वहीं, सरकार की ओर से इन्हें बचाने का कोई प्रयास नहीं किया जा सका है। शहर में कई जगहें थीं, जहां जल स्रोतों की स्थिति काफी अच्छी थी। इन जल स्रोतों की क्षमता भी काफी अधिक थी। लेकिन, सरकार की ओर से इन जल स्रोतों को बचाने का सही प्रयास नहीं किया और रैयत अपनी-अपनी जमीन को बेचते चले गए। आज इन जल स्रोतों के ऊपर बहुमंजिले इमारत बन गए हैं।

सूख चुके हैं कई जलस्रोत

करमटोली से होकर गुजरने वाला जल स्रोत, जो कोकर के डिस्टिलरी पुल तक बहता थी, आज विलुप्त हो चुका है। एचईसी स्थित विश्वनाथ शाहदेव की प्रतिमा से आगे का जल स्रोत अब सूख चुका है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सिंह मोड़ जाने के क्रम में ढलान के नीचे पूर्व में कभी नदी बहा करती थी, अब वहां पर बड़ी-बड़ी इमारतें बन गई हैं। डीपीएस के पास जल स्रोत का बड़ा भंडार था, जो अब सुख गया है।

कभी 250 तालाब थे, अब 100 से भी कम

53 वार्ड क्षेत्र में अब महज 100 के करीब छोटे-बड़े तालाब रह गए हैं। बताया जाता है कि आजादी के समय इसकी संख्या 250 से अधिक थी। वहीं, नगर निगम क्षेत्र से बाहर रांची के आसपास के क्षेत्र को मिला कर वर्तमान में जल स्रोतों की कुल संख्या 300 के करीब रह गई है। पहले इसकी संख्या हजार से भी ज्यादा थी।

1942 में ब्रिटिश जियोलॉजिस्ट जेबी ओडेन ने कहा था कि रांची के जल स्रोत पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। इसलिए तो झारखंड में चेक डैम का ज्ञान हमारे पूर्वजों को था। अभी डैम की स्थिति दयनीय है। सभी डैम में गाद काफी मात्रा में जमा है और इस कारण वाटर रिचार्ज नहीं हो पा रहा है। आलम यह है कि कांके डैम से महज 50 फिट दूरी पर बोरिंग फेल हो जा रहा है। वहां पानी का स्तर 700 फीट से नीचे चला गया है।

डॉ नीतीश प्रियदर्शी, पर्यावरणविद।

नगर निगम का काम तालाब को साफ कराना होता है। तालाब को बचाने का बेहतर प्रयास स्थानीय लोगों द्वारा किया जाना चाहिए। इसमें यदि किसी का निजी तालाब है, तो वह उसे बेचे या उस पर निर्माण कार्य करे, यह उसके स्वविवेक पर निर्भर करता है।

- अमित कुमार, नगर निगम प्रशासक

महावीर प्रसाद व गिनीया देवी की स्मृति में पनशाला का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली, शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में सोमवार को दोपहर 12:30 बजे परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 108 श्री सदानंद जी महाराज जी के परम भक्त शिष्य महावीर प्रसाद और गिनिया देवी अडुकिया की स्मृति में स्थायी ठंडे पानी की पनशाला (प्याऊ) का उद्घाटन हुआ। पुरोहितों ने विधि विधान से पूजा कराकर पनशाला का शुभारंभ किया। मीरा देवी एवं ओमप्रकाश अडुकिया ने अपने माता-पिता तथा पौत्र तरुण अडुकिया, पौत्रवधू स्वाति अडुकिया एवं पौत्री मनीषा अडुकिया ने इस पनशाला की शुरुआत की है। श्रीकृष्ण प्रणामी संस्था की वरिष्ठ सदस्या विद्या देवी अग्रवाल एवं उर्मिला पाड़िया ने स्थायी वाटर कुलर (ठंडे जल की पनशाला) के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथि मीरा देवी अडुकिया, मनीषा अडुकिया, स्वाति अडुकिया को भगवान राधा-कृष्ण की तस्वीर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

जमीन कारोबारी से सोने की चेन और 50 हजार रुपये की लूट

रांची। रातू थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के पास जमीन कारोबारी संतोष कुमार दुबे से 15 ग्राम सोने की चेन और 50 हजार रुपये लूट लिए गए। पीड़ित कारोबारी ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जमीन कारोबारी संतोष कुमार दुबे ने पुलिस को बताया कि वह अपने रिलेटिव की पांच एकड़ जमीन बेचने के लिए आया था। दो युवक उसके पास पहुंचे और जमीन खरीदवाने और बेचवाने को लेकर बात की। साथ ही कहा कि हमें कमीशन कितना मिलेगा। बातचीत के क्रम में ही एक युवक ने जमीन कारोबारी के सिर पर हमला कर दिया और रुपये और सोने की चेन लेकर फरार हो गए। डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में

ड्रोन से मकानों की छत का किया गया निरीक्षण

जांच के दौरान 8 मकानों की छत पर मिले ईंट और पत्थर

ईंट-पत्थर हटाने का दिया गया निर्देश, बांड भी भरवाया गया

सीसीटीवी के जरिये जुलूस पर रखी जाएगी कड़ी नजर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची में रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी क्रम में रामनवमी पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग में स्थित शहर के सभी मकानों की छतों का सोमवार को ड्रोन से निरीक्षण किया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में हिंदपीढ़ी और डेली मार्केट थाना क्षेत्र में ड्रोन से छत का निरीक्षण किया गया।

जुलूस में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन की ओर से सभी सावधानी बरती जा रही है। जुलूस के दौरान पत्थरबाजी न हो, इसे लेकर जुलूस मार्ग के सभी मकानों की जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से जांच की जा रही है।

जांच के दौरान आठ मकानों की छत पर ईंट और पत्थर मिला, जिसे हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, उनसे बांड भी भरवाया गया है। इसके अलावा, जुलूस मार्ग और विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए स्थानों का चयन किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि रामनवमी जुलूस पर निगरानी रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अस्थायी सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी कैमरों की मॉनीटरिंग कचहरी स्थित कंट्रोल रूम से की जाएगी। सीसीटीवी के जरिये जुलूस पर कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। सीसीटीवी के जरिये चिह्नित कर उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की जाऐगी। साथ ही, सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

रामनवमी आयोजन को लेकर श्री महावीर मंडल रांची ने बजरा क्षेत्र का किया दौरा

सभी रामभक्त अपने-अपने घरों में हनुमान ध्वज लगाए

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारियों ने सोमवार की सुबह 9 बजे श्री शिव हनुमान मंदिर बजरा के प्रांगण में रामनवमी आयोजन को लेकर क्षेत्र के रामभक्तों एवं आयोजकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बजरा में पारंपरिक रूप से रामनवमी की पूजा करने वाले गावों का दौरा किया तथा झंडे का वितरण भी किया।

बैठक में इस बात पर विचार विमर्श हुआ कि इस वर्ष रामनवमी के संपूर्ण कार्यक्रम तथा मुख्य शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ कैसे संपन्न हो। बैठक में श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने रामनवमी के त्यौहार को पूरी भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाने का अपील की। उन्होंने रांची के सभी रामभक्तों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों में हनुमान ध्वज लगाएं। कहा कि सभी लोग रामनवमी के दिन शोभायात्रा के समय का ध्यान रखें।

रवि कुमार पिंकू ने कहा कि रामनवमी 17 अप्रैल को है। रामनवमी के अवसर श्री महावीर मंडल रांची के नेतृत्व में निकलने वाली मुख्य शोभायात्रा का बजरा क्षेत्र ही स्टार्टिंग प्वॉइंट है। पुरानी परंपरा के अनुसार श्री महावीर मंडल रांची की मुख्य शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष तथा मंत्री ही करेंगे। अलग-अलग क्षेत्रों से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के अन्य पदाधिकारी करेंगे, ताकि समय का पालन करने में तालमेल बना रहे।

मंत्री दीपक ओझा ने लोगों से अपील की कि इस बार शोभायात्रा में डीजे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि डीजे की जगह लोग ज्यादा से ज्यादा झंडा एवं खेल का प्रदर्शन करें। समय का पालन अवश्य करें। श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारी सबसे पहले बजरा ग्राम बस्ती के पुजारी पाहन एवं उनके परिवार से मिल कर उन्हें पुरानी परंपरा के अनुसार एक हनुमान जी का झंडा देकर समय के पालन के लिए अनुरोध किया। इसके बाद सभी लोग बजरा श्री श्री शिव हनुमान मंदिर के रामभक्त से मिल कर उन्हें भी परंपरा के अनुसार पांच हनुमान झंडा देकर समय का पालन करने का अनुरोध किया। बैठक एवं क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, अन्नू कुमार एवं बजरा के ग्रमीण उपस्थिति थे।

पिपरटोली की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्रीय सरना समिति ने सरहुल शोभायात्रा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन झांकियों को सोमवार को पुरस्कृत किया। पिपरटोली की झांकी को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपया दिया गया। इन्होंने हासदा जंगल को झांकी में दर्शाया था। दूसरा पुरस्कार ग्राम विकास समिति मधुकम एवं 12 पड़हा जतरा ताड़ अखाड़ा कोचा कोकर को दिया गया।

इन्हें 50 हजार रुपया दिया गया। इन्होंने झांकी प्रकृति को दर्शाया था। तीसरा पुरस्कार कोकर चौक के छोटू मुंडा को दिया गया। इन्हें 25 हजार रुपये पुरस्कार दिया गया। इन्होंने आदिवासी की परंपरा संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी चीजों को झांकी मे दर्शाया था। सिरम टोली सरना स्थल पर सबसे पहले गुमला के सावरिया गांव की सुनील उरांव का टीम पहुची थी। उन्हें पांच हजार रुपये और धोती, गमछा और साड़ी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, पाहन भी सरना अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए गए।

सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा में आदिवासियों की परंपरा और संस्कृति दिखती है। तिर्की ने कहा कि सरहुल पर्व को हमलोग राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का काम करेंगे।

न्यूज बॉक्स

भक्तों के लिए खुला श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब के पूजा पंडाल का पट

रांची। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल का सोमवार को भव्य उद्घाटन हुआ और पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। इसका उद्घाटन सयुंक्त रूप से सुरेश साहू एवं अलोक साहू ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष शंकर दुबे एवं महामंत्री गोपाल पारिक ने किया। महासप्तमी तिथि में सोमवार को बेलवरण पूजा एवं नवपत्रिका प्रवेश दिन में 10:00 बजे किया गया। महासमिति के प्रवक्ता ने बताया कि 16 अप्रैल को मंगलवारी पर संध्या 7:00 बजे ढोल, नगाड़ा तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए भक्त महावीर चौक पहुंचेंगे। आगामी 18 अप्रैल को दिन में 03:00 बजे विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। उद्घाटन के वक्त सक्रिय रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय, राजीव रंजन मिश्रा, मंटू चौबे, दीपू सिंह, राजेश वर्मा एवं संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

पैरामेडिकल काउंसिल का जारी हुआ परीक्षा परिणाम, 2082 छात्र हुए उत्तीर्ण

रांची। पैरामेडिकल काउंसिल ने दिसंबर 2023 की परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी किया। रिजल्ट डॉ चंद्र किशोर शाही, निदेशक प्रमुख (स्वास्थ्य सेवाएं) और डॉ डीके सिन्हा, कार्यकारी निदेशक सह सदस्य सचिव, झारखंड पैरामेडिकल काउंसिल के समक्ष जारी किया गया। इस परीक्षा में 3470 डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के छात्र शामिल हुए थे, जिनमें 2082 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ एम दीपक लकड़ा, परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन व झारखंड पैरामेडिकल काउंसिल के अन्य सदस्य मौजूद थे।

श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण

रांची। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) ने रामनवमी के उपलक्ष्य में सोमवार को विभिन्न श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीरी पताका का वितरण किया। महावीरी पताका का वितरण अल्बर्ट एक्का चौक के पास अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में किया गया। शाम पांच बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न इलाकों के श्रद्धालुओं को 151 महावीर पताका दिए गए। समिति के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि महावीर पताका प्राप्त करने से पहले श्रद्धालुओं ने उसे अपने माथे से लगाया और श्रद्धा भाव से जय श्रीराम और बजरंग बली की जय के उद्घोष किया। पताका वितरण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल, विक्की कुमार, राजू काठपाल, बासु बेरा, रवि सिंह, विवेक कुमार, जिम्मी गुप्ता, मुकेश नायक, अनमोल सिंह, अरविंद कुमार, आलोक कुमार सिंह, शिल्पी कुमारी वर्मा, विनीता कुमारी, अमित रॉय, मंजुला बेरा, वीणा श्री, छाया वर्मा, रीता सेन, ममता वर्मा एवं सुनीता मेहता शामिल मौजूद थे।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न

रांची। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ संपन्न हो गया। रांजधानी रांची के विभिन्न तालाबों और नदी घाटों पर श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया। राजभवन के समीप हटनिया तालाब पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी ने चैती छठ किया था। एसएसपी पूरे परिवार और मित्र के साथ छठ घाट पहुंचे थे। छठ व्रतियों ने भगवान सूर्य को दूध और गंगाजल का अर्घ्य प्रदान कर और छठी माता की पूजा-अर्चना व हवन कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की।

ग्रामीण एसपी ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

रांची। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण एसपी ने चान्हो में मदरसा, मांडर में मुड़मा और सोसई आश्रम, बुढ़मू में उमेड़डा, चकमे और मतवे, रातु में हुरहुरी, नगड़ी में साहेब और नगड़ी मस्जिद और कांके में होचर और सुकुरहुटू सहित अन्य संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया है। साथ ही, इन जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित थाना प्रभारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भाजपा के अभेद्य किला में कांग्रेस का हुंकार, पूरे देश की है नजर

उपेंद्र गुप्ता । रांची । झारखंड का खूंटी जिला आदिवासी बहूल क्षेत्र है, जो अपने संघर्ष और विद्रोह के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज है। जिले के उलीहातू में ही धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है। खूंटी लोकसभा सीट का पूरा इलाका लगभग नक्सल प्रभावित है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र चार जिलों और 6 विधानसभा क्षेत्रों में फैला हुआ है। इस संसदीय क्षेत्र में खरसावां, तमाड़, तोरपा, सिमडेगा, खूंटी और कोलेबिरा विधानसभाएं आती हैं। संसदीय क्षेत्र और उसके सभी विधानसभा क्षेत्र भी आदिवासियों के लिए सुरक्षित है। जंगल और पहाड़ के कारण खूंटी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि भाकपा माओवादियों और पीएलएफआई उग्रवादियों ने इसे अपना शरणस्थली बना लिया, जिसके कारण यहां का विकास पूरी तरह बाधित हुआ, आज गरीबी, पिछड़ापन और पलायन यहां की सबसे बड़ी चुनावी मुद्दा बन गया है। 2024 लोकसभा चुनाव में एक बार कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने है, खूंटी में 13 मई को मतदान होगा, पिछली बार भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की बीच कांटे की टक्कर हुई थी, जिसमें अर्जुन मुंडा हारते-हारते किसी तरह 1445 वोटों से जीतने में सफल रहे, इस बार भी दोनों के बीच ही मुकाबला है, उसके पहले इस चुनाव में लोगों के मुद्दे को लेकर क्षेत्र के हर वर्ग से उनके मन-मिजाज टटोलने का प्रयास किया। प्रस्तुत है विस्तृत रिपोर्ट ...

गत चुनाव में कालीचरण ने दी थी कड़ी टक्कर

खूंटी लोकसभा भाजपा का अभेद्य किला माना जाता है। भाजपा के कड़िया मुंडा खूंटी से 8 बार सांसद रहे। इस समय अर्जुन मुंडा खूंटी के सांसद हैं, जो केंद्र में जनजातीय और कृषि मंत्री भी है। पिछली बार ने कांग्रेस से हारते-हारते किसी कर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस पार्टी के काली चरण मुंडा को मात्र 1445 वोटों के अंतर से हराया था। अर्जुन मुंडा को 2019 के चुनाव में 3,81,193 वोट प्राप्त हुए थे। जबकि कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को 381193 मत मिला था । जनता पार्टी की टिकट पर 1977 में कड़िया मुंडा पहली बार चुनाव जीते थे, इसके बाद वह भाजपा की टिकट पर लगातार 5 बार 1989, 1991, 1996, 1998 और 1999 जीत दर्ज की । 2009 और 2014 में भी उन्हें जीत मिली।

राजनीतिक चेतना जगाने की जरूरत : तनुश्री

खूंटी जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार का मानना है कि खूंटी की आदिवासी महिलाएं शारीरिक रूप से बहुत कर्मठ होती है, लेकिन उनमें फैसले लेने का आभाव होता है। जिसके कारण वे सारा काम करती है, बाहर जाकर कमाती भी है,परिवार चलाती है,खाना बनाती है, बच्चों को पालती है, पति को दारू के लिए पैसे भी देती है लेकिन रोज मार भी खाती है। वह विरोध नहीं कर पाती है,जागरूकता का उनमें काफी आभाव होता है, इसलिए वह परिवार में कोई भी फैसला नहीं ले पाती है। महिलाएं ही कुप्रथा और अँधविश्वास का शिकार हो रही है। नारी उत्थान की सभी राजनीतिक पार्टियां बात करती है, महिलाओं का वोट भी उन्हें चाहिए, लेकिन राजनीतिक रूप से आदिवासी महिलाओं को जागरूकता करने की पहल नहीं करते हैं। इसलिए सबसे पहले आदिवासी महिलाओं में राजनीतिक चेतना जगाने की जरूरत है।

पहले समाजसेवा के लिए होती थी राजनीति : कड़िया मुंडा

खूंटी लोकसभा सीट से 8 बार सांसद रह चुके भाजपा के दिग्गज नेता कड़िया मुंडा ने कहा कि पचास साल पहले और चुनाव के चुनाव में काफी अंतर है, पहले समाजिक मुद्दों पर लोग चुनाव लड़ते थे,उनमें समाज सेवा का भाव होता था, अब टिकट लेकर सांसद-विधायक बनना और फिर मंत्री बनना लोगों की प्राथमिकता रह गई है। गांव में विकास हुआ है, लेकिन समस्याएं खत्म नहीं हुई है, स्कूल भवन है शिक्षक नहीं,बिजली खंभा है, बिजली नहीं,चापाकल है, पानी नहीं। ऐसे कई समस्याओं से लोग आज भी जुझ रहे हैं। अलग झारखंड राज्य बने दो दशक हो गए, लेकिन किसी मुख्यमंत्री ने नई सोच के साथ राज्य को आगे बढ़ाने में पहल नहीं की, जिसके कारण भ्रष्टाचार शासन और प्रशासन पर हावी हो गया। आज सबकुछ बदल गया है, अखबार और टीवी के साथ सोशल मीडिया का जमाना है।

जयपाल सिंह मुंडा तीन बार सांसद बने

देश के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा झारखंड पार्टी के टिकट पर 1952, 1957 और 1962 के चुनाव में सांसद चुने गए थे।1967 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव

जीते, लेकिन 1971 और 1980 में यह सीट झारखंड पार्टी के निरल एनेम होरो यहां से सांसद बने। 1984 में कांग्रेस पार्टी के साइमन टिग्गा ने जीत दर्ज की।

सड़क किनारे फल बेचने वाली एक महिला सुकुरमनी देवी कहती है कि वे पीएम मोदी को वोट करेगी,मोदी के कारण उन्हें कई केंद्रीय योजना का लाभ मिला है, खूंटी में मोदी के आने से काफी प्रभावित दिखी।

खूंटी बाजार में ही इलेक्ट्रिक रिक्शा चलाने वाले गणेश तांती ने बताया कि उस भी केंद्रीय योजना का लाभ मिला है, पीएम मोदी तीसरी बार पीएम बने, इस लिए भाजपा को ही वोट देगा।

एनएच -75 मार्ग पर खूंटी बाजार से दूर फूदी गांव के एक चाय वाले चामू महतो ने कहा कि उसके गांव में कई लोगों को फ्री राशन, पीएम आवास,शौचालय,आयुष्मान कार्ड मिला है, लेकिन हर घर नल जल योजना पूरी तरह विफल है।

रांची-चाईबासा एनएच-75 मार्ग में खूंटी बसा है, जहां लोग रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या से परेशान हैं, इसके लिए यहां के लोग की वर्षो से एक बाई पास सड़क की मार्ग कर रहे हैं, हालांकि बाईपास सड़क का शिलांयास केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने कर दिया है, लेकिन उस पर काम शुरू नहीं हो सका है। एनएच 75 के किनारे एक शानदार रेस्टोरेंट के मालिक विमल कुमार जायसवाल ने बताया कि 2024 में भी बाई पास सड़क का ही स्थानीय मुद्दा प्रमुख है, लेकिन यह देश का चुनाव है इसलिए राष्ट्रीय मुद्दा पर भी लोग मतदान करेंगे, विमल ने बताया कि मतदान करना पूरी तरह से निजी हो,इसलिए वे किसी का नाम लेकर कुछ नहीं बता सकते हैं। रोजगार की बात पर युवा व्यवसायी ने कहा कि रोजगार भी जरूर ज्वलंत मुद्दा है,वे एक बड़ी मोबाइल नेटवर्क कंपनी में काम करते थे, लेकिन नौकरी में अच्छी नौकरी छोड़ कर अपना व्यवसाय शुरू किया है।

उलगुलान न्याय महारैली की सफलता के लिए तीन समितियों का गठन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

इंडी गठबंधन ने 21 अप्रैल को रांची में आहूत उलगुलान न्याय महारैली की सफलता के लिए तीन समितियों का गठन किया है। जिसमें आयोजन समिति, स्वागत समिति और मीडिया समिति का गठन किया गया है। इस समिति में इंडी गठबंधन के नेता,विधायक सांसद और मंत्री को शामिल किया गया है। आयोजन समिति में कई मंत्री और विधायक शामिल हैं।जिसमें मंत्री बैजनाथ राम, दीपक बिरूआ, बेबी देवी, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, विधायक विकास सिंह मुंडा, राजेश कच्छप, पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य,नंद किशोर मेहता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रवींद्र सिंह, अजय नाथ शाहदेव, अमूल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, , गौतम सागर राणा, रंजन कुमार, कुमार वरूण, सुदामा खलखो, नरेंद्र चौबे, सौरभ श्रीवास्तव आदि शामिल हैं। जबकि स्वागत समिति में मंत्री दीपक बिरूआ, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, सांसद सरफराज अहमद, विजय हांसदा, महुआ माजी, विधायक सविता महतो, सुदिव्य कुमार सोनू, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राजू गिरि, अनवर अहमद अंसारी, विनय सिन्हा दीपू, मंजूर अंसारी, गुंजन सिंह, तनवीर आलम, अभिलाष साहू, अभीजित राज, केदार पासवान, अनिता यादव, आबिद अली, शुभेंदू सेन, समर सिन्हा, डीएन सिंह, अजय भगत शामिल हैं। प्रेस-मीडिया समिति में झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज कुमार पांडेय, राकेश सिन्हा, सतीशपाल मुंजनी, कैलाश यादव, विनोद लहरी, सईद अख्तर, ओंकार नाथ जायसवाल शामिल हैं।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन झारखंड को पूरे देश में 9वां रैंक

रांची। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर राज्य को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खुशी जताते हुए प्रदेश की जनता को बधाई दी है। सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लिखा, बधाई झारखंड! झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं एवं उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत चलने वाले ₹श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। आप सभी के सहयोग से, झारखंड की आम जनता की सेवा एवं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का हमारा अभियान जारी रहेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के अलग-अलग मापदंडों के आधार पर जो रैंकिंग तय की है, उसमें पहले स्थान पर तमिलनाडु, फिर मिजोरम, तेलंगाना जैसे राज्य हैं। इसके अलावा झारखंड से आगे कर्नाटक, पंजाब, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्य हैं। गुजरात दसवें पायदान पर जबकि ओडिशा 19वें स्थान पर है।

मोदी की गारंटी पर देश को पूरा भरोसा : मरांडी

हरमू रोड स्थित मारू टॉवर में भाजपा के मीडिया सेंटर का किया गया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हरमू रोड स्थित मारू टावर में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने भरोसा जताया कि भाजपा के संकल्प-मोदी की गारंटी पर झारखंड के लोग भी चुनाव में भरोसा जतायेंगे। इस दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता स्वीकार करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पार्टियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं, मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया, जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ा। पैसे के अभाव में इससे इलाज अब नहीं रुकता। इसे और विस्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने 70 साल पूरा करने वाले या इससे अधिक के सभी वर्ग के लोगों को भी इसका लाभ देने की बात की है। बीमार होने के बाद उनका इलाज नहीं हो पाता था, उन्हें भी लाभ मिलेगा। 10 वर्ष में चार करोड़ से अधिक आवास दिया। आने वाले समय में और तीन करोड़ लोगों को आवास सरकार देगी। इस तरह से सबको अपना घर देने की तैयारी है। फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की तैयारी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री अन्न योजना, सहकारिता नीति लायेंगे। स्वनिधि स्कीम से गांवों में 50 हजार का कर्ज मिलेगा। मरांडी ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा। इसके जरिये हमारे जनजातीय समाज से जुड़े नायकों, महापुरुषों को और सम्मान मिलेगा। देश में तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाना है। 5000 किमी रेल पटरियां बिछायी जा रही हैं। पिछले 10 वर्षों में देश में रेल, हवाई सेवा, सड़क निर्माण कार्यों का विस्तार हुआ है। दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता मिलेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन प्लान भी महत्वपूर्ण है। मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जा रहा है। मोहनपुर गांव में सांसद गीता कोड़ा पर हमला मामले के सवाल पर मरांडी ने कहा कि यह झामुमो नेताओं की हताशा है। उन्होंने हार मान ली है इसलिए हमारे उम्मीदवारों को जगह-जगह रोक रहे हैं।

जनहित में जरूरत पड़ी तो संविधान में बदलाव संभव : प्रतुल शाहदेव

रामगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने गिनाई 10 वर्षों की उपलब्धि

रामगढ़ । भाजपा ने मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र जारी किया। इसके बाद झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव सोमवार को रामगढ़ पहुंचे और मोदी की गारंटी वाले वादों की सूची जारी की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 400 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के संविधान बदलने वाली टिप्पणी पर भी अपनी प्रतिक्रिया रखी। उन्होंने कहा कि जनहित में जब भी जरूरत पड़ी है संविधान में बदलाव हुआ है। जनहित में जरूरत पड़ेगी तो संविधान में बदलाव भी संभव है। भाजपा पीछे नहीं हटेगी। यूसीसी कानून भी उसका एक उदाहरण है। देश में दो संविधान के पक्षधर हम नहीं हैं। आज शरियत कानून लागू है और कांग्रेस उसकी हिमायती है। हम उस कानून से ऊपर उठकर सभी जनता को एक समान अधिकार देना चाहते हैं।

भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी मिला है महत्वपूर्ण स्थान : अर्जुन मुंडा

खूंटी। भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। वर्ष 2025 में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को हमारी आनेवाली सरकार देश भर में बिरसा मुंडा के नाम पर ह्यजनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनायेगी। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। भाजपा के संकल्प पत्र ने जनजातीय समुदाय का मान-सम्मान बढ़ायाया है। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कही। मुंडा सोमवार को खूंटी में विधानसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी के माध्यम से आनेवाले पांच वर्षों में क्या-क्या महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, उसका रोडमैप जनता के समक्ष रखने का काम किया है। साथ ही संकल्प पत्र के माध्यम से यह भी बताने की कोशिश की गयी है कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चहुंमुखी विकास हुआ है। इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने जनता के जनादेश पर खरा उतरते हुए पार्टी के घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के रूप में स्थापित किया और एक नई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कसौटियों पर खरा उतरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2024 में अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए अपने संकल्पों को दोहराते हुए भाजपा ने अगले पांच सालों में देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्रबिंदु में रखते हुए देश के विकास को रेखांकित करने और सुनिश्चित करने का काम किया है।

न्यूज बॉक्स

भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आजसू नेता सुदेश महतो ने की मुलाकात

रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आजसू नेता सुदेश कुमार महतो से उनके कांके रोड स्थित आवास में मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनाव के सभी पहलू पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए। चर्चा के दौरान सहमति बनी। कि चुनाव को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा। साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा और एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी।

भाजपा के झूठ,फरेब और धोखाधड़ी का पदार्फाश होगा महारैली में : कांग्रेस

रांची। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा के झूठ,फरेब, धोखाधड़ी का पदार्फाश जनता के सामने किया जाएगा। जारी एक बयान में कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से भाजपा पूरे देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों में उलझा कर भी देश की मूल समस्याओं बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान नहीं भटका सकी है और जनता प्रधानमंत्री मोदी से अपनी बदहाली के हिसाब मांग रही है। श्री शांति ने कहा कि एक बार फिर देश के सामने मोदी साहब की जुगल जोड़ी लोक लुभावना घोषणाओं की बाढ़ लेकर आए हैं जिसे बीजेपी संकल्प पत्र रहती है और इसे मोदी की गारंटी का नाम दिया गया है।

हाई कोर्ट ने हेमंत को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण वापस लेने का दिया निर्देश

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद करीब 40 घंटे से अधिक समय तक ट्रेसलेस रहने को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में याचिकाकर्ता के आग्रह को देखते हुए जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने याचिका वापस लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि ईडी ने हेमंत सोरेन को मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वह अभी बिरसा मुंडा जेल में ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए अब इस याचिका की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद ट्रेसलेस रहने को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर सोरेन को ढूंढ कर सामने लाने का अदालत से आग्रह किया था।

हाई कोर्ट ने बाबूलाल के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में सिमडेगा थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया पर बाबूलाल मरांडी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने छह थाना सिमडेगा, रामगढ़, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा की जमानत याचिका खारिज

रांची। खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा को झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने मुंडा की क्रिमिनल अपील पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने जुनास मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को मुंडा को गैंगरेप मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गैंगरेप का यह मामला जून 2018 का है। आदिवासियों का पत्थलगड़ी आंदोलन चल रहा था। उस समय एक एनजीओ से जुड़ी पांच महिलाएं कोचांग गांव में जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक करने गई थीं। उस दौरान उन्हें अगवा कर गैंगरेप किया गया था। निचली अदालत ने फादर अल्फांसो को घटना का साजिशकर्ता माना था। इस मामले में फादर अल्फांसो के अतिरिक्त जॉन जोनस टुडू, बलराम समद, बाजी समद उर्फ टकला, जोनास मुंडा, अजूब सांडी पूर्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : लक्ष्मीकांत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की आगामी भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये पार्टी के पक्ष में मतदान का आग्रह करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को अपना योगदान देने की बात कही।

सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी स्थानीय कार्यकर्ताओं की : कर्मवीर सिंह



प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोर्चा की ओर से बनाए गए लोकसभा के प्रभारी सभी विधानसभा में मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक करने, गावों में किसानों के साथ बैठक करने, लाभार्थियों के साथ बैठक कर उनके लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताने की बात कही। उन्होंने सभी को प्रभावी किसानों की सूची बनाकर उनका सम्मेलन एवं किसान सभा आयोजित कर मोदी सरकार की देशहित एवं जनहित में किये गये कार्यों को बताने का टास्क दिया। साथ ही उन्होंने मोर्चा के कार्यकताओं से मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर भी सहयोग करने की बात कही। प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने सभी लोकसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास में लग जाने की बात कही एवं संगठन के निदेर्शानुसार विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी से अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही मोर्चा के सभी कार्यकताओं से स्थानीय स्तर पर भी सहयोग कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान की बात कही।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने एडीजी से की मुलाकात

रांची । सिंहभूम के भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर रविवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान हमले को लेकर भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को एडीजी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी के खिलाफ नाराजगी भी जताई, भाजपा नेताओं ने कहा कि डीजीपी समय देकर भी अपने कार्यालय से मीटिंग का हवाला देकर अनुपस्थित रहे। एडीजी को सौंपे ज्ञापन में गीता कोड़ा ने कहा है कि रविवार को सरायकेला खरसावां जिले के मोहनपुर गांव में पहुंची थी। जहां पहले से ही लाठी-डंडे से लैस झामुमो के कार्यकताओं और समर्थकों ने में मुझे और मेरे पार्टी के कार्यकर्ता को चारों ओर से घेर लिया। मेरे ऊपर हमला भी कर दिया। भाजपा महिला और पुरुष कार्यकर्ता को गंभीर चोट लगी। इधर, झारखंड पुलिस मुख्यालय ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि डीजीपी पहले से निर्धारित कार्यक्रम के तहत अन्यत्र गए हुए थे। उनके निर्देश पर ही एडीजी मुख्यालय ने ज्ञापन स्वीकार किया है।

एक नजर

झरपो में सिंचाई के लिए लगे सोलर पैनल की चोरी

टाटीझरिया। टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो सियारी टांड में मुकुंद कुमार देव के बारी में सिंचाई के लिए लगे सोलर पैनल की चोरी रविवार रात को हो गया। मुकुंद देव ने बताया कि यह सोलर पीएम कुसुम योजना के द्वारा लगाया गया था जिससे हम किसान सिंचाई का कार्य करता था। रविवार रात लगभग नौ बजे तक सिंचाई करके घर आया और सुबह जाने पर देखा कि सोलर है ही नही। काफी खोजबीन करने के बाद भी नही मिला।

अग्रसेन डीएवी के विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

कुजू। अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को प्रातः कालीन सभा में पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें 11 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 22 विद्यार्थियों ने रजत पदक व 44 विद्यार्थियों ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य सह एआरओ जोन एफ निशिकांत कर ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया। अपने आशीर्वचन में उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भावी भविष्य हैं।

कंटेनर ने गैस टैंकर को मारी टक्कर चालक घायल

रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार फ्लाईओवर के पास रात करीब 12 बजे एक कंटेनर ने अपने आगे चल रहे गैस टैंकर को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कंटेनर का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। कंटनेर में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के कारण करीब दो घंटे तक रांची-पटना एनएच 33 दोनों तरफ से जाम रहा। घटना के बाद सिलेंडर ले जा रहे ट्रक ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए किसी तरह अपने वाहन को वहां से हटा लिया।

रामनवमी पर्व को लेकर हुई अनुमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक

सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें : एसडीओ

उत्पाद विभाग को अवैध रूप से हो रही शराब खरीद बिक्री पर नियंत्रण करने का दिया गया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। बरही
रामनवमी पूजा को लेकर बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय बरही में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय भगत, कार्यपालक दण्डाधिकारी दीपा खलखो, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी सहित अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ व इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी के साथ सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीओ ने सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने का निर्देश दिया। जिससे रामनवमी पूजा बरही अनुमंडल क्षेत्र में शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराया जा सके। अग्निशामक विभाग के पदाधिकारियों को पूजा एवं मेला अंतराल में हमेशा अलर्ट मोड़ में रहने की जिम्मेवारी दी गई। उत्पाद विभाग को अवैध रूप से हो रहे शराब खरीद बिक्री पर नियंत्रण करने का निर्देश दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी को भी पूजा के दौरान अस्पतालों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की बात कही गई। पुलिस प्रशासन को संवेदनशील जगहों पर पैनी नजर रखने के साथ, जुआ अड्डो पर नजर रखने की बात कही गई। पेयजल विभाग को जगह जगह पर शुद्ध पीने का पानी व्यवस्था करवाने को कहा गया। बिजली विभाग को समय से बिजली काटने एवं समय से बिजली देने की बात कही गई ताकि लोगो को किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न ना हो। इसके अलावा एसडीओ ने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है, जिसका अनुपालन करने का जिम्मेवारी पुलिस प्रशासन को दिया गया।

अनुराग मिश्रा ने थामा आजसू का दामन

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
उद्यमी कौशल के लिए प्रसिद्ध एवं गो-कार्टिंग, पेंटबॉल, बंगी इजेक्टर, जैसी विभिन्न रोमांचक गतिविधियों का एक अनूठा और व्यापक संयोजन प्रस्तुत करता 8३ँ माइल स्टोन के संस्थापक अनुराग मिश्रा आजसू पार्टी की विचाराधरा और पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के विचारों से प्रभावित होकर औपचारिक तौर पर बीते शनिवार को आजसू में शामिल हो गए। बता दें कि हजारीबाग स्थित शिवम बैंक्वेट हॉल में आयोजित आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारी सम्मेलन में पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने आजसू का पट्टा पहनाकर अनुराग मिश्रा को पार्टी में शामिल कराया। इस मौके श्री महतो ने कहा कि अनुराग जैसे प्रतिभाशाली युवा की पार्टी में बहुत जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी की गतिविधियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अनुराग जैसे युवा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वहीं आजसू में शामिल होने के बाद अनुराग मिश्रा ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

कौन हैं अनुराग मिश्रा

अनुराग मिश्रा अभिनेता के तौर पर बॉलीवुड के कुछ महत्वपूर्ण फिल्मों में काम किया है। अनुराग की पढ़ाई दिल्ली, बंगलुरु जैसे बड़े शहरों से हुई है। फिलहाल अनुराग रांची के 8३ँ माइल स्टोन के सृजनात्मक संस्थापक हैं। अनुराग को उद्यमी कौशल के लिए प्रसिद्ध रांची के उद्यमिता अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अनुराग की नवाचार की प्रेरणा और उनकी तेज व्यावसायिक समझ उनके उद्यमों में प्रत्यक्ष होती है।

न्यूज बॉक्स

क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, भगत सिंह हाउस बना विजेता

बरही। लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शिक्षिका रश्मि टोप्पो, दिलेश्वर प्रसाद, विजय कुमार दास व अताउल्लाह अंसारी ने निभाया। प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा हाउस के लीडर शिक्षक विक्रम प्रजापति, अम्बेडकर हाउस की लीडर शिक्षिका सुधा रश्मि, सिद्धू कान्हू के लीडर शिक्षक धीरेन्द्र कुमार, भगत सिंह हाउस के लीडर शिक्षिका रश्मि द्विवेदी ने अपने अपने हाउस को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम भगत सिंह हाउस द्वितीय अम्बेडर हाउस, तृतीय बिरसा मुंडा हाउस व चतुर्थ पर सिद्धू कान्हू हाउस रहा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने कहा कि इस तरह की क्विज प्रतियोगिता से बच्चे चुनावी प्रक्रिया, लोकतंत्र में सरकार के चयन की पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आत्मसात करते हुए सामान्य ज्ञान की समझ विकसित करते हैं।

कोनहराकला में शतचंडी महायज्ञ को लेकर शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बरकट्ठा। प्रखंड के कोनहारा कला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विगत रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।वहीं जय माता दी और जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा कोनहारा कला के सभी गली मोहल्ले से गुजरते हुए बरकट्ठा अडवार से वापसी कर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया गया। यज्ञाचार्य गंगाधर शास्त्री और यज्ञाधिष बिरेन्द्र शास्त्री के मुताबिक नगर भ्रमण के दौरान माता आदिशक्ति प्रत्येक श्रद्धालु के घर पहुंचती है और सभी मानो कामना पूर्ण करती है। नगर भ्रमण के दौरान वैदिक अभिषेक शास्त्री, मुकेश शास्त्री, पप्पू शास्त्री,अनिल शास्त्री, यज्ञ समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव,जीवन यादव,राम अवतार यादव, श्यामलाल सिंह, महावीर यादव, मुकेश सोनी, सरयू प्रजापति, अरविंद यादव,नरेश यादव, मुकेश यादव,मनी यादव,टेकन प्रजापति, विनोद दास, छोटी दास, प्रकाश यादव, आशीष यादव, सुरेंद्र सिंह , रामजी पासवान, प्रदीप पासवान, द्वारिका यादव, राजेश यादव, विकास यादव समेत आदि लोग शामिल थे।

भामाशाह जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

हजारीबाग। सोमवार को इंद्रलोक टावर में जिला तैलिक समाज की एक बैठक राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव नारायण साव द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य भव्य रूप से भामाशाह जयंती मनाने को लेकर और शंकर साव द्वारा समाज के नाम से आवेदन देकर घर बंटवारा को लेकर दोनों पक्ष को बुलाया गया था। बैठक में उपस्थित लोगों ने 23 अप्रैल को इंद्रलोक टावर में ही दानवीर भामाशाह जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस जयंती में समाज के जिला इकाई और प्रखंड के सभी लोगो को आमंत्रित किया गया है। शंकर साव द्वारा दिए आवेदन में आगे भवन बटवारा करने के पहले चार लोगों की कमिटी बनाई गई है। कमिटी उस मकान पर जाकर भ्रमण करेगी, जिसके बाद कमिटी इस पर बैठ कर फैसला करेगी और मकान बटवारा करेगी। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव, उपाध्यक्ष नारायण साव, मीडिया प्रभारी हेमराज कुमार साव, खिरगांव अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, महिला अध्यक्ष रेणुका साहू, कपिल देव प्रसाद, दिलीप प्रसाद साव, आर के साहू, फैसले में शामिल प्रथम पक्ष शंकर साव व दूसरा पक्ष भोला साव उपस्थित हुए।

महाअष्टमी आज, संधि बलि पूजा शाम 4:17 बजे

टाटीझरिया । टाटीझरिया प्रखण्ड में बासंतिक दुर्गा पूजा झरपो, बेडमक्का,और होलग में हो रही है महासप्तमी पूजन के साथ मा दुर्गे का पट खुला।पट खुलते ही दुर्गा मन्दिरो में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी झरपो में माता रानी के भक्त नवपत्रिका स्नान के लिए गाजे बाजे शंख ध्वनि के साथ आचार्य महेंद्र पंडा ज्योतिष पंडा गंगाधर पंडा चतुर्भुज पांडेय, विकास पांडेय छोटी ठाकुर और बननी राम झरपो खुटाहि तालाब में नवपत्रिका का स्नान होलंग में आचार्य गोपाल पंडा शंकर पंडा और बेडमक्का में रामचंद्र पांडेय और अन्य के द्वारा पूजा अर्चना कर स्नान ध्यान कर वापिस मन्दिर में स्थापित कर पूजा अर्चना कलश स्थापना ,मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा किया गया आरती और प्रसाद का वितरण के साथ महा सप्तमी पूजा समाप्त हो गई आज महा अष्टमी पूजा है माता रानी का अष्टम रूप महागौरी देवी का पाठ पूजा होगी और संध्या समय आज शाम में 4:17 बजे संधि बलि होगी।

झरपो मार्ग में बिजली तार की हुई मरम्मत

टाटीझरिया। रामनवमी पूजा को लेकर बिजली सुचारू रूप से दिए जाने और क्षेत्र के कई गांवों से मेला परिसर तक झांकी ले जाने में कोई परेशानी ना हो इन समस्याओं के समाधान को लेकर बिजली विभाग क्षेत्र में सक्रिय होकर काम कर रहा है। झरपो बुध बाजार प्रांगण में रामनवमी पूजा के अवसर पर अमनारी, नारायणपुर, झरपो,भराजो, गोधिया, जरगा समेत अन्य कई गांवो से झांकी आती है। झांकी आने वाले रास्ते पर तार झुलता हुआ रहता था। जिसके कारण कई तरह से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। सबंधित मामले को लेकर हजारीबाग नगर भवन में आयोजित शांति समिति की बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने डीसी और विभाग के लोगों को तार दुरूस्त करने एवं मेला में पेयजल की व्यवस्था कराने का ध्यान आकृष्ट कराया । रविवार देर शाम तक विभाग के महेश प्रसाद,देवगंगा प्रसाद,अरूण कुमार के द्वारा अमनारी जोभिया पर एवं नारायणपुर में तार की मरम्मती किया गया।

यूथ विंग की 251 किलो लड्डू महाभोग प्रसाद के वितरण की तैयारी पूरी

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी पर्व को लेकर जहां पूरा हजारीबाग भगवा मय हो चुका है तो वहीं तीसरी बार हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा राम नवमी (17 अप्रैल) के पावन पर्व पर 251 किलो लड्डू का वितरण किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। ढोल नगाड़ों के साथ प्रभु श्री राम को सवा पांच किलो की एकमात्र लड्डू से भोग लगाया जाएगा। साथ ही एक अलौकिक राम दरबार बनाया जा रहा है। पूजा अर्चना के उपरांत सभी राम भक्तों एवं हजारीबाग की आम जनता के बीच लड्डू महा भोग का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी सहित कई लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की यह कार्यक्रम हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा तीसरी बार आयोजित किया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से यूथ विंग के तमाम सदस्यों को काफी ऊर्जा मिलती है। प्रभु श्री राम की कृपा से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी सदस्य एकजुटता के साथ कार्य कर रहे हैं।

योगासन चैंपियनशिप में हजारीबाग के 6 खिलाड़ियों ने लहराया जीत का परचम

जिला परिषद पार्क में योग संघ द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
जमशेदपुर में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में हजारीबाग जिले के छह खिलाडियों ने जीत का परचम लहराया है।दो खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान, एक खिलाड़ी ने द्वितीय तथा एक खिलाड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दो को कॉन्सुलेशन प्राइज मिला।डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित जिला परिषद पार्क में जिला योग संघ द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग जिला योग संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता तथा संरक्षक भैया मुरारी सिन्हा ने सभी को शॉल ओढाकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस चैंपियनशिप में खिलाड़ी शत्रुंजय कुमार व अभिषेक सिंह को 30 से 40 आयु वर्ग में क्रमशः प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। खिलाड़ी विकास कुमार दास को 27-30 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी आयु वर्ग में महिलाओं में एकता कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। खिलाडी मधुबाला, सीमा कुमारी एवं बसंती कुमारी को कंसोलेशन प्राइज मिला। इस उपलब्धि को प्राप्त करने में हजारीबाग के कोच ज्ञानोदय कुमार का अहम योगदान दिया। बधाई देने वालों में योग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रुचि कुजूर, उपाध्यक्ष अनुप राजेश लकड़ा, अशोक सिंह, रीना सिंह, बहादुर राम, महासचिव रवींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रेणु कुमारी, आचार्य कौटिल्य, शीला सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

पुराने रास्ते से जुलूस निकालने की नहीं अनुमति, झुरझुरी में नहीं मनेगी रामनवमी

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पुलिस प्रशासन एवं झुरझुरी गांव के ग्रामीणों के साथ रामनवमी पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बरही एसडीओ जोहन टूडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि मुझे पुराने रास्ता से ही रामनवमी जूलुस घुमाने की अनुमति दें, क्योंकि पूर्व से ही इस रास्ते का लाइसेंस प्राप्त है। बीच कोरोना को लेकर यह जूलुस नहीं निकला था। इस पर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल जिस रास्ते से आप जूलुस निकाले थे उसी रास्ते से जूलुस निकाले। आपके द्वारा बताए जा रहे मार्ग पर जूलुस निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बैठक में निर्णय नहीं होने पर ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग रामनवमी का त्योहार झुरझुरी गांव में नहीं मनाएंगे। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इस गांव के लोग वोट का वहिष्कार करने का निर्णय ले सकते हैं।

रामनवमी महासमिति ने निकाली भव्य नगर शोभायात्रा

जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा शहर

शोभायात्रा में शहर के कई गण्यमान्य लोगों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कई नेता शामिल हुए

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
सोमवार को नवरात्रि के सतमी के दिन भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद एवं रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव के संयुक्त रूप से बुढ़वा महादेव प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए एक निर्धारित स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में आगे आगे नारी शक्ति स्वरूप बहाने बुलेट पर सवार होकर चल रही थी उसके पीछे राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के द्वारा अपनी विशेष प्रस्तुति दी जा रही थी। राष्ट्रीय कलाकार उज्जैन सहित कई अन्य राज्यों से हजारीबाग की पावन धरती पर अपनी प्रस्तुति और अपना अलग अंदाज पेश करने के लिए पहुंचे थे साथ ही स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही थी। जिसके पीछे सैकड़ो की संख्या में पुरुष,महिलाएं भगवा झंडा लिए कमद से कदम आगे बढ़ रहे थे। ढोल नगाड़ों के बीच युवाओं की टोली अस्त्र-शास्त्र का प्रदर्शन करते हुए भव्य शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बना रहे थे। शोभायात्रा में शामिल सभी कोई जय श्री राम का उद्घोष से लग रहे थे। शोभायात्रा में शहर के कई गणमान्य लोगों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कई नेता शामिल थे। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि राम भक्तों के विशेष सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से जिले तथा शहर में भक्ति भाव का माहौल जागृत होता है कलाकारों ने भी अपनी बेहद प्रस्तुति से लोगों का मनमोहित किया है स्थानीय कलाकारों ने भी आकर्षक प्रस्तुति दिए हैं।

पंडाल का पट खुलते ही भक्तों की उमड़ी भीड़, दुर्गाष्टमी आज

बरही । बसंती नवरात्र की सातवें दिन माता के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. इस अवसर पर देवचंदा मोड़, बरसोत आदि दुर्गा मंडप में मां की प्रतिमा का पूरी विधि विधान के साथ पूजा किया गया. माता के भक्तों ने मां से पूजा अर्चना किया और मनवांछित फल की कामना किया. इस अवसर पर दिन भर भक्तो की भीड़ उमड़ी रही. मंगलवार को दुर्गाष्टमी मनाया जायेगा. धनबाद रोड हनुमान मंदिर के पुजारी रतन पांडेय ने बताया कि सोमवार को पूर्वाहन 3.38 से अष्टमी प्रारंभ हो चुका है. परंतु उदयातिथि के कारण इसे मंगलवार को ही माना जायेगा. जो संध्या 4.17 बजे तक रहेगा. 4.17 में संधि पूजा का समय निर्धारित है. इसके बाद दुर्गाष्टमी करने वाले भक्त पारण कर सकते है. उसके बाद महानवमी प्रारंभ हो जायेगा. इधर महानवमी को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिख रहा है.

हजारीबाग में एनडीए प्रत्याशी ने बढ़ाई चुनावी सरगर्मी

भाजपा को मजबूत करने की अपील की

16 गांवों में सांसद प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हर दिन की भांति सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रामगढ़ जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत चितरपुर प्रखंड स्थित 11 पंचायतों के कुल 16 गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाकर और जनसंवाद कर भाजपा के पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मारंगमारचा, सोढ़ तेवरदाग, भूचूंगडीह, रजरप्पा प्रोजेक्ट चौक, सेवई उत्तरी, सेवई दक्षिणी, माइल, चितरपुर काली चौक, मनसा मंदिर सोनार मोहल्ला, केवट मोहल्ला, बड़की पोना, छोटकी लारी, छोटकी पोना, बोरोबिंग, बभनीडीह, सुकरीगढ़ा, पंडा टोली, लारी कलां, लारी, सुकरीगढ़ा अखरा टोला (करम अखरा) क्षेत्र में पदयात्रा करके और डोर-टू-डोर कैंपेन किया। इस दौरान हर गांव और क्षेत्र में तपती धूप में बड़ी संख्या में मनीष जायसवाल के स्वागत और समर्थन में उमड़ पड़े और फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर गाजे-बाजे के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया।

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सरगर्मी अब बढ़ता जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अहले सुबह से देर शाम तक क्षेत्र का दौरा के माध्यम से ताबड़तोड़ जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से चुनावी सरगर्मी बढ़ा दी है। उनका टिकट निश्चित होने के बाद से ही लगातार क्षेत्र में जनता के बीच बने हुए हैं। प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायतों के दर्जनों जगहों पर वे अपनी पहुंच बना रहें हैं और निर्धारित चुनावी कार्यक्रम के संचालन के उपरांत देर रात्रि तक सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में व्यक्तिगत रूप से शामिल होकर अन्य प्रत्याशियों को खूब परेशान कर रहें हैं। करीब 18-20 घंटे का उनका समय जनता के बीच बीत रहा है। सोमवार को मनीष जायसवाल ने कोयलांचल की धरती रामगढ़ जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र का दौरा 40 डिग्री सेल्सियस में किया। मनीष जायसवाल के समर्थन में इस प्रचंड गर्मी में भी लोग घरों से निकलकर न सिर्फ. उनका अभिनंदन कर रहें हैं बल्कि चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जता रहें हैं। मनीष जायसवाल ने केन्द्र में भाजपा को पुनः मजबूत करने की अपील की।

रामनवमी को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को एसपी आवासीय परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर विभिन्न अखाड़ा समिति के सचिव व सदस्यों के साथ प्रशासनिक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित अखाड़ा सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष सभी आखाड़ों के सदस्यों ने प्रशासन से बेहतर सहयोग व समन्वय के साथ रामनवमी पर्व को संपन्न कराया था। इस बार भी रामनवमी को लेकर लोगों के बीच हर्षोल्लास देखी जा रही है। उन्होंने कहा लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है इसलिए कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। उपायुक्त ने हर पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण रूप से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए त्योहार को मनाए। हजारीबाग की प्रसिद्ध रामनवमी के जुलूस निकालने के प्रशासनिक तैयारियों को उपायुक्त ने विस्तृत रुप से बताया। उन्होंने कहा गर्मी को देखते हुए जुलूस मार्गों पर पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, वहीं निःशुल्क शौचालय संचालित रहेंगे। महिलाओं के लिए भी अस्थाई शौचालय संचालित रहेंगे। वहीं अस्थाई मेडिकल केन्द्र लगाए जा रहे है। सभी सुविधाएं 24 गुणे 7 रामनवमी जुलुस के दौरान आमजनों के लिए उपलब्ध रहेगें। सभी अखाड़ों की नंबरिंग थानावार की जाएगी।

एक नजर

बानो में युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या जांच में जुटी जीआरपी

बानो। बानो थाना क्षेत्र के बानो भिखराटोली के समीप पूरी हटिया तपस्वनी एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार सुबह लगभग 9:35 बजे की है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भिखराटोली निवासी मुकेश महतो घर से कुछ दूरी पर पॉल संख्या 519/ 10- 11 के समीप जाकर तपस्विनी एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी होने। पर जी आर पी बानो के पुलिस घटनास्थल पर जाकर देखा व घटना की जानकारी बानो पुलिस को दी ।घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने घटनास्थल को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक के छोटे भाई का शादी था तथा रविवार को सभी बारात गये थे । लेकिन मुकेश महतो बारात नहीं जाकर घर में ही रहा सोमवार को लगभग 9 बजे बजे वह भिखरा टोली घर से निकला और रेल पटरी पर जाकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

एंबुलेंस के धक्के से बाइक सवार दो लोग घायल

सतगावां । थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एंबुलेंस चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। इसके बाद एंबुलेंस चालक ने हॉस्पिटल ले जाने के बहाने एंबुलेंस में बैठाया। इसके बाद कुछ दूर पर गंभीर बेहोशी और घायल अवस्था मे छोड़कर फरार हो गया। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। थाना क्षेत्र के ग्राम वैधडीह शराब दुकान के समीप में एंबुलेंस और बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायल व्यक्ति की पहचान 20 वर्षीय सुबोध कुमार, पिता- अनिल पंडित, ग्राम मीरगंज और 19 वर्षीय नीतीश कुमार, पिता- अशोक पंडित, ग्राम कुनौल, नवादा, बिहार के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति को एंबुलेंस ने टक्कर मारी और एंबुलेंस रोककर वाहन में घायल व्यक्ति को बिठाकर बासोडीह बाजार मरचोइ मोड़ निजी क्लीनिक के समीप घायल अवस्था में उतार दिया। इसके बाद ग्रामीण और पुलिस की मदद से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉ आशीष कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए कोडरमा रेफर कर दिया।

संविधान की रक्षा करना ही डॉ अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि : दिनेश

चंदवारा । बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रखंड के बिरसोडीह पंचायत अंतर्गत गारा गड़गी में दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब आंबेडकर और बाबा चौहरमल के चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता अजय दास ने की। मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने कहा कि आज धर्मनिरपेक्षता और संविधान की रक्षा करना ही डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

नया ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर कनीय अभियंता को सौंपा ज्ञापन

ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से अंधकार में डूबा बलसेरा

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमियां पंचायत के बलसेरा गांव के ग्रामीणों ने विद्युत कनीय अभियंता रामनंदन राम से मुलाकात की। साथ ही गांव में खराब ट्रासंफार्मर को बदल कर 25केवीए का नया ट्रांसफार्मर लागने के लिए विद्युत कनीय अभियंता रामनंदन राम को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा विद्युत कनीय अभियंता रामनंदन राम को जानकारी दिया गया की ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण एक सप्ताह से पूरा गांव अंधकार में है जिस कारण से अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इसलिए जल्द से जल्द खराब ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही ट्रांसफारमर से और दो फेज तार खींचने तथा बिजली वायरिंग में उत्पन्न समस्या को दूर करने की मांग की गयी है उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने के कारण राजकीय उच्च विद्यालय कोरोमियां में कम्प्यूटर क्लास, स्मार्ट क्लास एवं स्वास्थ्य केंद्र कोरोमियां भी प्रभावित हो रहा है। लोकसभा चुनाव हेतु इसी विद्यालय में मतदान केंद्र भी बनाया गया है। विद्युत कनीय अभियंता रामनंदन राम ने समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में हराचंद सिंह, दुर्योधन बड़ाईक, महेंद्र बड़ाईक, भरत सिंह, अशोक कुमार बड़ाईक, राजू लोहार, नवरतन सिंह, बसंत बड़ाईक, मदन सिंह, गोविंदा बड़ाईक, कुलदीप सिंह, भोला शंकर दास, पात्रिक डुंगडुंग, ईश्वर सिंह, सुखदेव बड़ाईक, रघु नंदन पात्र आदि शामिल थे।

ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का हुआ प्रथम रैंडमाइजेशन

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुआ। इस दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बैठक कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया समझाई गई। इसके बाद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों सिमडेगा-70 एवं कोलेबिरा-71 मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। जानकारी के अनुसार कुल 571 मतदान केंद्रों को 571 बीयू, 571 सीयू एवं 571 वीवीपैट का आवंटन किया गया। इसके अलावा 16% बीयू, 16% सीयू एवं 26 %वीवीपैट आरक्षित की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

चैत्र नवरात्र के मौके पर पूजा पंडालों में मां के दर्शन करने पहुंचे लोग

समाज में फैली अशिक्षा व कुप्रथा रूपी दानव का करना होगा नाश : आचार्य

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा चैत नवरात्र के मौके पर सोमवार को 9 पत्रिका प्रवेश के साथ शहर सलडेगा देवी गुड़ी एवं ठाकुरटोली में पंडालों के पट खुले जहां पर सातवें दिन मां के भक्तों ने मां के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। साथ ही घरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। इधर शहर के ठाकुर टोली व देवीगुडी सलडेगा में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवपत्रिका प्रवेश कराया। इसके बाद विधि विधान के साथ पूजा-अर्चन कराई गई। मां की महाआरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर आचार्य ने कहा कि मां दुर्गा ने पापियों का नाश करने के लिए दुर्गा का रूप धारण किया था। उसी प्रकार से हम सभी को भी समाज में फैली अशिक्षा व कुप्रथा रूपी दानव का नाश करना होगा। उन्होंने कहा कि वे जिला के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।इधर सलडेगा स्थित पूजा पंडाल में यजमान की भूमिका अशोक महतो निभा रहे हैं। वहीं पूजन का कार्य आचार्य शिवकुमार पाठक के द्वारा कराया जा रहा है। सलडेगा में बना भव्य पूजा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहले दिन माता के दर्शन के लिए पहुंचे। संध्या में महाआरती के दौरान हजारों लोग पहुंचे। आयोजन समिति ने प्रसाद के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

सलडेगा चौक से लेकर पूजा-पंडाल तक आकर्षक विद्युत लाइट से सजावट की गई है। तोरण द्वार भी बनाए गए हैं। विद्युत लरियों के प्रकाश से पूरा पूजा पंडाल जगमग हो रहा है। इधर ठाकुरटोली में भी पूजा-पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जहां शहर भर से लोग पहुंच रहे हैं।

रामनवमी को लेकर डीसी ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

रामगढ़। रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार द्वारा सभी को आगामी रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई वहीं उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। इसके साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मानाने की अपील की।

नवरात्र महोत्सव के मौके पर सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। बोलबा बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल मां वनदुर्गा मन्दिर में चैती दुर्गा पूजा सह वासन्तिक नवरात्र महोत्सव के मौके पर विभिन्न प्रकार के सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न। इस मौके पर अधिवास पूजन, संध्या आरती, दीप सजना, महारती, हवन- पूजन, पूणार्हुति, प्रसाद वितरण, भंडारा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नागपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन बाबा उमाकान्त जी महाराज एवं अन्य लोगों के द्वारा विधिवत पूजन के बाद किया गया। इस मौके पर चंदन दास, लक्ष्मण सिंह, सुहाना देवी, सोनी कुमारी, बरखा बड़ाइक, उर्मिला महंतो, खुशी कुमारी, सुकांति कुमारी, मांदर वादक हुलास महतो एवं डांसर राज आरके और रोहिणी, लिटिल स्टार म्यूजिकल ग्रुप के लोगो को आमन्त्रित किया गया था। इस मौके पर पुलिस प्रसाशन विभाग के बड़े अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं पुलिस बल ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था।

सिमडेगा एसपी कार्यालय में मासिक क्राइम गोष्ठी का हुआ आयोजन

एसपी ने रामनवमी व लोकसभा चुनाव पर की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सिमडेगा एसपी सौरभ की अध्यक्षता में एसपी कार्यालय सभागार में सोमवार को मासिक के क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया गया ।क्राइम गोष्ठी में जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे, जहां पर आगामी रामनवमी पर्व एवं लोकसभा चुनाव से संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर एसपी सौरभ ने कहा कि रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हो इसको लेकर सभी थाना क्षेत्र में विशेष रूप से पुलिस बल एवं विधि व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है, इसके अलावा रामनवमी में ड्रोन के माध्यम से पुलिस द्वारा नजर रखी जाएगी ,ताकि शरारती तत्व किसी प्रकार का कोई भी परेशानी उत्पन्न ना करें, इसके अलावा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन वाहन जांच तथा संवेदनशील जगहों पर भी नजर रखी जा रही है ताकि शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न हो सके। इसके अलावा जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी नजर रखी जा रही है ,ताकि जिले में विधि व्यवस्था बनी रहे।

मोदी सरकार ने तैयार की है विकसित भारत की नींव : अन्नपूर्णा

कोडरमा। केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को चाराडीह स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है। अगले पांच साल में व्यापक जनभागीदारी से विकसित भारत निर्माण की यात्रा को कैसे गति और दिशा दी जाए, इसी दृष्टि से भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसे भाजपा का संकल्प : मोदी की गारंटी 2024 नाम दिया गया है।

एकदिवसीय गैस वितरक मीट का हुआ आयोजन

एलपीजी की बिक्री बढ़ाने पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी इंडियन आयल एलपीजी गैस वितरकों की जिला मुख्यालय स्थित आशा होटल में एक दिवसीय गैस वितरक मीट का आयोजन किया गया। डिविजनल हेड रांची समीर सिन्हा, सहायक डिविजनल हेड आलोक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले में गैस बिक्री बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आपसी परिचय एवं डिविजनल हेड को बुके देकर किया गया। समीर सिन्हा ने कम्पनी के पायरामीटर में डिजिटल बुकिंग, डिजिटल पेमेंट, उपभोक्ताओं का ई केवाईसी, सुरक्षा चेक लिस्ट, होज पाईप रिप्लेसमेंट, आज की पहली प्राथमिकता है। कहा उपभोक्ताओं का ई केवाईसी करना अतिआवश्यक है, उपभोक्ता का ई केवाईसी नहीं होने पर गैस रिफिलिंग के बाद उज्जवला ग्राहक को 3 सौ 37 रूपए 76 पैसे एवं समान्य ग्राहक को 37 रूपए 76 पैसे मिलने वाली सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा। वैसे उपभोक्ता जिनका होज पाईप पांच साल पुराना हो गया हो उसे बदना अनिवार्य है ।सिमडेगा जिला मिनिस्टरी के द्वारा विशेष चिन्हीत किए गए जिलों में सिमडेगा एक है, यहां कुल उपभोक्ता के एवज में गैस रिफिल कम लोग कराते है?। सीएससी संचालक के साथ अनुबंध कर गांव स्तर में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं और गैस कीबिक्री बढाऐं। उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाएं, लोगों को गैस होने सुविधा व फायदेमंद का बताएं हर हाल अधिअतम गैस कि बिक्री में 10 प्रतिशत बढ़ाना है। मौके पर फिल्ड आफिसर तरुण कुमार सांवरिया, हर्ष रंजन चौधरी, गैस वितरक अनिता देवी अनिता इंडेन सिमडेगा, गोपीकान्त साहु जिया इंडेन टुकूपानी, मेनोन लकड़ा मेनोन इंडेन ठेठईटांगर, संजय अग्रवाल प्रतिक इंडेन लचडागढ, दिनेश साहु रक्षा इंडेन जलडेगा, अनुज श्रीवास्तव कुरडेग इंडेन कुरडेग, संतोष कुमार साहु करन इंडेन बानो का संचालक उपस्थित था।

वैष्णो देवी मंदिर में सजी माता की चौकी, भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

रामगढ़। झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में मंदिर परिसर में माता की चौकी सजा कर महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मंडली की भजन गायिका पुष्पा शर्मा, पूजा शर्मा, विद्या पाठक आदि ने गणेश वंदना से भजन कीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद महिला मंडली की गायिका ने एक स्वर में चवन्नी खो गई मैया, अठन्नी पा गई मैया, रंग दे रंग दे मैया अपने रंग में रंग दे, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत कर किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु महिला भक्त झूमने पर मजबूर हो गए और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए। मौके पर महिला मंडली के सभी सदस्यों को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव की मौजूदगी में पूजन कराया गया।

स्कूली बच्चों को पढ़ाया गया मतदाता जागरूकता का पाठ

जलडेगा। प्रखंड के राजकीय कृत उच्च विद्यालय टीनगिना में लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को पाठ पढ़ाया। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं को मतदान कैसे करें, मतदान का महत्व और कैसे लोगों को मतदान करें व मतदान के दौरान देने वाले प्रलोभन से बचने के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि एक मत कितना कीमती होता है इसलिए सोच समझकर अपने मत का उपयोग करना चाहिए ताकि चुना हुआ प्रतिनिधि अपने क्षेत्र का व देश का अच्छे से विकास कर सके। अक्सर चुनाव के समय मतदाताओं को प्रलोभन भी दिया जाता है, जिनसे ज्यादा बचकर रहना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग पैसे व चीजों के लालच में गलत व्यक्ति को अपना मत दे दिया करते हैं जिससे बाद में मतदाता को पछतावा होता है तो इन सब चीजों का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। वोटिंग करते वक्त भी वोटिंग मशीन में चिह्न को ठीक से देखकर बटन दबाए, कभी कभी लोग बिना ठीक से देखे बटन दबा दिया करते है जिससे उनका वोट किसी अन्य को चला जाता है।

न्यूज बॉक्स

जलडेगा में महिला समूह की दीदियों को मतदान के लिए किया गया जागरूक

जलडेगा। जलडेगा में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लीड्स संस्था द्वारा गांव गांव में मतदान जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सोमवार को लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार के नेतृत्व में झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी टीनगिना गांव के जागृति स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त मतदान के प्रति जागरूक किया गया। संस्था के समन्वयक ने बताया कि समाज के हर वर्ग की समस्याओं के समान रूप से निस्तारण व हर वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नीति नियंताओं का स्वच्छ छवि के साथ ही पारदर्शी होना जरूरी है। इसके लिए मतदान करते समय जाति, धर्म व संप्रदाय की संकीर्ण भावनाएं मतदाता के मन में नहीं होनी चाहिए। आमतौर पर अधिकांश महिलाएं मतदान के प्रति जागरूक नहीं रहती हैं। जबकि, कुछ महिलाएं अपने विवेक के बजाय परिवार के पुरुष सदस्यों की राय पर मत का प्रयोग करती हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वयं निर्णय लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। लिहाजा दूसरे के कहने पर अपने मत का प्रयोग करने के बजाय स्वयं के विवेक से मतदान करना चाहिए। इसके बाद महिलाओं को शपथ दिलाई गई की वे अपने गांव के आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करेंगे और 13 मई को अपना सारा काम छोड़कर पहले मतदान करने जायेंगे।

रामनवमी त्यौहार को लेकर बोलबा थाने में लाइसेंसधारियों की हुई बैठक

बोलबा। बोलबा थाना परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर लाइसेंस धारियों की बैठक हुई। बैठक में एसआई सोनू पाठक ने बताया कि आगामी लोक सभा आम चुनाव आदर्श आचार संहिता एवं जिले में 144 धारा लागू के मद्देनजर रामनवमी त्योहार मनाया जायेगा। जिसमें जुलूस का रूट वही रहेगा जो लाइसेंस में है अगर डीजे बाजा उपयोग करना है तो पहले इसका थाना सूचना देना है नशे की हालत में नही रहना है आपत्तिजनक नारा नही लगाना है किसी राजनीतिक पार्टी का झण्डा अथवा बैनर नही लगाना है ।समय पर सभी कार्यक्रम समाप्त करने की बात कही गई इसके साथ ही किसी तरह की कोई घटना की संभावना पर तत्काल पुलिस सूचित करने के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया । इस मौके पर लाइसेंस धारी लुंभु सिंह, केशरी सिंह, हीरा माँझी, मोतीराम सेनापति, तुलाराम सिंह, केश्वर मांझी, रामेश्वर माँझी, धनेश्वर सिंह, देवनंदन सिंह एवं लोग मौजूद थे।

झामुमो व झारखंड पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का थामा दामन

बानो। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टी के लोग अपनी अपनी जुगत भिड़ा रहे हैं। ऐसे में झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष का पार्टी बदलने से बानो झामुमो को झटका लगा। मालूम हो कि सोमवार को भारतीय जनता पार्टी चुनाव कार्यालय खूंटी में बानो प्रखंड के झामुमो एवं झारखंड पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता ने केंद्रीय मंत्री सह लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा एवं लोकसभा प्रभारी डॉ रविन्द्र राय के समक्ष भाजपा का दामन थामा। मौके उन्होंने भाजपा एवं मोदी जी के सिद्धांत से प्रभावित होकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ललित बड़ाईक के अध्यक्षता में झामुमो प्रखंड सचिव बानो कपिल कांत सिंह, अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम, अमर सिंह, हेमनाथ सिंह, बिलसन हेमरोम, कमल बड़ाईक, जोसेफ मुण्डा, चमना मुण्डा, बिनरल मुण्डा, राहुल लहेरी, विकास खुराना, एवं झारखण्ड पार्टी के पंचायत अध्यक्ष परमानंद सिंह, राजीव कुमार सिंह, पिंकू सिंह, रिंकू सिंह सहित दर्जनों ने भाजपा कि सदस्यता ग्रहण की।सभी सदस्यों को लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने माला पहनाकर स्वागत किया।

रामनवमी पर्व के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर सिमडेगा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

सिमडेगा। सिमडेगा जिले में 17 अप्रैल को धूमधाम के साथ रामनवमी का पर्व जिले भर में मनाया जाएगा जिसको लेकर लगातार तैयारी की जा रही है। दूसरी और सिमडेगा पुलिस प्रशासन रामनवमी पर्व को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है और सोमवार को दोपहर में सिमडेगा शहर में सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान सीआरपीएफ के कमांडेंट के साथ मिलकर फ्लैग मार्च का आयोजन किया। फ्लैग मार्च सिमडेगा सदर थाना से निकलकर झूलन सिंह चौक महावीर चौक करते हुए नीचे बाजार भट्टी टोली तक गई और वहां से वापस लौटकर पुणे पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची। इस मौके पर फ्लैग मार्च के माध्यम से थाना प्रभारी के द्वारा लोगों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाने को लेकर संदेश दिया। गौरतलब हो रामनवमी पर्व के साथ-साथ देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसे में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की परेशानी ना हो जिसे ध्यान में रखते हुए फ्लैग मार्च का आयोजन किया इस मौके पर सीआरपीएफ एवं सिमडेगा पुलिस के जवान शामिल हुए।

रामगढ़ में उपायुक्त व एसपी ने रामनवमी पर्व को लेकर किया फ्लैग मार्च

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० बिमल कुमार द्वारा सोमवार को रामनवमी त्योहार के मद्देनजर रामगढ़ जिला अंतर्गत रजरप्पा, चितरपुर एवं विभिन्न थाना/ओ०पी० क्षेत्र अन्तर्गत फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। साथ ही अपराध पर लगाम लगाने, रामनवमी पर्व के अवसर पर शहर के अंदर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर आम जनता से शांति, आपसी भाईचारा एवं धार्मिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व मनाने की अपील की गयी।

एक नजर

पुलिस ने होटल में की छापेमारी, दो युवक गिरफ्तार

घाटशिला। अपराधियों की खोज में सोमवार की अहले सुबह घाटशिला के विभिन्न होटल एवं लॉज में पुलिस ने छापेमारी की। घाटशिला थाना क्षेत्र के गोपालपुर रेलवे फाटक के समीप पीपी क्राउन होटल से दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों को अपने साथ जमशेदपुर ले गई। इस संबंध में पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं थी। घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर के नेतृत्व में घाटशिला, गालूडीह, धालभूमगढ़ एवं मऊभंडार ओपी पुलिस ने एक साथ छापेमारी की थी। होटल से गिरफ्तार एक युवक का नाम अभिषेक कुमार शाह है। वह दाईगुट्टू धोबी लाइन आजाद नगर मानगो का रहने वाला है। दूसरे युवक का नाम पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि दोनों युवक महींद्रा एक्सयूवी 700 से रात 1.30 बजे आये और वहां कमरा लिया था।

पति-पत्नी के विवाद में पीएलवी ने कराया समझौता

चांडिल। सरायकेला-खरसावां जिला विधिक सेवा प्राधिकारी के पारा लिगल वॉलंटियर कार्तिक गोप ने रविवार को पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का सुलह-समझौता के आधार पर समाधान कराया। ईचागढ़ थाना परिसर में कराए गए आपसी समझौता के दौरान दोनों पक्ष से रिश्तेदार, ग्रामीण व ईचागढ़ थाना की पुलिस मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार ईचागढ़ थाना क्षेत्र के गौरांगकोचा पंचायत अंतर्गत दालग्राम के रहने वाले परिक्षित गोप का अपनी पत्नी शिवानी गोप के साथ विवाद चल रहा था। दोनों के बीच विगत छह माह से विवाद चल रहा था। समझौता के लिए किसी प्रकार का पहल नहीं किए जाने के कारण दोनों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा था। इसी बीच मामला विधिक सेवा प्राधिकार के ईचागढ़ प्रखंड के पीएलवी कार्तिक गोप तक पहुंचा। पीएलवी कार्तिक गोप ने पति-पत्नी दोनों से बातचीत करने के बाद विवाद को आपसी समझौता से हल करने का पहल शुरू किया। रविवार को ईचागढ़ थाना परिसर में दोनों पक्षों का वार्ता हुआ।

बीजीएच में अव्यवस्था के खिलाफ यूनियन का अनशन एक मई को

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट में सक्रिया यूनियन जनता मजदूर सभा की बैठक सोमवार को हुई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि बीएसएल प्रबंधन की संवेदनहीनता के कारण बीजीएच (बोकारो जेनरल हॉस्पिटल) की ख्याति धूमिल हो रही है। अस्पताल में अव्यवस्था का आलम है। गिरती चिकित्सा व्यवस्था के खिलाफ यूनियन एक मई को मजदूर दिवस पर बीजीएच के गेट पर अनशन करेगी। उन्होंने कहा कि बीजीएच उत्तरी छोटानगपुर क्षेत्र में नामी हॉस्पिटल के रूप में जाना जाता था। सभी जगहों से रेफर मरीज यहां आते थे, लेकिन अव्यवस्था की वजह से यहां से मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। हकदार मरीज अन्य प्रदेश में और गैर हकदार मरीज स्थानीय अस्पतालों में अपना इलाज कराने को मजबूर हैं। बैठक में यूनियन के उपाध्यक्ष घनश्याम गोप, महासचिव संदीप कुमार आश, संयुक्त महासचिव शंकर महथा, सचिव भानु गोप, जीडी गोप, मनोहर गोप, प्रदीप मरांडी, जेआर गोप, एसएस राय, उमाशंकर गोप, सुभाष दास, विजय कुमार, अमरनाथ आदि मौजूद थे।

टुंडी में एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त, 7 पर केस

धनबाद। धनबाद जिला खनन टास्क फोर्स ने सोमवार को टुंडी में छापामारी कर एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त किया है। साथ ही बालू की तस्करी में लिप्त 7 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह जानकारी खान निरीक्षक विनोद विहारी प्रमाणिक ने दी। उन्होंने बताया कि टुंडी सीओ शैलेन्द्र चौरसिया की मौजूदगी में मनियाडीह थाना पुलिस के सहयोग से प्रखंड के सर्रा मौजा में छापामारी कर अवैध बालू का स्टॉक पकड़ा गया। धंधे में लिप्त 7 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

प्रशासनिक अधिकारी व अखाड़ा समितियों की संयुक्त बैठक हुई, दिए गए कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
उपायुक्त गिरिडीह के निदेर्शानुसार श्री रामनवमी पूजा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ सोमवार को सरिया थाना में एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक तथा अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से किया. जबकि बैठक का संचालन थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने की. बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि रामनवमी त्योहार इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है. इसकी मयार्दा बनी रहे. इस ख्याल रखते हुए त्यौहार का आनंद लें. कहा गया कि निश्चित रूप से ही जुलूस निकालें. अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी संतोष कुमार ने लोगों को कहा कि आगामी 20 में को लोकसभा चुनाव होना है. इसके लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई है.आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने त्योहार मनाने की अपील की. कहा कि झंडा-जुलूस के दौरान किसी राजनीतिक विशेष दल के पक्ष-विपक्ष में नारेबाजी नहीं करें. भाईचारे के रूप में रामनवमी पर्व मनाएं. किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटे इसका विशेष ख्याल रखने की सलाह दी गई.यदि कोई उपद्रवी तत्व किसी प्रकार से अशांति पैदा करने का कार्य करें तो उसे प्रशासन के हाथों में सौंपें, कानून को हाथ में नहीं लें. थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने लोगों से अपेक्षा किया है कि इस क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्यौहार मनाएंगे जिससे सरिया क्षेत्र की पहचान पूरे झारखंड प्रदेश में बन सके. इस मौके पर श्री रामनवमी अखाड़ा समिति बलीडीह, चंद्रमारणी, बड़की सरिया, खैराबाद, ठाकुरबाड़ी, नावाडीह शाहिद अन्य पूजा पंडाल व अखाड़ा समिति के सदस्य उपस्थित थे. जिसमें प्रयाग सोनार, जय प्रकाश मंडल, फागु पंडित, डॉ उमेश कुमार, आदित्य पांडेय, केदार मंडल, सुनील सोनार, बिनोद प्रसाद ठाकुर, देवाशीष बादल, मुरली महतो, अरूण कुमार, सुरेंद्र यादव सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

डुमरी पुलिस ने अवैध कोयला लदे ट्रक के चालक को भेजा जेल



गिरिडीह। डुमरी पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक ट्रक पकड़े जाने के मामले में चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। उक्त कार्रवाई गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया।इस मामले में खनन विभाग के निरीक्षक के लिखित शिकायत पर ट्रक के चालक, मालिक सहित कोयला के अवैध धंधा में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ट्रक में 25 टन स्टीम कोयला लदा है। बताया जाता है कि सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में धनबाद की ओर से अवैध कोयला लाद कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा है।

फरार वारंटी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस पर हमला करने के आरोपी धराये

देवरी पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
फरार वारंटी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने वाले पांच आरोपियों को देवरी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध देवरी थाना में कांड संख्या 24/2024 के तहत केस दर्ज किया गया है। जबकि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी देवरी थाना में कांड संख्या 177/2017, 178/2017 और 07/2024 के तहत अपराधिक मामले दर्ज हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में देवरी थाना क्षेत्र के बजगुंदा निवासी गजाधर राणा, आशा देवी, गुरुदेव राणा, कुलिया देवी, त्रिभुवन राणा शामिल हैं।

मलेरिया व वायरल बुखार का प्रकोप बढ़ा, सैकड़ों पीड़ित

शहर में मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ने लगा है

अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी, लोग परेशान

ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया व वायरल बुखार बढ़ने से प्रशासन चिंतित

नवीन मेल संवाददाता। किरीबुरु
मेघाहातुबुरु एवं सारंडा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया व वायरल बुखार का अचानक प्रकोप बढ़ने से सेल अस्पताल समेत दवा दुकानों में मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। मरीजों को ठंड के साथ तेज बुखार आ रही है। पारासेटामोल जैसी दवा भी असर नहीं कर रहा है। दवा का प्रभाव के कारण एक-दो घंटा बुखार सामान्य रहता है लेकिन उसके बाद पुनः शरीर का तापमान 102-103 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। कई मरीजों को तो एक-एक सप्ताह तक बुखार रह रहा है। 14 अप्रैल के बाद से सेल अस्पताल में ऐसे मरीज काफी तादाद में आ रहे हैं। दूसरी तरफ शहर में मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ने लगा है जो परेशानी का कारण बना हुआ है। शहर के तमाम दवा दुकानों पर भी बुखार से ग्रसित मरीजों की तादाद बढ़ रही है।

भाई की हत्या का बदला लेने के लिए की थी सन्नी की हत्या, छह गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर
जमशेदपुर के मानगो उलीडीह ओपी क्षेत्र के एनएच 33 स्थित वसुंधरा इस्टेट के पास अपराधियों ने हाइवा चालक सन्नी यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियो में प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, राहुल राज उर्फ राहुल बच्चा, अर्जुन बच्चा, राहुल राय और दो अन्य शामिल है। पुलिस ने आरपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है। सभी की गिरफ्तारी चाकुलिया से की गई है। पुलिस आज मामले का खुलासा कर सकती है। सूत्रों के अनुसार प्रवीर ने पुलिस को बताया कि उसने भाई प्रदीप सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए सन्नी की हत्या की है।

चंपई की आदिवासियों पर नहीं चलेगी तानाशाही : संघ

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा
ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान के अध्यक्ष बिर सिंह बुड़ीउली नेतृत्व में झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा ईचा डैम रद्द नही होगा के बयान का विरोध जताया। तांतनगर प्रखंड के कुलाबुरु,गैरासाई और सिंडी गांव के मुंडा और ग्रामीणों ने अपना रोष व्यक्त किया। विस्थापितों ने एक स्वर में आवाज बुलंद किया कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की आदिवासियों पर तानाशाही नही चलेगी। आदिवासी मूलवासियों द्वारा चुनी हुई झामुमो की सरकार से उम्मीद के विपरीत कार्यशैली बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री, मंत्री और उनके विधायकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कोल्हान के 87 गांव में झामुमो को घुसने नही दिया जाएगा। जिसकी शुरूआत कुलाबुरू, गैरासई और सिंडी से संघ द्वारा की गई। ग्रामीणों ने धोखा का जवाब वोट से झामुमो को देने का संकल्प लिया। मालूम हो कि मुख्यमंत्री से संघ के प्रतिनिधि मंडल हाथ जोड़कर विनती किया था कि जल्द ईचा डैम को रद्द करवा कर आदिवासी और मूलवासियों को विस्थापित होने से बचा लीजिए।

ठेकेदार ने पांच हजार की जगह दो हजार लीटर की लगाई पानी टंकी

नवीन मेल संवाददाता। मझगांव
ठेकेदार ने 5 हजार की जगह 2000 लीटर की लगाई पानी टंकी मझगांव प्रखंड में हर घर जल नल योजना में हर दिन अनियमित और गुणवत्ता की पोल खुल रही है.

मझगांव प्रखंड के बलियापोसी पंचायत अंतर्गत ग्राम बलियापोसी टोला मुंडासाई में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चाईबासा द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सोलर आधारित एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के कार्य में गुणवत्ता के साथ कार्य नहीं करने और पांच हजार लीटर के जगह 2 हजार लीटर का प्लास्टिक टंकी लगाए जाने का विरोध ग्रामीण कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि कार्यकारी एजेंसी साकेत सुमन प्रखंड में लूट मचाई हुई है.लूट मचाने में पूरा सहयोग पीएचडी विभाग के पदाधिकारी का भी रह रहा है इन्हीं लोगों के मिली भगत के कारण कार्यकारी एजेंसी गुणवत्ता के साथ-साथ घोटाला भी कर रही है.

ग्रामीणों ने कहा कि काफी जद्दोजहद ओर मुद्दत के बाद गांव में पानी मिलने की आस जगी है लेकिन कार्यकारी एजेंसी और विभाग के मिली भगत के कारण हम ग्रामीणों का सपना अधूरा रहने वाला है. क्योंकि विभाग के पदाधिकारी नहीं चाहते हैं कि हम लोगों को शुद्ध जल मिले. विभाग के पदाधिकारी का उद्देश्य है कि ठेकेदार आनन-फानन में कार्य कर सिर्फ ठेकेदारी करें और अपना जेब भरने का कार्य हो।

जोडसा गांव के जमाईपाड़ा के सुशील गोप का घर जलकर राख

नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला
जोडसा गांव के जमाईपाड़ा के सुशील गोप का घर जलकर राख गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जोडसा गांव के जमाईपाडा के रहने वाले सुशील गोप के घर में अचानक सोमवार को आग लग गई। आगजनी की घटना में पूरा घर जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना गालूडीह के जिला परिषद सदस्य सुभाष सिंह को मिलते ही उन्होंने तत्काल घाटशिला अंचलाधिकारी को दूरभाष पर जानकारी देते हुए फायर ब्रिगेड भेजने की बात कही। मौके पर सुभाष सिंह पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। भुक्त होगी सुशील गोप ने बताया कि घर में रखा नगद 30 हजार एवं धान चावल तथा अन्य कई आवश्यक कागजात जलकर खाक हो गए आज कैसे लगी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी असामाजिक तत्व के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिप सदस्य ने कहा कि आगजनी की घटना में जो भी सरकारी मुआवजा है वह सुशील गोप को दिलाया जाएगा।

बाल विवाह रोकने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा : इंकज

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गुप्त सूचना के आधार पर चाइल्ड लाइन गिरिडीह और सवेरा फाउंडेशन की टीम ने सोमवार को तिसरी के बेलवाना पंचायत में एक नाबालिग किशोरी की शादी रुकवाया। बताया जाता है कि मामला प्रेम प्रसंग का था और दोनो नाबालिग है।

दोनों के अभिभावक प्रेम - प्रसंग के कारण दोनो की शादी करवाना चाहते थे। जिसकी गुप्त सुचना चाइल्डलाईन और सवेरा फाउंडेशन की टीम को मिली थी। जिसके बाद उक्त टीम बेलवाना गांव पहुंचकर दोनों के अभिभावकों से बातचीत कर उन्हें समझाया।

साथ ही लड़की की उम्र 18 वर्ष और लडके का उम्र 21 वर्ष होने के बाद ही विवाह करवाने की बात लिखित रूप में ली गई। मौके पर सवेरा फाउंडेशन प्रवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार ने कहा कि समाज के लिए बाल विवाह एक अभिशाप है, इसे रोके बगैर एक सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

लिहाजा समाज के हर एक वर्ग को उसके विरुद्ध आगे आने की जरूरत है। मौके पर चाइल्ड लाइन प्रवेक्षक रंजीत कुमार साव, केस वर्कर राहुल कुमार , समानता शिक्षा केंद्र के सचिव सहित संजय टुडू , राजेश ठाकुर आदि ग्रामीण मौजूद थे।

न्यूज बॉक्स

सारंडा एलिफेंट ने माइनिंग लायंस को हरा कर मेघाहातुबुरु प्रो वॉलीबॉल खिताब जीता

किरीबुरु। सेल, मेघाहातुबुरु एवं मेघाहातुबुरु प्रो वॉलीबॉल कमिटी के तत्वाधान में आयोजित दूसरा मेघाहातुबुरु प्रो वॉलीबॉल लीग (एमपीएल) के फाइनल मुकाबले में सारंडा एलिफेंट ने माइनिंग लायंस को 26-19, 26-21 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी सौरभ कुमार, बेस्ट स्मेसर सुमित बारा, बेस्ट डिफेंडर अमित दास, बेस्ट लिफ्टर शुभम कुमार, राइजिंग प्लेयर तनमय को चुना गया. विजेता व उप विजेता टीम व अन्य खिलाड़ियों को बतौर मुख्य व विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, सुषमा योगेश राम, महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे आदि ने चेक, ट्रौफी व अन्य पुरस्कार दिये.प्रतियोगिता का पहला रोमांचक सेमिफाइनल मुकाबले में सारंडा एलिफेंट ने सारंडा टाइगर्स को 16-14, 17-15, 15-11 से जबकि दूसरे सेमिफाइनल मुकाबले में माइनिंग लायन्स ने मास्टर किंग्स को 15-11, 15-10 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था. इस एमपीएल में छः टीमों के फ्रेंचाइजी द्वारा 54 खिलाड़ियों पर बोली लगाई गई थी. इस प्रतियोगिता में सारंडा टाइगर्स, माइनिंग लायन, मास्टर्स किंग, मेकेनिकल योद्धा, सारंडा एलिफेंट, रौयल चैलेन्जर्स शामिल थी. इस दौरान महाप्रबंधक संजय बनर्जी, महाप्रबंधक वीके सुमन, महाप्रबंधक केबी थापा, उप महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह, सुलभ दीक्षित, अजय कुमार, अवधेश कुमार, सरस साहू, अजीत कुमार, डा मनोज कुमार, नीलम वर्मा, अजय कुमार, एन के विश्वास, सीताराम महतो, प्रशांत बेहुरा, प्रफुल्ल मंडल, अफताब आलम, अशोक मंडल, मृत्युंजय कुमार, नागेश झा, बापी मोहंती आदि सैकड़ों मौजूद थे।

झामुमो की उलगुलान न्याय रैली में 500 से अधिक कार्यकर्ता जाएंगे रांची

किरीबुरु। झामुमो के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने किरीबुरु में बैठक कर सिंहभूम संसदीय सीट से झामुमो प्रत्याशी पूर्व मंत्री जोबा माझी को भारी मतो से जिताने तथा 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उल्गुलान न्याय रैली हेतु रणनीति बनाया. किरीबुरु पश्चिम पंचायत की मुखिया सह झामुमो महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष पार्वती किडो. ने बताया की उल्गुलान न्याय रैली में सारंडा के गांवों से लगभग 500 से अधिक कार्यकर्ता रांची रवाना होंगे.इसके अलावे डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चलाकर झारखण्ड सरकार की जन विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है तथा इसमें और तेजी लाया जायेगा. इस दौरान मुखिया लिपि मुंडा, पूर्व मुखिया सह जिला कार्य समिति सदस्य आलोक तोपनो, उप मुखिया शमशाद आलम, शेख मुख्तार, शानी हेस्सा, सलीम रोशन तिर्की, गोकुल पान, चन्द्रिका बेहरा, पवित्रो कुमार दास, मंगल सिंह कान्डिर, रोशनी चाम्पिया आदि मौजूद थे.

अंबेडकर जयंती पर एससी एसटी ओबीसी समिति ने समता मूलक समाज का दिया संदेश

आदित्यपुर। डॉ अंबेडकर जयंती पर एससी एसटी ओबीसी समन्वय समिति ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत समता मूलक समाज का संदेश दिया. समिति के लोगों ने फुटबॉल मैदान से जागृति मैदान तक एक शोभायात्रा निकाली और मेधावी विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री बांटा. कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के द्वारा शपथ दिलाकर हुई. शपथ ग्रहण पूर्व झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ लालमोहन महतो के द्वारा दिलाई गई. मंच पर पूर्व डीएसपी सरयू पासबान, आरपी राही, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश, महिला नेत्री शारदा देवी, पूर्व पार्षद पांडी मुखी, वीरेंद्र पासवान, रामाशीष राम, खिरोद सरदार, मनोज पासवान, सविता साव, संगीता प्रधान आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे. कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ने किया.कार्यक्रम में डॉ लालमोहन महतो ने कहा कि आज राष्ट्र के संविधान निमार्ता की जयंती मन रही है. उनके द्वारा रचित संविधान को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. शारदा देवी ने देश की आधी आबादी महिलाओं के उत्थान की बातें रखी. अधिवक्ता ओम प्रकाश ने कहा कि जिनके लिखे संविधान से देश चल रहा है उनकी जयंती मनाना बड़ी बात है. बता दें कि पिछले 5 वर्षों से आदित्यपुर के एससी, एसटी ओबीसी समाज समन्वय समिति बनाकर हर वर्ष 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की वृहद जयंती मना रही है।

कांग्रेस आरटीआई विभाग ने मांगी जानकारी

जमशेदपुर । जिला कांग्रेस कमिटी के आरटीआई विभाग के चेयरमैन कमलेश कुमार ने जन सूचना पदाधिकारी सह बीडीओ से आरटीआई अधिनियम के तहत कई जानकारियां मांगी है। आरटीआई के तहत कमलेश ने जन सूचना पदाधिकारी से मांग की है कि जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में जलमीनार लगाने का कार्य कब से शुरू हुआ। उससे संबंधित सरकारी आदेश की प्रति या विभाग का संकल्प पत्र की छाया प्रति, आवंटित राशि से संबंधित पत्र की छाया प्रति अभिप्रमाणित उपलब्ध कराया जाए।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला शस्त्र शाखा)

आदेश

आम सूचना

आसूचना प्राप्त हुई है कि कुछ ऐसे व्यक्ति है जो दूसरे जिला/राज्य के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी है और अपना शस्त्र खूँटी जिला में लाए है और उसी प्रविष्टि जिला के O.D शस्त्र पंजी में दर्ज नहीं कराये है। वे वर्तमान में भी शस्त्र अपने पास रखे हुए जो नियम के विरूद्ध एवं गैर कानूनी है। वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने नजदीकी थाना/वैध शस्त्र दुकान में अपने शस्त्र को दिनांक–17.04.2024 तक जमा करते हुए इसकी सूचना संबंधित थाना एवं जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय भवन को देना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही खूँटी जिला से निर्गत वैसे शस्त्र अनुज्ञिप्तिधारी जो दूसरे जिला/राज्य में चले गए है और अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति का अन्तरण (Transfer) नहीं कराए है और न खूँटी जिला के संबंधित थाना/शस्त्र दुकान में शस्त्र को जमा कराए है, वैसे अनुज्ञप्तिधारियों को भी सूचित किया जाता है कि दिनांक–17.04.2024 तक के अपराह्न 3 :00 बजे तक अपने शस्त्र को जमा करते हुए इसकी सूचना अनिवार्य रूप से संबंधित थाना एवं जिला सामान्य शाखा समाहरणालय के प्रभारी सहायक को या उनके मोबाईल संख्या–6202514307 या जमा पर्ची भेजना सुनिश्चित करेंगे ।

ह0/–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 323808 District (24-25)_D

संविधान मात्र वकीलों का दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे जीवन का माध्यम है : भीमराव आंबेडकर

भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मान्यता

भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने का नया परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। 10 अप्रैल को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के संकेत दिख रहे हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कहा है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी।भारत के गांवों में न केवल कृषि संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, बल्कि फ्रिज, दो पहिया वाहन और टीवी की खरीदारी उच्च स्तर पर है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। विश्व में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि का प्रमुख उत्पादक माना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले दस वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। कृषि बजट में दस वर्षों में पांच गुना वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब तीन लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है। कृषि ऋण समितियों, किसान समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), कृषि-उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग लगाने के लिए सरकार की क्रेडिट गारंटी और ब्याज में रियायत कृषि में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने जैसे जो रणनीतिक प्रयास किए हैं, उनसे भी काफी किसान लाभान्वित हुए हैं। देश में प्राकृतिक यानी जैविक खेती को विशेष प्राथमिकता दिए जाने से प्राकृतिक खेती ग्रामीण भारत के विकास का एक और नया माध्यम बनते हुए दिखाई दे रही है। जहां कोविड-19 की आपदा से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकर्ताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं दुनिया भर में भारत अपने कृषि उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ा रहा है। इसके अलावा, विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण नियार्तों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 फीसदी से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है।उम्मीद कर सकते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कराहट बढ़ती दिखाई दे सकेगी।

चुनाव

लोकसभा चुनाव में मर्यादा लांघते नेताओं के बयान

सुरेश हिन्दुस्तानी

देश में लोकसभा चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं-कहीं राजनीति की मर्यादा का भी उल्लंघन भी होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने-अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के बयान सुनने में अप्रमाणिक से लगते हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहां तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है, वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबां में झांक कर भी देख लेना चाहिए। वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनाव की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती? वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कारगुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती। क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किए, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है। आज की राजनीति को देखकर सहज ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मयार्दा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क किए जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है तो कोई संविधान बचाने का प्रहसन कर रहा है। खास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार समाप्त करने के कहकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है। वर्तमान में भारत की राजनीति में प्रतिद्वंद्व छिड़ा हुआ है। राजनीति में जिस प्रकार का वाद प्रतिवाद चल रहा है वह या तो मूर्ख बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर मूर्ख बनाने की। अब आज के हालात में कौन मूर्ख बनता है और कौन बनाता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। जैसे ही समय की सीमा पूरी हो जाएगी, इसके पीछे का अर्थ सामने आता चला जाएगा। आज हमारे देश की राजनीति में नेताओं के कई रूप देखने को मिल जाते हैं, यानी जैसी स्थिति होती है नेता लोग अपने को वैसा ही प्रचारित करने लग जाते हैं। इसको और व्याख्या करके कहा जाए तो तर्कसंगत ही होगा कि हमारे नेता बहुरूपिया बन जाते हैं और भारत देश की भोली भाली जनता उनके इस नकली रूप को देखकर भ्रमित हो जाती है। देश भर में सारे नेता इस होड़ में आगे दिखने का प्रयास कर रहे हैं कि हम ही जनता के असली हितैषी हैं। नेताओं का यह रूप हमारे देश को किस दिशा में ले जाएगा या ले जा रहा है, पता नहीं। पर यह सत्य है कि यह खेल बहुत ही खतरनाक है। देश के भविष्य के साथ एक प्रकार का अनहोना अपराध है? भारत की राजनीति में आज ऐसे परिवारवादी नेता उदित हो चुके हैं, जिन्हें ठीक से भारत की राजनीति करना नहीं आता, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ही जनता के वोट प्राप्त करने का उपक्रम ही करते हैं। भारत की जनता के समक्ष ऐसे हालात बन गए हैं कि वह सही और गलत की पहचान भी नहीं कर पा रहे हैं। हमारे राजनेता कौन-कौन से खेल खेलते हैं, यह आज सबको दिखाई देने लगा है। आज देश में कई नेता ऐसे हैं जिनका व्यवसाय कुछ नहीं होने पर भी धनवान बन गए हैं, वास्तव में आज की राजनीति सेवा का माध्यम न होकर एक व्यवसाय बन गई है। राजनीति का जिस प्रकार से व्यवसायीकरण हुआ है, उसी के परिणाम स्वरूप हमारा देश रसातल की ओर जा रहा है और उसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। राजनीति में नेताओं द्वारा जिस प्रकार की राजनीति की जाती है, वह केवल भारत के एक वर्ग विशेष को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। जो नेता इनके संप्रदाय के बारे में अच्छी बात बोलता है, उस नेता को ये लोग अपना हमदर्द मानने की भूल कर बैठते हैं। बस यही कारण है कि नेता लोग इस समुदाय को वोट बैंक मानकर चाल चलता है, लेकिन आज का यह समुदाय भी असलियत जान चुका है, भावनाएं भड़काने का यह खेल अब समाप्त होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

इन दिनों

हरेक मंच मचान से सथ रहे निशान।
चल रहे खूब गदराये तके वाण भी।
मचा है सब ओर घमासान।
इतना कि बस लेकर ही छोड़ेगा जान।
हरेक मंच मचान से सथ रहे निशान।
जीत हार के पार
कर सब कुछ दर किनार।
हाय! हाय!
नियत नीति अब सब हैं बेजुबान ।
कोई खुल्लमखुला तो कोई
ले घटना, तथ्य और सांख्यिकीय ओट।
दे रहा प्रतिपक्ष को चोट पर चोट।
नो नो टाटा कह जब जनता लगे चांस बिगाड़ने।
लताड़ने व बसाबसाया घर उजाड़ने।
लालबुझकड़ जो ठहरे।
समझ लेते हैं वो
जन जन के मन की त्रासदी
जीवन की क्षुधा और पेट की भूख।
और भी, हवा का रूख।
येन केन प्रकारेण अपनाते हैं हथकंडे तमाम ।
सोचते हैं बस हो जाए काम।
'आचार' लाचार सा दिखता है।
कदाचार सदाचार बन बिकता है।
'तंत्र' जो है कहलाता स्वतंत्र है।
पर सिर्फ रिपोर्ट लिखता है।
वह गरजता खूब है।
फिर देखो तो धूप है।
बरसता तो एक बात थी।
काले मेघ, घटा, विद्युत वाण- इतने भर से अब न चलेगा काम।
जागो जरा - फुफकारो थोड़ा जोर से।
बहुत हुआ।
अच्छा नहीं लगता।
अब भी जब दिखते हो कमजोर से।
मौसमी फल बन कब तलक पलोगे।
अपनी विवशता पर सिर्फ हाथ मलोगे? जन जन के नब्ज टटोलो। दिलों पर लगे ताले खोलो।
तुम पाओगे हर दिल में है तूफान। विधि-व्यवस्था पर - उठ रहे हैं सवालिया निशान ।
इन दिनों हरेक मंच मचान से सध रहे निशान । चल रहे खूब गदराये तकेवाण भी।

गंगेश्वर सिंह, आईपीएस (सेवानिवृत)
सदस्य पश्चिम बंगाल कमेचारी चयन आयोग

आपकी बात

हमारी साहित्य से बढ़ती दूरी

अभी बुक स्टॉल पर चले जायें, वहां पर प्रतियोगी परीक्षा में काम आने वाली पत्रिकाए ही दिखाई देंगी। शायद ही एक-आध पत्रिकाएं ऐसी होंगी, जिसे आप साहित्यिक कह सकते हैं। 70- 80 के दशक तक साप्ताहिक हिन्दुस्तान, धर्मयुग, रविवार,बोरीबंदर बच्चों के लिए नंदन, पराग, मेला, बालक जैसी पत्रिकाएं बुक स्टॉल पर दिखाई देती थी। अभी तो माहौल यह है कि आम लोग प्रेमचंद, फणेश्वरनाथ रेणु, अमृत राय, मैत्रयी पुष्पा वृदावन लाल वर्मा, चंद्रधर शर्मा गुलेरी जैसे रचनाकारों को नाम बता भी नहीं पायेंगे। अब तो लोग फिल्मी कहानियों पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। एक समय था जब हमारे शहर में कई साहित्यिक संस्थाएं हुआ करती थी। उनके द्वारा कवि गोष्ठी ,होली मिलन समारोह और पर्व -त्यौहार पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता था। अब तो वह सस्थांए भी समय के साथ खत्म हो गई। अभी भी कुछ साहित्यिक संस्थाएं; साहित्य को जिंदा रखने का प्रयास कर रही हैं। कुछ वर्ष पूर्व एक आध बार पुस्तक मेला का आयोजन किया गया था, लेकिन उसके बाद पुस्तक मेला नहीं दिखाई दिया। वैसे हमारे यहां से कई मासिक पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं। लेकिन, कुल मिलाकर शहर के माहौल को साहित्यिक नहीं कहा जा सकता है। वैसे बड़े प्रकाशक वर्ष में वार्षिक अंक निकालकर आम लोगों को साहित्य से रूबरू कराने का प्रयास कर रहे हैं। कई बड़े शहरों को छोड़ दें तो कस्बों और हमारे मेदिनीनगर जैसे शहरों मे साहित्य की स्थिति दयनीय ही कही जा सकती है। नयी हिन्दी की पत्रिकाएं शायद ही बुक स्टॉल पर दिखाई दें। कुछ पत्रिकाएं तो करोनो की भेंट चढ़ गई। कुछ वर्ष पूर्व तक प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'कांदम्बिनी' का प्रकाशन भी बंद हो चुका है। इस समय हमारे पलामू के जपला से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'अरण्य वाणी' और हमारे शहर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'सुबह की धूप' के लिए विनोद सागर और शिव शंकर प्रसाद सचमुच बधाई और प्रशंसा के पात्र हैं, जिन्होंने हमारे पलामू को साहित्य के क्षेत्र में जीवित रखा है।

- अभिनव प्रकाश, मेदिनीनगर।

राजनीति

विकास और विरासत का बेहतरीन संतुलन 'मोदी की गारंटी' में

डॉ. राघवेंद्र शर्मा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा का संकल्प पत्र- मोदी की गारंटी नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 04 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि 'जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें हम पूजते हैं' यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है। साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। ऐसा सोचने के लिए एक तर्क यह भी है कि अपने स्थापना काल से ही भारतीय जनता पार्टी जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है, सत्ता में आते ही उन्हें पूरा करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं दिखाया है। किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे। लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अतः उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है। लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया। किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई।

पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

फेसबुक वॉल से



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

बेरोजगार युवा नये भारत की ताकत कैसे होंगे?

ललित गर्ग

दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत में युवा- बेरोजगारी की दुखद तस्वीर चिन्तनीय है। भारत को युवा-शक्ति का देश कहा जाता है, युवाओं की संख्या, क्षमता और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया जाता और उन्हें विकास का वाहक बताया जाता है, बावजूद इसके अब अगर देश का युवा बेरोजगारी की समस्या का सामना करते हुए अपने सपनों को टूटते-बिखरते देख रहा है तो यह स्थिति एक त्रासदी एवं विडम्बना ही कहीं जायेगी, इसे सरकार की नाकामी ही मना जायेगा। लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी की यह स्थिति मुद्दा क्यों नहीं बन रही है? भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' तैयार की है जिससे उजागर हुए बेरोजगारी के चिन्ताजनक तथ्यों पर गौर करने एवं आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट के निराशाजनक आंकड़े दो तथ्यों को रेखांकित करते हैं-बेहतर भुगतान करनेवाली नौकरियों के आकांक्षी शिक्षित युवाओं को खपा सकने वाली नौकरियों का अभाव और शिक्षा की गुणवत्ता में खामियां जिसके चलते बड़ी तादाद में शिक्षित युवा अब भी नौकरी के मानक को पूरा करने में अक्षम हो रहे हैं। दोनों ही स्थितियां सरकार की नीतियों की खामी को ही सामने ला रही है। ताजा रपट सरकार की नीतियों, विकास एवं आर्थिक उन्नति की विसंगति को ही उजागर कर रही है। जिसमें बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा होगा? इस अहम रपट में उजागर हुए कुछ विरोधाभासी तथ्यों एवं आंकड़ों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। सोचने की जरूरत है कि नया भारत एवं विकसित भारत बनने के दौर में विकास के रास्ते में बेरोजगारी एवं युवा-सपनों को आकार देने का क्या हल है? निश्चित तौर पर टेक्नोलॉजी से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार उच्च और मध्यम कौशल केन्द्रित नौकरियों में युवाओं ने बेहतर प्रस्तुति दी है। हालांकि, इन क्षेत्रों में नौकरी की इनसिक्योरिटी अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बोधि वृक्ष



भारत के खास मंदिर

भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जो अपने किसी न किसी खास वजह जाने जाते हैं। ऐसे में आज हम आपको उन मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं जो अपने आप में बेहद खास है। ये सभी मंदिर अपने अनकही, अनसुनी रहस्यों के लिए जाने जाते हैं। ये अनसुनी कहानियां ऐसी वैसी नहीं है बल्कि श्रद्धालु इन पर विश्वास भी करते हैं और इसी तरीके से अपने भगवान की पूजा करते हैं। तो आइए जानते हैं कुछ मशहूर मंदिरों के पीछे की अनसुनी अनकही कहानियों के बारे में...।

पेरुमल मंदिर, कांचीपुरम : कांचीपुरम में स्थित पेरुमल मंदिर का नाम तो आप सभी ने सुना ही होगा। पेरुमल प्रभु को भगवान तिरुपति बालाजी के बड़े भाई के रूप में जाना जाता है। अगर तिरुपति मंदिर में दर्शन करने नहीं जा सकते हैं तो आप इस मंदिर में दर्शन कर सकते हैं। मंदिर में दर्शन करने पर आपको तिरुपति जितना ही फल मिलता है। कहा जाता है कि इस मंदिर में नमक का उपयोग एकदम वर्जित है। मंदिर के अंदर नमक ले जाने की अनुमति नहीं है और न ही इसका उपयोग किसी भी भोजन की तैयारी में किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान ने वादा किया था कि वह इस स्थान में बिना नमक के भोजन करेंगे।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

स्टारलिंक इंटरनेट इंजिटल सेवा

एलन मस्क द्वारा भारत में किफायती स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट की संभावित शुरूआत का अन्वेषण करें। विनियामक बाधाएं दूर होने और दूरसंचार विधेयक 2023 का मार्ग प्रशस्त होने के साथ, स्टारलिंक का आगमन भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है, उद्यमिता, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल पहुंच को बढ़ावा दे सकता है। टेस्ला की विस्तार योजनाओं की जानकारी के लिए मस्क की यात्रा का अनुसरण करें।

एलन मस्क का भारत दौरा को लेकर बड़ी जानकारी आई है वह जल्द ही भारत आ सकते हैं। क्या स्पेसएक्स और टेस्ला के पीछे के दूरदर्शी एलम मस्क अपनी आगामी यात्रा के दौरान भारत में एक किफायती उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवा, स्टारलिंक पेश करने के लिए तैयार हैं? आइए इस तकनीकी सफलता के संभावित प्रभाव का पता लगाएं।

भारत में स्टारलिंक का उदय

कई असफलताओं के बाद, स्टारलिंक लगभग 920 मिलियन ब्रॉडबैंड ग्राहकों वाले देश भारत में अपनी सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने की कगार पर है। नियामक बाधाओं को दूर कर दिया गया है, और दूरसंचार विधेयक 2023 के हालिया पारित होने के साथ, सैटेलाइट-आधारित सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन को सुव्यवस्थित किया गया है, जिससे स्टारलिंक जैसी कंपनियों को फायदा हुआ है।

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए आशय

विशेषज्ञों का सुझाव है कि स्टारलिंक के संभावित आगमन से भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे देश भर के नागरिकों को डिजिटल पहुंच में वृद्धि मिलेगी। इससे उद्यमशीलता में वृद्धि हो सकती है, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक बेहतर पहुंच हो सकती है और डिजिटल कार्यबल में अधिक भागीदारी हो सकती है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

विपक्षी उम्मीदवार पर निराधार आरोप लगाने में शशि थरूर को चेतावनी

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

तिरुवनंतपुरम में चुनाव अधिकारी ने मौजूदा कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ चुनाव प्रचार के दौरान असत्यापित आरोप नहीं लगाने को कहा है। चेतावनी 6 अप्रैल को भाजपा नेता जेआर पद्मकुमार द्वारा दायर की गई शिकायत के बाद आई है। शिकायत में कहा गया था कि थरूर ने एक टेलीविजन समाचार चैनल पर एक साक्षात्कार के दौरान निराधार आरोप लगाए थे। कार्यक्रम में थरूर ने राजीव चंद्रशेखर पर वोट के लिए मतदाताओं और धार्मिक नेताओं को पैसे की पेशकश करने का आरोप लगाया था। थरूर के खिलाफ एनडीए कनवीनर वीवी राजेश द्वारा एक और शिकायत दर्ज की गई थी।

गिरिराज सिंह ने कांग्रेस को बताया निराशा से भरी हुई पार्टी

एजेंसी। बेगूसराय

बेगूसराय से बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस द्वारा दिल्ली से कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारे जाने पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई चेहरा नहीं है। कांग्रेस को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि किसे चुनावी मैदान में उतारा जाए, तो वो अब सभी रिजेक्टेड लोगों को टिकट दे रही है, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कह देना चाहता हूं कि मनोज तिवारी को दुनिया की कोई भी ताकत परास्त नहीं कर सकती है। वहीं, तेजस्वी यादव के नौकरी देने के बयान पर गिरिराज ने चुटकी लेते हुए कहा कि माल महाराज का और मिर्जा खेले होली।

हमले के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच जगन मोहन रेड्डी ने फिर शुरू की बस यात्रा

एजेंसी। विजयवाड़ा

कुछ उपद्रवियों द्वारा किए गए पथराव में लगी चोट के बाद डॉक्टर की सलाह पर एक दिन के आराम के बाद, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अपनी 'मेमंथा सिद्धम यात्रा' फिर से शुरू की। यात्रा के 15वें दिन सीएम जगन मोहन रेड्डी ने कृष्णा जिले के केसरापल्ले से अपनी यात्रा शुरू की। अपनी बायीं भौंह पर पट्टी बांधकर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख को बस में बैठे हुए देखा गया और वे उन लोगों की ओर हाथ हिला रहे थे, जो उनके स्वागत के लिए यात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। केसरापल्ले में दो जगहों पर सीएम रेड्डी लोगों का अभिवादन करने के लिए बस से उतरे।

85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग शुरू

एजेंसी। नोएडा

चुनाव आयोग ने इस बार 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांगों को यह सहूलियत दी है कि अगर वह बूथ पर ना जाकर अपने घर से ही वोट डालना चाहते हैं तो उन्हें यह सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए उन्हें एक फॉर्म भरना होगा। गौतमबुद्ध नगर के नोएडा, जेवर और दादरी विधानसभा क्षेत्र में 15 और 16 अप्रैल को यह सिलसिला सुबह से शुरू हो गया है। फॉर्म भर कर गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता आज और कल मतदान करेंगे।

ममता बनर्जी ने रामनवमी पर बंगाल में संभावित तनाव की दी चेतावनी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को रामनवमी के अवसर पर राज्य में तनाव और हिंसा भड़काने की संभावित कोशिशों के प्रति आगाह किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा उम्मीदवार गुंडों का नेता है। 17 अप्रैल को वे तनाव और हिंसा भड़काने की कोशिश कर सकते हैं। मैं सभी को चेतावनी दे रही हूं कि किसी के उकसावे में न आएं।' वे शांतिपूर्ण चुनाव नहीं चाहते, वे केवल हिंसा चाहते हैं। उन्होंने पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलिकॉप्टर पर आयकर छापे की घटना का भी जिक्र किया। आईटी अधिकारियों ने यह सोचकर उनके हेलिकॉप्टर की जांच की कि वहां सोना और नकदी है। हम ऐसी चीजें लेकर नहीं घूमते, बीजेपी नेता ऐसा करते हैं।"

'नेशन फर्स्ट बनाम फैमली फर्स्ट' के बीच है यह चुनाव : योगी

लालू यादव की सोच और विकास केवल और केवल उनके परिवार तक सीमित

राम मंदिर निर्माण में रोड़ा अटकाने वाले अब कह रहे राम सबके

उत्तर प्रदेश में अपराधियों का भी 'राम नाम सत्य' कराया

एजेंसी। औरंगाबाद

बिहार के औरंगाबाद के रतनुआं मैदान में भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजद पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राजद को परिवारवाद के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि यह चुनाव 'नेशन फर्स्ट बनाम फैमली फर्स्ट' का है।

लालू यादव पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने कहा कि बिहार के अंदर तो उनके ही परिवार को सीटें कम पड़ रही थी। लालू यादव अपने परिवार तक ही सिमट कर रह गए हैं। परिवार से आगे सोचा ही नहीं। इनका विकास केवल और केवल परिवार तक सीमित है। विकास भी होना है तो पहले परिवार का होगा।

चुनाव में सीट भी मिलनी है तो सिर्फ परिवार को मिलनी है। सीएम योगी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि लालू यादव जैसे परिवार की राजनीति करने वाले यूपी में भी हैं, जिसे मैंने ठंडा कर दिया है।

पहले वे भगवान राम को नहीं मान रहे थे और जब हमने अयोध्या में मंदिर बनवाया तो कहने लगे कि राम सबके हैं। लेकिन जब उन्हें मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया तो तुष्टिकरण के रोग के कारण कोई नहीं आया।

लालू यादव जैसे परिवार की राजनीति करने वाले यूपी में भी हैं लेकिन मैंने उन्हें ठंडा कर दिया है

बिहार के लोग भी जवाब देने को हैं तैयार

यूपी की जनता तो पहले ही वैसे परिवारों को जवाब दे चुकी है और अब बिहार के लोगों को भी जवाब देने के लिए तैयार होना है और इसी के लिए मैं यहां आया हूं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग अयोध्या में राम मंदिर कभी नहीं बनाते। अयोध्या में हमने राम मंदिर बनाने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में अपराधियों का भी 'राम नाम सत्य' कराया।

राजद का पहला धर्म ही सनातन का मजाक उड़ाना है : सम्राट

संकल्प पत्र में निवेश से लेकर नौकरी तक की बात

एजेंसी। पटना

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को पार्टी के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए कहा कि भाजपा अपने संकल्प पत्र को पूरा भी करती है। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में भाजपा की पॉलिसी नौकरी देने और जातीय गणना की है। जबकि, राजद केवल धन उगाही करती है। भाजपा मीडिया संवाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि संकल्प पत्र में 'ज्ञान' की बात कही गई है, जिसमें चार मजबूत स्तंभ, युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब को सशक्त करने की है। 2019 के संकल्प पत्र में 234 संकल्प लिए गये थे, जिसमें पहले 222 पूरे किए गए थे और 223वें के तौर पर सीएए लागू कर पूरा किया गया। अब तक चार करोड़ गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध करवा दिया गया है। संकल्प पत्र में और तीन करोड़ लोगों को चिन्हित कर पक्का मकान देने की चर्चा की गई है।

राजद का प्रथम धर्म सनातन का मजाक उड़ाना

राजद का प्रथम धर्म ही सनातन धर्म का मजाक उड़ाना है। सावन महीने में लालू यादव मटन बनाते हैं तो उनके पुत्र हेलीकॉप्टर में मछली खाते दिख रहे हैं, वह भी नवरात्र में। 15 साल में राजद की सरकार में 95 हजार लोगों को नौकरी मिली थी। बिहार में एनडीए की सरकार में 7.50 लाख नौजवानों को नौकरी दी गई है। जब 2025 में हम लोग वोट मांगने आएंगे तो उसके पहले हम लोग 10 लाख नौकरी दे चुके होंगे।

कमल नाथ के घर पहुंची पुलिस, सियासी हलचल तेज

छिंदवाड़ा। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। किसी जांच के सिलसिले में पुलिस छिंदवाड़ा में शिकारपुरा स्थित उनके घर पहुंची है। बताया जा रहा है कि पुलिस उनके घर पूछताछ के लिए पहुंची है, लेकिन किस मामले में, ये नहीं बताया गया है। बता दें कि कांग्रेस ने कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से फिर से चुनावी मैदान में उतारा है। बताया जा रहा है कि बीजेपी उम्मीदवार विवेक बंटी साहू ने कमल नाथ के खिलाफ कोई शिकायत की थी। बीजेपी की नजर इस सीट पर है। मुख्यमंत्री समेत बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता यहां चुनाव प्रचार करने पहुंच चुके हैं। मंगलवार को अमित शाह का यहां पर विशाल रोड शो होना है। बता दें कि छिंदवाड़ा में पहले चरण में ही मतदान 19 अप्रैल को है।

किसानों को पूरी गारंटी देने की मांग पर केंद्रीय मंत्री का विरोध प्रदर्शन

एजेंसी। हैदराबाद

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी किसानों से किए गए वादों को पूरा करने में कांग्रेस सरकार की 'विफलता' को लेकर सोमवार को यहां पार्टी कार्यालय में धरने पर बैठ गए। सरकार से उन किसानों को 25 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग करते हुए, जिनकी फसलें सिंचाई का पानी नहीं मिलने के कारण सूख गई थीं, किशन रेड्डी राज्य भाजपा मुख्यालय में 'रायथु दीक्षा' विरोध-प्रदर्शन पर बैठ गये। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेताओं ने दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफ करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के चार महीने बाद भी वह वादा पूरा करने में विफल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने वादा किया था कि 9 दिसंबर को नए कृषि ऋण माफ कर दिए जाएंगे।

आरबी प्रजापति होंगे इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार

भोपाल। मध्य प्रदेश की खजुराहो संसदीय सीट से कांग्रेस ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार आरबी प्रजापति को समर्थन देने का फैसला लिया है। ऐसे में आरबी प्रजापति गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। खजुराहो संसदीय सीट से सपा ने मीरा यादव को मैदान में उतारा था, मगर उनका नामांकन तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से निरस्त हो गया। दरअसल, इंडी गठबंधन ने आपसी समझौते के तहत खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी (सपा) को दिया था।

राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच से हमें दिक्कत नहीं : सुप्रिया श्रीनेत

कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं

चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है, जिसके अधीन इस समय कानून-व्यवस्था है

चुनाव आयोग ऐसे ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के हेलीकॉप्टर को चेक करे

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच की है। इस पर दिल्ली में कांग्रेस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जांच से हमें दिक्कत नहीं। लेकिन, आप सबके हेलीकॉप्टर की जांच कीजिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। लेकिन, चुनाव आयोग ऐसे ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के हेलीकॉप्टर को चेक करे। चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है, जिसके अधीन इस समय कानून-व्यवस्था है। 'सांच को आंच नहीं', आप चाहे कितनी भी जांच कर लीजिए। चुनाव आयोग से जुड़ी टीम ने सोमवार को तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर की जांच की थी।

अभी पापा की तबीयत खराब है, पहले बेटा-बेटी से लड़ लें : रोहिणी आचार्य

एजेंसी। पटना

बिहार की सारण लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने सोमवार को विरोधियों को चुनौती देते हुए कहा कि पापा (लालू प्रसाद) की अभी तबीयत खराब है, पहले उनके बेटा-बेटी से लड़ लें। उन्होंने पटना से अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए निकलने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि लालू प्रसाद के नाम से ही वे लोग थरथर कापते हैं। यदि लालू प्रसाद एक दिन निकल गए तो सबका डब्बा गुल हो जाएगा। उनलोगों को बस मौका चाहिए हम लोगों पर बोलने का और वो लोग उसी की तलाश में रहते हैं। रोहिणी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी हम लोगों से तो लड़ने की ताकत नहीं है उन लोगों में, पापा से क्या ही लड़ेंगे वो लोग। पापा मैदान में आ गए तो इन लोगों की बोलती बंद हो जाएगी। उन्होंने जनता के मूड को बदलाव का मूड बताते हुए कहा कि उन लोगों ने इतना झांसा दिया है कि जनता बदलाव के मूड में है।

रोहिणी आचार्य के पहले हम से लडें, वाले बयान पर चिराग का पलटवार

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रोहिणी आचार्य के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें रोहिणी ने कहा था कि पापा की तबीयत खराब है, ये लोग पहले हम से लड़ लें। चिराग पासवान ने कहा, चार जून को देख लेंगे। चिराग पासवान ने पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले दलों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि ये लोग जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक भाषा का उपयोग करेंगे।

पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट सहित कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाजपा को समर्थन दिया

कला और संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया

एजेंसी। जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपना समर्थन देने की घोषणा की। इससे पहले, कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि कुछ पद्म पुरस्कार विजेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। हालांकि, भाजपा ने कहा है कि 'कला और संस्कृति क्षेत्र के दिग्गजों ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है और मतदाताओं से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने की अपील की है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि यह गर्व की बात है कि कला और संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया है। उन्होंने कहा, इन सभी लोगों ने देश का सांस्कृतिक गौरव बढ़ाया है। भाजपा भाग्यशाली है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विभिन्न क्षेत्रों के इन दिग्गजों का समर्थन मिला है। पद्मभूषण से सम्मानित पंडित विश्व मोहन भट्ट ने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव बढ़ता देख रहे हैं और भारत का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। पीएम मोदी '2047 तक विकसित भारत' के संकल्प के साथ देश को आगे ले जा रहे हैं। हमारी कला का सम्मान किया गया है और सभी ने हमें बहुत सम्मान दिया है।

प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान बढ़ा है। आज भारत के सांस्कृतिक गौरव की चर्चा विदेशों में होती है, इसलिए हम फिर तीसरी बार पीएम मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार चाहते हैं। एक कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री तिलक गिताई और अन्य प्रसिद्ध कलाकार भी मौजूद थे, जिसमें पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की।

आज का राशिफल

मेष — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

वृषभ — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

मिथुन — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इंतजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाए रखें।

कर्क — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

सिंह — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

कन्या — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

तुला — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग है।

वृश्चिक — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

धनु — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

मकर — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

कुम्भ — स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

मीन — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

न्यूज बॉक्स

बागी के उतरने से नवादा में राजद की मुश्किलें बढ़ीं

नवादा। बिहार के नवादा सीट पर राजद से बगावत कर चुनावी मैदान में उतरे विनोद यादव ने यहां के संघर्ष को त्रिकोणीय बना दिया है। राजद के लिए यहां की राह अब मुश्किल नजर आने लगी है। इस चुनाव में नवादा सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के बीच माना जा रहा था, लेकिन अब ये मुकाबला दिलचस्प हो गया है। सीट इस बार एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के बदले भाजपा के खाते में चली गई है। भाजपा ने नवादा से भूमिहार समाज से आने वाले विवेक ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि महागठबंधन की ओर से राजद ने श्रवण कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है। राजद के प्रत्याशी की घोषणा होते ही राजद के नेता विनोद यादव पार्टी से खिलाफत कर चुनावी मैदान में उतर गए। देखा जाए तो इस सीट पर एनडीए का दबदबा रहा है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के भोला सिंह और वर्ष 2014 में गिरिराज सिंह ने जीत का परचम लहराया था। पिछले चुनाव में यह सीट लोजपा के खाते में थी और चंदन सिंह की जीत हुई थी। 2004 के चुनाव में राजद के प्रत्याशी वीरचंद्र पासवान यहां से विजयी हुए थे।

टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग दिल्ली वालों के प्रति कितने जिम्मेदार होंगे : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली की उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट को लेकर मुकाबला अब रोचक होता नजर आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस सीट से कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मनोज तिवारी को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कांग्रेस द्वारा कन्हैया कुमार को इस सीट से टिकट दिए जाने पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग, दिल्ली और दिल्ली वालों के प्रति कितने जिम्मेदार होंगे? मनोज तिवारी ने कहा कि इस चुनाव में जो लोग 40 दिनों के भ्रमण पर आए हैं, वह लोग आएंगे तो हमारे क्षेत्र में 14,600 करोड़ का जो कार्य हुआ है, उसे देखेंगे। वैसे टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग दिल्ली वालों के प्रति कितने जिम्मेदार हो सकते हैं, जो देश या सेना का सम्मान नहीं कर सकते हैं? अगर भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी की बात करें तो उन्होंने दिल्ली की उत्तर पूर्वी सीट से 2014 और 2019 में लगातार दो बार चुनाव में जीत हासिल की है।

संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के लिए थल सेनाध्यक्ष उज्बेकिस्तान हुए रवाना

नई दिल्ली। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे सोमवार को उज्बेकिस्तान गणराज्य की यात्रा पर रवाना हुए। उज्बेकिस्तान में सोमवार से भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाएं संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू करने जा रही हैं। 'डस्टलिक' नाम के इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में आतंकवाद विरोधी समेत कई महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शामिल हैं। इस बार यह संयुक्त युद्धाभ्यास उज्बेकिस्तान के तरमेज जिले में हो रहा है। यह युद्धाभ्यास 15 से 28 अप्रैल 2024 तक चलेगा। जनरल मनोज पांडे की यह यात्रा भारत और उज्बेकिस्तान गणराज्य के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कोलकाता में ही छिपा था बेंगलुरु ब्लास्ट का एक और आतंकी

कोलकाता। बेंगलुरु ब्लास्ट मामले में दो आतंकवादियों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तारी के बाद अब नया खुलासा किया है। जिसमें दावा किया गया है कि दो नहीं बल्कि एक अन्य तीसरा आतंकी मुजम्मिल शरीफ भी कोलकाता में छिपा था। ब्लास्ट के बाद वह कोलकाता भाग आया और बीच में जब चेन्नई गया तो गिरफ्तार कर लिया गया। अपनी गिरफ्तारी के बाद कोलकाता में छिपे दो अन्य आतंकी अब्दुल मथिन अहमद ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब को उसने मैसेज भेज कर कहा था कि कोलकाता सुरक्षित नहीं है इसलिए कहीं और भाग जाओ।

बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

एजेंसी। पेरिस

एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा।

वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और

कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पधाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं। ट्रैक को कवर करने के लिए वल्केनाइज्ड रबर' के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे।

रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता 4 और 5 मई को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 4 और 5 मई को रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें रांची के विभिन्न स्कूल, कॉलेज एवं योग संस्थान के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।

एसोसिएशन के मुख्य सचिव सुशांत भट्ट ने बताया कि यह प्रतियोगिता यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के हॉल में आयोजित की जाएगी। 4 मई को प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 1:00

बजे से होगा। इस प्रतियोगिता में 4 साल से 60 साल या उससे अधिक उम्र के पुरुष एवं महिला भाग ले सकते हैं। न्यूनतम आयु सीमा 4 साल रखी गई है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने एवं प्रतियोगिता की जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9835128289 और 8863963276 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में झारखंड स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन के मुख्य सचिव सुशांत भट्ट एवं राहुल पोद्दार, सुजित कुमार, अर्चना सचदेवा, इंदु महतो, शीतल महतो, अविनाश पटेल आदि उपस्थित थे।

रॉयल्स को हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा केकेआर

एजेंसी। कोलकाता

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नारायण की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नारायण थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी। मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारायण की चुनौती का हल ढूंढना होगा।

यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे।

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), अवेश खान, कुलदीप सेन, युजवेंद्र चहल केशव महाराज, ट्रेंट बोल्ट

कोलकाता नाइट राइडर्स : सुनील नारायण, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, फिल साल्ट (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, मिशेल स्टार्क, हर्षित राणा

ब्रिटिश बॉक्सर विली लिमोंड का 45 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली। पूर्व ब्रिटिश और राष्ट्रमंडल सुपर-लाइटवेट चैंपियन विली लिमोंड की ग्लासगो के पास गाड़ी चलाते समय दौरा पड़ने के एक सप्ताह बाद 45 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई। विली लिमोंड को अपनी कार में बेहोश पाए जाने के बाद अस्पताल ले जाया गया। उन्हें ग्लासगो में एक पब्लिक ट्रेनिंग सेशन में भाग लेना था। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उनके बेटे जेक ने कहा, पापा का सुबह निधन हो गया। उन्होंने लगभग 10 दिनों तक संघर्ष किया, एक योद्धा की तरह। लिमोंड ने आखिरी बार सितंबर में हमवतन रिकी बर्न्स का सामना किया था और इस साल 3 मई को जो लॉज के खिलाफ ग्लासगो में रिंग में कमबैक करने वाले थे। 1999 से 2023 तक, लिमोंड ने अपने 48 पेशेवर मुकाबलों में से 42 जीते, जिनमें 13 नॉकआउट शामिल थे। हालांकि, उनमें से केवल तीन मैच 2016 के बाद शामिल हैं। लिमोंड की छह में से चार हार विश्व खिताब जीतने वाले बॉक्सर के खिलाफ थी जिसमें - अमीर खान, एंथोनी क्रोला, एरिक मोरालेस और रिकी बर्न्स का नाम शामिल है।

नेट पर धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी का अभ्यास करते हैं : एरिक सिमंस

मुंबई । चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि उनके गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी करते हैं और ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने वाली रणनीतियां मैच के दौरान भी अच्छा काम करती हैं। धोनी सुपरकिंग्स की पारी की आखिरी चार गेंदों पर बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली तीन गेंदों पर छक्के लगाकर टीम को रविवार रात मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के आखिरी ओवर में 26 रन जुटाने में मदद की। उनकी चार गेंद में नाबाद 20 रन की पारी अंत में अंतर साबित हुई और मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हराकर सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। सिमंस ने कहा, वे हमें 200 रन से कम पर रोकने पर विचार कर रहे थे और फिर वे अचानक इस तरह के एक ओवर के साथ 206 रन का सामना कर रहे थे। वह हर बार हमें आश्चर्यचकित करता रहता है। वहां जाना और पहली ही गेंद पर छक्का जड़ना और फिर उसकी तरह बल्लेबाजी जारी रखना आसान नहीं है।' उन्होंने कहा, ह्यलेकिन वह नेट्स पर शानदार बल्लेबाजी कर रहा है... महेंद्र सिंह धोनी का एक और अविश्वसनीय पल।'

ढाका जाने से पहले भारतीय दल को दी गई भव्य विदाई

नई दिल्ली। स्पेशल ओलंपिक भारत ने सोमवार को स्पेशल ओलंपिक साउथ एशिया 7-ए-साइड यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 के लिए ढाका जाने वाले भारतीय दल के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 16 से 20 अप्रैल 2024 तक ढाका में होने वाला है। इस समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ तरनजीत और एमआरआईआईआरएस के डीन डॉ एनसी वाधवा (आईएएस, सेवानिवृत्त) मौजूद थे। स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक वीरेंद्र कुमार महेंद्रू ने भी दर्शकों को संबोधित किया। उपस्थित दर्शकों की खुशी के लिए और भारतीय एथलीटों की प्रतिभा की झलक दिखाने के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों के दो एक्सीवेशन मैच भी आयोजित किए गए।

टी20 वर्ल्ड कप : टीम इंडिया की जल्द हो सकती है घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरूआत में कुछ ही दिन बचे हैं, और इसके लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। टीम का चयन अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकताओं की मीटिंग में किया जाएगा, जो कि इस महीने की आखिरी तारीख या अगले माह के पहले दिन हो सकती है। इसी बीच टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है।

आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। इसके लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकताओं की मीटिंग इस महीने की आखिरी तारीख या अगले माह के पहले दिन हो सकती है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है।

टीम के प्रमुख खिलाड़ी

- **बल्लेबाज (5):** कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली, नंबर-1 बल्लेबाज सूर्यकुमाय यादव, ओपनर यशस्वी जायसवाल, और रिंकू सिंह।
- **विकेटकीपर (2):** विकेटकीपर बल्लेबाजों के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन। पंत ने आईपीएल 2024 के जरिए प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी की है। पंत ने कुछ धमाकेदार पारियां खेलकर फॉर्म में होने के संकेत दिए हैं। विकेट के पीछे भी पंत का प्रदर्शन शानदार रहा है। उधर संजू सैमसन को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिल सकती है। संजू मौजूदा आईपीएल सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्ले से शानदार खेल दिखा रहे हैं।
- **ऑलराउंडर (3):** ऑलराउंडर्स की बात करें तो हार्दिक पंड्या की टीम में एंट्री हो सकती है। हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हैं। इसके अलावा रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे भी इस लिस्ट में शामिल हैं।
- **स्पिनर्स (2):** विशेषज्ञ स्पिन गेंदबाजों के तौर पर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया जा सकता है। लेग-स्पिनर चहल भारत के लिए टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है और वह आईपीएल में शानदार खेल दिखा रहे हैं।
- **तेज गेंदबाज (3):** फास्ट बॉलिंग यूनिट में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की जगह पक्की लग रही है। वहीं मोहम्मद सिराज को भी तीसरे स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया जा सकता है। सिराज मौजूदा आईपीएल सीजन में महंगे साबित जरूर हुए हैं। मगर इंटरनेशनल लेवल उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

व्यापार/लाइफ व साइंस

देश के वस्तुओं का निर्यात मार्च में मामूली घटकर 41.68 अरब डॉलर पर

एजेंसी। नई दिल्ली देश के निर्यात में भू-राजनीतिक तनाव के कारण गिरावट आई है। मार्च, 2024 में वस्तुओं का निर्यात मामूली रूप से घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यह 3.11 फीसदी की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च में वस्तुओं का निर्यात घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यह 3.11 फीसदी की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के मुताबिक मार्च के महीने में देश का आयात भी 5.98 फीसदी घटकर 57.28 अरब डॉलर रहा है। इस तरह 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में देश का व्यापार घाटा 15.6 अरब डॉलर रहा। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल आयात 677.24 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 715.97 अरब डॉलर से 5.41 फीसदी कम है। इस दौरान देश का व्यापार घाटा 240.17 अरब डॉलर था। मंत्रालय के मुताबिक मार्च 2024 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) 70.21 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो मार्च 2023 की तुलना में -3.01 फीसदी की नकारात्मक वृद्धि को दशार्ता है। मार्च 2024 में कुल आयात 73.12 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो मार्च 2023 की तुलना में -6.11 फीसदी की नकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित कर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि देश का कुल व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के 121.62 अरब डॉलर से 35.77 फीसदी सुधरकर वित्त वर्ष 2023-24 में 78.12 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने व्यापार आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के हालात पर मंत्रालय की नजर बनी हुई है, उन्होंने बताया कि उसके हिसाब से उचित कार्रवाई की जाएगी।

आलू-प्याज की कीमतों में हुआ इजाफा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। सरकार की ओर से जारी थोक महंगाई के आंकड़ों से इसका पता चला है। फरवरी में डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर 0.20 फीसदी पर थी। यह मार्च में बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसमें सबसे ज्यादा इजाफा आलू और प्याज की कीमतों में देखने को मिला है। थोक महंगाई दर मार्च के महीने में मामूली रूप से बढ़ी है। देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक महंगाई मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2022 में यह 5.02 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, " अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक आंकड़ों पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही। "आलू की मुद्रास्फीति मार्च 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च 2024 में 52.96 प्रतिशत रही। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई।

एमजी कॉमेट ईवी का टॉप वेरिएंट एक लाख रुपये दे करा सकते हैं फाइनांस

एजेंसी। नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में भले हर महीने उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं और इस सेगमेंट में देश की सबसे सस्ती कार एमजी कॉमेट ईवी अपनी स्थिति बेहतर करने की जद्दोजहद में है, लेकिन जो लोग किफायती इलेक्ट्रिक कार खरीदने की सोच रहे हैं, उनके लिए कॉमेट एक विकल्प तो जरूर है। ऐसे में हम वैसे लोगों के लिए यह लेख पेश कर रहे है, जो कॉमेट ईवी के टॉप वेरिएंट कॉमेट ईवी एक्सक्लूसिव एफसी फाइनैंस कराने की सोच रहे हैं।

▸▸ कीमत और रेंज

सबसे पहले कीमत और खासियत के बारे में बताएं तो MG Comet EV Exclusive FC की ऑन-रोड प्राइस 9,23,800 रुपये और ऑन-रोड प्राइस 9.82 लाख रुपये है। इस 4 सीटर इलेक्ट्रिक हैचबैक में 17.3 kWh की बैटरी लगी है, जो कि इलेक्ट्रिक मोटर के साथ 41.42 बीएचपी पावर और 110 न्यूटन मीटर पिक टॉर्क जेनरेट करता है। एक बार फुल चार्ज करने पर 230 किलोमीटर तक चलने वाली इस इलेक्ट्रिक कार में अच्छे फीचर्स दिए गए हैं।

▸▸ खूबियां

पांच आकर्षक कलर ऑप्शन के साथ ही पूरी तरह ऑटोमैटिक एमजी कॉमेट ईवी में मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, पावर अडजस्टेबल एक्सटीरियर रियर व्यू मिरर, इन्फोटेनमेंट सिस्टम और ड्राइवर डिस्प्ले के लिए डुअल स्क्रीन, इंजन स्टार्ट/स्टॉप बटन, पावर विंडो, एबीएस, पैसेंजर और ड्राइवर एयरबैग्स, पावर स्टीयरिंग, एसी, 12 इंच की ट्यूबलेस रेडियल टायर, शेयरिंग फंक्शन के साथ डिजिटल की, वॉयस कमांड समेत कई खूबियों से लैस इस इलेक्ट्रिक कार को वैसे शहरों के लोगों के लिए पेश किया गया है, जो ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या से पीड़ित हैं।

▸▸ फाइनांस ऑप्शन

आप अगर एक लाख रुपये डाउन पेमेंट के साथ एमजी कॉमेट ईवी एक्सक्लूसिव एफसी वेरिएंट को फाइनैंस कराते हैं तो फिर आपको 8.82 लाख रुपये लोन लेना होगा। मान लीजिए कि आप 5 साल के लिए कम से कम 9 पर्सेंट ब्याज दर पर लोग कराते हैं तो फिर अगले 60 महीने तक के लिए 18,309 रुपये मासिक किस्त, यानी ईएमआई के रूप में चुकाने होंगे। ऊपरी शर्तों के आधार पर एमजी कॉमेट ईवी एक्सक्लूसिव एफसी वेरिएंट को फाइनैंस कराने पर करीब 2.17 लाख रुपये ब्याज लग जाएंगे।

मेड इन इंडिया गाड़ियों की विदेशों में घटी डिमांड

एक्सपोर्ट में 5.5 फीसदी की गिरावट से कंपनियां परेशान

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में बनीं गाड़ियों की विदेशों में डिमांड घटती-बढ़ती रहती है और ऐसा सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के द्वारा जारी आंकड़ों से पता चल जाता है। बीते वित्त वर्ष के आंकड़ें कुछ सही संकेत नहीं दे रहे हैं। सियाम की अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक की मेड इन इंडिया वीइकल एक्सपोर्ट डेटा देखें तो इस अवधि में पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 5.5 फीसदी की गिरावट हुई है।

कार एक्सपोर्ट में बढ़ोतरी

यहां बताना जरूरी है कि पिछले वित्त वर्ष में पैसेंजर कारों का निर्यात 1.4 फीसदी बढ़कर 6,72,105 यूनिट हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 यूनिट था। एक साल पहले इसी अवधि में मारुति सुजुकी ने 2,80,712 कारों का निर्यात किया था। इससे पिछले वित्त वर्ष में मारुति का निर्यात 2,55,439 यूनिट रहा था। हुंडई मोटर इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 1,63,155 यूनिट्स एक्सपोर्ट किए। इससे पिछले वित्त वर्ष में इसने 1,53,019 वाहनों का निर्यात किया था। किआ मोटर्स ने बीते वित्त वर्ष के दौरान 52,105 वाहनों का निर्यात किया, जबकि फॉक्सवैगन इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 44,180 इकाइयों का निर्यात किया।

मौद्रिक संकट की वजह से एक्सपोर्ट घटा

सियाम का कहना है कि कई विदेशी बाजारों में मौद्रिक संकट की वजह से देश से वाहनों के निर्यात में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 45,00,492 यूनिट रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 47,61,299 यूनिट था। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न विदेशी बाजारों में परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देश, जहां हम वाणिज्यिक वाहन और दोपहिया निर्यात के मामले में बहुत मजबूत हैं, विदेशी विनिमय से संबंधित मुद्दों का सामना कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में जहां उल्लेखनीय गिरावट आई।

रियलमी पी सीरीज 15,999 की शुरूआती कीमत पर लॉन्च

नई दिल्ली। चायनीज टेक कंपनी रियलमी ने मीड रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में 'रियलमी P सीरीज लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस सीरीज में दो स्मार्टफोन- 'रियलमी P1 5G और 'रियलमी P1 प्रो' को केवल भारतीय कस्टमर्स के लिए लॉन्च किया है।

रियलमी P1 प्रो में स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 प्रोसेसर, 50MP सोनी LYT OIS कैमरा और 6.7 इंच का फुल एचडी कर्व्ड डिस्प्ले दिया गया है। वहीं, रियलमी P1 5G में मीडियाटेक डायमेंसिटी 7050 प्रोसेसर 6.67 इंच का फुल HD+ डिस्प्ले और 50MP का कैमरा कंपनी ने दिया है। कंपनी ने स्मार्टफोन को दो कलर ऑप्शन- फोनिक्स रेड और पैरोट ब्लू में लॉन्च किया है।

रियलमी P1 5G : स्पेसिफिकेशन

डिस्प्ले : रियलमी के इस डिवाइस में 120Hz रिफ्रेश रेट वाला 6.67 इंच का एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। जिसकी पीक ब्राइटनेस 2,000 निट्स है। रेनवाटर टच फीचर दिया गया है। यानी इस यानी स्क्रीन पर पानी होने के बावजूद टच नॉर्मल काम करेगा।

- **कैमरा :** फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए रियलमी P1 5G स्मार्टफोन के बैक पैनल पर 50MP का कैमरा जबकि सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए स्मार्टफोन में 16MP का कैमरा दिया गया है।
- **प्रोसेसर :** स्मार्टफोन में एंड्रॉयड 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर बेस्ड मीडियाटेक डायमेंसिटी 7050 प्रोसेसर कंपनी ने दिया है। इस प्रोसेसर को गेमिंग के लिए बेहतर माना जाता है।
- **बैटरी :** रियलमी P1 5G में 45w चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000एमएच की बैटरी कंपनी ने दिया है। इसे 0% से 50% तक 27 मिनट में चार्ज किया जाएगा।

रियलमी P1pro 5G : स्पेसिफिकेशन

- **डिस्प्ले :** रियलमी के इस डिवाइस में 120Hz रिफ्रेश रेट वाला 6.7 इंच का कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। जिसकी पीक ब्राइटनेस 2,000 निट्स है। IP65 डस्ट और वाटर रेजिस्टेंस स्मार्टफोन में रेनवाटर टच फैसिलिटी दी गई है।
- **कैमरा :** फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए रियलमी पी1 प्रो 5जीस्मार्टफोन के बैक पैनल पर 50MP+2MP का सोनी LYT OIS कैमरा दिया गया है। जबकि सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए स्मार्टफोन में 16MP का कैमरा दिया गया है।
- **प्रोसेसर :** स्मार्टफोन में एंड्रॉयड 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर बेस्ड स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 प्रोसेसर कंपनी ने दिया है।
- **बैटरी :** रियलमी P1 प्रो 5जी में 45w चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000एमएच की बैटरी कंपनी ने दिया है।

एक नजर

राज्य के श्रम मंत्री पहुंचे पत्थलगड़ा, यज्ञ में हुए शामिल

पत्थलगड़ा(चतरा)। राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड पहुंचे। इस दौरान प्रखंड के बरवाड़ीह पंचायत अंतर्गत बेलहर जजला में आयोजित नौ दिवसीय भगवान सूर्य व हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हो समिति के लोगों से मुलाकात की। साथ ही सूर्य मंदिर व यज्ञ मंडप में माथा टेका। दौरे के क्रम में जिप सदस्य रामसेवक दांगी, राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

अज्ञात चोरों ने की बिजली तार की चोरी

कुंदा(चतरा)। अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड अंतर्गत बोधाडीह पंचायत स्थित चाया गांव से सटे बेलबाटांड जंगल से पोल पर लगे तार अज्ञात चोरों द्वारा काट लिए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 2 माह पहले बिजली तार काट कर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। जिससे चाया गांव में बिजली आपूर्ति बाधित है। गांव में करीब 600 परिवार निवास करते हैं, जिसमें 450 वोटर हैं। इस संबंध में कई बार विभाग के साथ पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना दिया गया, लेकिन अभी तक गांव में बिजली बहाल करने को लेकर किसी ने पहल नही किया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के साथ जिला प्रशांसन प्रशासन से जल्द से जल्द गांव में बिजली सुविधा बहाल करने की मांग की है। ज्ञात हो कि कुंदा प्रखंड में अज्ञात चोरों ने तार काट कर करंट की रफ्तार पर ही ब्रेक लगा दिया है।

अज्ञात वाहन के धक्के से 30 वर्षीय व्यक्ति घायल, स्थिति गंभीर

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के कचहरी रोड में सड़क दुर्घटना में कुंड मोहल्ला निवासी समीम उर्फ मिट्ठू खलीफा के पुत्र साबित अहमद उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया की सोमवार की सुबह साबित बाइक पर सवार होकर स्टेशन रोड चाय पीने गया था।उधर से लौटने के दौरान कचहरी चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया।जिसमे साबित गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल साबित का इलाज करवा रहे हैं।

उत्पाद विभाग के छापेमारी में बड़ी मात्रा में कच्चा स्पिरिट सहित अवैध शराब बरामद

हरिहरगंज। उपायुक्त पलामू के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के वैद्य विगहा में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी की गयी. इस संबंध में उत्पाद विभाग के एसआई देवीलाल सोरेन ने बताया कि छापेमारी के क्रम में अवैध विदेशी शराब 25.92 लीटर, स्पिरिट 165 लीटर, अवैध चुलाई शराब 160 लीटर एवं जावा महुआ 4400 किलो ग्राम बरामद किया गया. वहीं अभियुक्त मुकेश कुमार एवं रूपेश कुमार, रवि शंकर साव उर्फ राजा तथा दीपक साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ ही चौती छठ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/गिद्धौर/टंडवा। लोक आस्था का महापर्व छठ जिला मुख्यालय के साथ गिद्धौर, पत्थलगड़ा, टंडवा, इटखोरी आदि प्रखंड़ों में उगते भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सोमवार को संपन्न हो गया। सुबह सूर्योदय होने के साथ ही अर्घ्यदान का क्रम आरंभ हो गया था। इसके बाद व्रती व उनके परिजनों ने भगवान भास्कर को अ?र्घ्य देकर खुद श्रमृद्धी की कामना की। इससे पहले अल सुबह से ही श्रद्धालु पास के छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। छठ में प्रातः कालीन अर्घ्य का विशेष महत्व है। यह प्रत्यक्ष देवों में एक भगवान भास्कर को अर्पित किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि पूरी आस्था के साथ अर्घ्य अर्पित करने वालों पर भगवान सूर्य की विशेष कृपा होती है। वे उसे अपने जैसा तेज प्रदान करते हैं। रोगों को हर लेते हैं। परिवार में सुख व शांति

प्रदान करते हैं। परंपरा है कि व्रती सूर्योदय के बाद अपने साथ स्वजनों से भी अर्घ्यदान कराती हैं। तांबे के पात्र में जल, एक चुटकी रोली, चंदन, हल्दी, अक्षत व लाल पुष्प डालकर गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने की परंपरा है। चार दिवसीय महापर्व शुक्रवार को नहाखाय से प्रारंभ हुआ। इसके बाद शनिवार को खरना पूजा तथा नियम पूर्वक रविवार को पहला अर्घ्य भगवान भास्कर को दिया गया। वहीं सोमवार को उदयमान भास्कर को अर्घ्य देकर महापर्व संपन्न हुआ। चौती छठ पूजा काफी उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में लोक आस्था का महापर्व चौती छठ मनाया गया। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामसागर में लोक आस्था के चौती छठ पर्व पर दोनो बेला भगान सूर्य को अर्घ्य व्रतियों द्वारा अपर्ति किया गया। पूजा को लेकर छठ घाट को बेहतरीन तरीके से सजाया गया था।

चार दिवसीय चैती छठ पूजा धूमधाम से संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू जिले में लगातार चार दिनों तक चल रही आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा सोमवार को महिलाओं द्वारा अलसुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया है। चैती छठ पूजा के अवसर पर कोयल नदी, अमानत नदी, जलाशय तथा तालाब पर बनाए गए छठ घाटों पर पूजा सामग्री लेकर जहां रविवार शाम को छठ व्रतियों ने अस्तचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया तो वहीं सोमवार सुबह को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ को संपन्न किया। जानकारी के मुताबिक पलामू जिले में चैती छठ पूजा बड़े ही आस्था व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस चार दिवसीय चैती छठ पूजा में व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत भी रखे। यदि छठ व्रतियों की माने तो चैती छठ पूजा में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखने से उनके मन को शांति

व प्रसन्न मिलती है, तथा हर साल एक नई उर्जा का अनुभव भी होता है। भगवान भास्कर प्रत्यक्ष देव हैं, जिनका प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है। मेदनीनगर हमीदगंज निवासी छठव्रती किरण देवी, मंजू देवी ने बताया कि छठी मईया के प्रति हमारी गहरी आस्था है। इसलिए हम अपने घर परिवार के सुख शांति व समृद्धि के लिए पिछले कई सालों से लगातार चैती छठ पूजा में 36 घंटे का निर्जला व्रत रख रहे हैं। चैती छठ पूजा करने से एक ओर जहां हमारे आत्मा को शांति मिलती है, वहीं जीवन में सुचिता भी आती है। व्रत में परिवार वालों का हमें संपूर्ण सहयोग मिलता है, और इससे हमारे मन को भी शांति मिलती है।

एनटीपीसी में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया गया जागरूकता

टंडवा (चतरा)। पूरे टंडवा प्रखंड क्षेत्र में मतदान के प्रति आमलोगों में जागरूकता हेतु जिला प्रशासन (एसवीईपी) के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस दौरान सोमवार को एनटीपीसी के प्रशासनिक भवन परिसर में मतदाता जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस

दौरान वोट फॉर 20 मई का बेहतरीन मानव श्रृंखलाबद्ध प्रदर्शन कर तमाम अधिकारियों व कामगारों ने मतदाताओं को जागरूकता संदेश दिया। प्रबंधन ने जारी बयान में बताया कि उपायुक्त् सह जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम आयोजित कराया गया है। जहां लोगों को संबोधित करते हुवे एचओपी स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्वों पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर एसडीओ सनी राज समेत परियोजना प्रबंधन के सभी अधिकारी व कामगार मौजूद थे।

बेटे ने रॉड से मारकर की पिता की हत्या

मेदिनीनगर। पांकी थाना क्षेत्र के चांपी गांव में एक कलयुगी बेटे ने पिता और बेटे के रिश्ते को तार-तार किया है. रिकेश भुईया (21 वर्षीय) ने पंखे के रॉड से मारकर अपने पिता कृष्णा भुईया की हत्या कर दी. घटना की सूचना पाकर पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। इधर पांकी पुलिस ने कांड संख्या 41/2024 दर्ज कर

धारा 302 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पांकी पुलिस के अनुसार रिकेश भुईया ने बयान दिया कि मां के निधन के बाद उसके पिता सभी पुश्तैनी जमीन को बेच रहे थे। विरोध करने के बाद भी वो नहीं मान रहे थे।इसी बात से वह अपने पिता से काफी परेशान रह रहा था।रविवार की सुबह उसकी अपने पिता से बहस हो गयी। इसी बीच बेटे को गुस्सा आ गया और उसने पंखे के रॉड से पिता पर वार कर दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

बीआरसी में नेत्र पीड़ित 20 छात्रों को मिला चश्मा

हुसैनाबाद। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ब्लाइंडनेस एंड विजीबल कार्यक्रम के तहत जरुरतमंद छात्र छात्राओं बीच चश्मा का वितरण किया गया। प्रखंड संकुल संसाधन केन्द्र, इंटवा हैदरनगर में सोमवार को आयोजित एक

कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के दृष्टिदोष व जरुरतमंद कुल 20 छात्र - छात्राओं को नेत्र सहायक डॉ. दयानंद कुमार ने देकर लाभान्वित है। इससे पूर्व इनकी विधिवत आंख की जांच की गई थी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की राष्ट्रीय अंधत्व व अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 20 विद्यालयों में छात्रों के आंख की जांच पूर्व में की गई थी। जांच उपरांत 20 चिन्हित जरुरतमंद छात्रों के बीच चश्मा का वितरण किया गया है। आने वाले समय मे प्रखंड के अन्य विद्यालय के छात्र छात्राओं का नेत्र जांच कार्यक्रम चलाया जायेगा। इसके बाद चिकित्सीय सलाह पर चश्मा का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नेत्र रोग से पीड़ित छात्रों को शिक्षा में बाधा न हो, इसे लेकर भारत सरकार यह कार्यक्रम चलाती है।

सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए बाजार में हो रहा कृत्रिम रंगों का प्रयोग

- इन सब्जियों को खाने से हो सकती है गंभीर बीमारी

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

शहर के एलआईसी बिल्डिंग रोड सब्जी बाजार में सब्जी विक्रेताओं द्वारा हरी सब्जी के नाम पर लोगों को मीठा जहर परोसा जा रहा है। दुकानदारों द्वारा परवल, करेला,भिंडी सहित अन्य हरी सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए इसे हरे रंगों में डूबोकर अपने-अपने दुकानों में सजाई जाती है। वहीं हरी सब्जी खरीदने आए ग्राहकों को दो दिन पुरानी सब्जी को ताजा बताकर बेच दिया जाता है। ऐसे में यदि कोई ग्राहक हरी सब्जी में हरे रंगों की मिलावट कर बेचे जाने की शिकायत दुकानदार से करता है, तो दुकानदार उस ग्राहक से उलझ जाता है।वही सदर अस्पताल जे

चिकित्सक ने बताया कि सब्जियों में हरे रंगों की मिलावट कर बेचा जाना लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ हो रहा है। रंगों में जहरीला पदार्थ होने के कारण इंसान के शरीर पर यह कई प्रकार का दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि यदि मजबूरी वश लोग ऐसी सब्जी खरीद कर घर ले आते हैं।

सब्जी विक्रेताओं पर जिला प्रशासन की नहीं है नजर

बाजार में किस प्रकार की हरी सब्जियां बेची जा रही है। इसकी कभी जिला प्रशासन के लोगों द्वारा जांच नहीं कराई जाती है। जिस कारण किसानों से लेकर सब्जी विक्रेता तक उपजाने से लेकर बेचने तक के काम में गलत रसायन एवं कृत्रिम रंगों का उपयोग कर रहे हैं। जो ग्राहकों तक पहुंच कर वह जहरीला हो जाता है। जो लोगों के सेहत के लिए खतरनाक है। इस ओर आज तक कृषि विभाग के अधिकारियों की भी नजर नहीं गई है। किसी समन्वयक भी किसानों को सब्जियों के उत्पादन में गलत रसायन का उपयोग करने से मना तक नहीं करते हैं।

अध्यापक की सड़क दुघर्टना में हुई मौत

हरिहरगंज। हरिहरगंज प्रखंड के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में कार्यरत दिव्यांग सहायक अध्यापक 42 वर्षीय अखिलेश पटेल की मेदिनीनगर में हुई सड़क दुघर्टना में मौत हो गयी. वे चुनाव कार्य हेतु प्रशिक्षण लेने अपने साला के साथ मेदिनीनगर गए थें। बताया जाता है कि रेड़मा बाईपास रोड़ में हाईवा की चपेट आने से उनकी मौत हो गयी घटना की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी, दो पुत्री, एक पुत्र सहित परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी सहायक अध्यापक की असामयिक निधन पर मुखिया फुल कुमारी देवी, पूर्व मुखिया अनिल सिंह, प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष सूरजमल राम, शिक्षक राकेश कुमार, मीना कुमारी, अब्दुल कलाम आजाद, नवीन कुमार, ललन सिंह, सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

उदीयमान सूर्य को दिया गया अर्घ्य, चैती छठ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा का समापन हो गया. सोमवार को अहले सुबह से ही डंडई के बगीचा छठ घाट पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने दानरो नदी में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। सभी ने नेम-निष्ठा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अपर्ण कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने हवन कर 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला व्रत को संपन्न किया। इसके बाद प्रसाद खाकर पारण किया और घर में बने अरवा चावल का भात, कढ़ी, चने की दाल, सब्जी आदि का आहार ग्रहण किया। गौरतलब है कि कार्तिक छठ व्रत की तरह ही चैती छठ भी कठिन तप वाला व्रत माना जाता है। इस व्रत में चार दिवसीय अनुष्ठान होता है, जिसमें पहले दिन दाल-चावल और कद्दू की सब्जी का भोग लगता है। दूसरे दिन खरना होता है। खरना में चावल की खीर, पूड़ी और फलहार का प्रसाद बनाया जाता है। खरना के अगले दिन शाम के समय अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया जाता है, जबकि उसके अगले दिन उदयाचलगामी भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो जाता है।

न्यूज बॉक्स

माइंस स्थल का अधिकारियों ने की जांच, कागजात व ब्लास्टिंग आदेश की कॉपी जमा करने का दिया निर्देश

गिद्धौर (चतरा)। जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोपो व एसडीओ समिरिया सनी राज ने सोमवार को गिद्धौर प्रखंड के इचाक में संचालित होने वाले राजश्री स्टोन माइंस की जांच की। जिला खनन पदाधिकारी ने माइंस संचालक से माइंस स्थल से संबंधित कागजात के साथ ब्लास्टिंग करने के आदेश की कॉपी जमा

करने का निर्देश दिया। वहीं अंचल अधिकारी को विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा। बताते चले की माइंस का कार्य करीब एक वर्ष के बाद प्रारंभ हुआ है। कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में रोजगार की आश जगी है। मौके पर अंचल अधिकारी राकेश सहाय सहित अन्य उपस्थित थे।

संतोष निराला बने ठाकुरबाड़ी मोहल्ला रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी मोहल्ला रामनवमी अखाड़ा समिति का पुनर्गठन किया गया। गठित समिति में संतोष कुमार दांगी को अखाड़ा अध्यक्ष मनोनित किया गया। मौके पर सार्वजनिक नव युवक विकास संघ के अध्यक्ष कपिल कुमार, सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, निर्देशक जितेंद्र

कुमार जीतू, बबलू कुमार साव, यदुनंदन पांडेय, उदय शंकर कुमार, अमीर दांगी, नीतीश कुमार, संतोष दास, गेंदालाल दांगी, राजेश कुमार राजू, लक्ष्मण दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

टंडवा के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

टंडवा (चतरा)। सोमवार देर शाम टंडवा प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी महापर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त रुप से फ्लैग मार्च किया। जिसका नेतृत्व एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार कर रहे थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर बाजार टांड, दुर्गा मंडप परिसर होते हुवे शहीद चौक तक निकाली गई। पश्चात सराढु,

बड़गांव, मिश्रौल, खरीका, कामता के विभिन्न चौक-चौराहों व मुहल्लों में भ्रमण कर आमलोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही किसी भी अप्रिय घटनाओं से निपटने में पुलिस प्रशासन ने अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया?। पर्व त्यौहारों में संवेदनशीलता को देखते हुवे लोगों से अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान नहीं देने व किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना अविलंब प्रशासन से साझा करने की बातें कही गई। मार्च में अंचल अधिकारी राजेन्द्र दास, बीडीओ देवलाल उरांव, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

सेवानिवृत चतुर्थ वर्गीय कर्मी मंगलेश्वर उरांव को दी गई भावपूर्ण विदाई

चतरा। सोमवार को चतरा महाविद्यालय चतरा में समारोह आयोजित कर भौतिकी विज्ञान विभाग में कार्यरत सेवानिवृत चतुर्थ वर्गीय कर्मी मंगलेश्वर उरांव को भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा द्वारा पुष्प गुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह

श्री उरांव को प्रदान किया गया एवं उनके 41 वर्षों के कार्यों की सराहना की गई। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीएन राम द्वारा श्री उरांव के निष्ठा पूर्वक कार्यों की सराहना करते हुए उदाहरण दिए। वही राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. एल्विन बाखला ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 41 वर्षों तक कॉलेज में योगदान बिना किसी दाग के पूरा किया, ये तपस्या या साधना उन्होंने अपने घर परिवार से दूर रहकर पूरा किया, महाविद्यालय परिवार उनका सदा ऋणी रहेगा। बीएड विभाग की प्रोफेसर शोभा कुजूर ने उनके आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कालेज के सभी विभागों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

एसडीओ पहुंचे गिद्धौर, मतदान केंद्रों के साथ रामनवमी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

गिद्धौर (चतरा)। सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज सोमवार को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों का जायजा लिया। इस क्रम में चुनाव आदर्श आचार संहिता का पालन करने का निर्देश देने के साथ रामनवमी महापर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीओ ने मौके पर उपस्थित बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीण एवं राम भक्तों से सरकारी गाइडलाइन के अनुसार महापर्व को मनाने की अपील की। एसडीओ ने गांगपुर गिद्धौर सहित अन्य अखाड़ा का जायजा लिया। वहीं दौरे के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। जहां पर शौचालय,पेयजल,बिजली आवागमन सहित अन्य सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया।

रामनवमी त्योहार को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

मेदिनीनगर। रामनवमी त्योहार को लेकर पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च में 500 से अधिक जवान शामिल हुए। त्योहार के माहौल में शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च पूरे शहर का भ्रमण करते हुए टाउन थाना पहुंची। इसमें पलामू डीसी शशि रंजन और एसपी रिशमा रमेशन समेत कई टॉप पुलिस अधिकारी शामिल थे।। डीसी शशि रंजन ने बताया कि रामनवमी को लेकर प्रशासनिक विभाग अलर्ट है। उन्होंने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी त्योहार मनाने की अपील की।मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि रामनवमी को लेकर प्रशासन का पहला के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया है।इसमें सिविल एवं पुलिस प्रशासन के कई पदाधिकारी और जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च से निर्धारित रूट को समझने की कोशिश की गयी। साथ ही माहौल भी बनाने का प्रयास किया गया।उन्होंने कहा कि इससे विधि व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है।

पेज एक के शेष

चुनावों को कालेधन से...

विपक्ष के लिए यह एक राजनीतिक हथियार था। अब मंदिर बन गया है, इसलिए मुद्दा उनके हाथ से निकल गया है। उन्होंने कहा, जहां तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बात है तो उन्हें न्योता मिला लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया जबकि उन्हें गर्व होना चाहिए था। इससे स्पष्ट होता है कि उनके लिए वोट बैंक ही सबसे जरूरी है। ये किसी को नीचा दिखाना अपना अधिकार मानते हैं लेकिन मैं कहता हूं- ये तो नामदार हैं और मैं कामदार हूं। देश के लिए अपने विजन 2047 पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2047 का जो मेरा विजन है वो मोदी की बपौती नहीं है। इसमें 15-20 लाख लोगों के विचारों को समाहित किया गया है। एक प्रकार से इसकी ऑनरशिप देश की है। मैंने उसको डॉक्यूमेंट के रूप में बनाया है।

सड़क हादसा में ...

पिकअप वेन तेज रफ्तार में रातू बड़ा तालाब की ओर जा रहा था। इसी बीच काठीटांड़ शिव मंदिर के पास हाईवे में एक बाइक सवार को बचाने के दौरान पिकअप ड्राइवर ने अपनी गाड़ी को डिवाइडर की ओर घुमा दिया। इससे पिकअप डिवाइडर पर चढ़ गया। उसी वक्त उधर से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी टक्कर हो गई। पिकअप का एक साइड को काटते हुए ट्रैक्टर निकल गया। ट्रैक्टर में बालू लदा हुआ था। घटना के बाद ट्रैक्टर का चालक वाहन छोड़ कर भाग गया। बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पिकअप वैन चलाने वाले ड्राइवर का ही परिवार गाड़ी में सवार था। पिकअप वैन पर सवार लोग रातू स्थित चटकपुर गांव के निवासी हैं। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल भेजा। बरियातू थान प्रभारी ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं का इलाज रिम्स के सर्जरी विभाग में किया जा रहा है।

भूगर्भ जलस्तर दुरुस्त रखने ...

राजधानी झारखंड में भूगर्भ जलस्तर दुरुस्त रखने का हर संभव प्रयास सरकार करे।

कोर्ट ने भूमिगत जल के नीचे जाने पर जल संसाधन विभाग, नगर विकास विभाग सहित संबंधित विभाग, केंद्रीय भूजल बोर्ड, मामले के एमिकस क्यूरी को संयुक्त रूप से मिल कर एक सुझाव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट के आलोक में राज्य सरकार से पूछा है कि कांके डैम एवं गेतलसूद डैम में क्या जलकुंभी लगी हुई है? अगर जलकुंभी है तो इसे अविलंब हटाया जाये। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से रिपोर्ट दायर कर बताया गया कि रांची में अत्यधिक आबादी, पिछले 50 साल में तालाबों के अस्तित्व समाप्त होने, वर्षा कम होने आदि के कारण जलस्तर नीचे की ओर जाता जा रहा है। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि नगर निगम ने भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बनाये हैं। इसके साथ 300 स्क्वायर मीटर या उससे अधिक के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाना जरूरी है।

व्याख्याता नियुक्ति गड़बड़ी में ...

जेपीएससी की ओर से बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के आलोक में इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, निचली अदालत में यह मामला आरोपितों की उपस्थिति पर चल रहा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका अभी भी अस्तित्व में है, इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अभी भी चल रही है। जेपीएससी एवं सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के निष्पादन के बाद करने का निर्देश दिया। वर्ष 2008-2009 में जेपीएससी की ओर से व्याख्याता पद पर नियुक्ति के लिए रिजल्ट निकाला गया था। इस मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी।

चतरा में टीएसपीसी के...

लगातार छापेमारी कर टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में हुई है। सभी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिला के टंडवा, पिपरवार, रांची जिला के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में खनन एवं विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से लेवी वसूली की घटनाओं में शामिल थे। हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कंपनी के हाईवा में आगजनी और जामडीह गांव स्थित श्री इन्टरप्राइजेज कंपनी के हाईवा में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी है।

लातेहार : सुरक्षा बलों को नुकसान ...

जिसमें सीआरपीएफ पार्टी को एक पहाड़ी के नीचे आठ अलग-अलग कंटेनर में रखे संदिग्ध वस्तु दिखी। जिनको डॉग स्क्वॉड के माध्यम से जांच करने पर पता चला कि संदिग्ध वस्तु आईईडी है। जो एक सीरीज में तारों से जुड़ा था। प्रत्येक कंटेनर का वजन करीब 1.5 किलोग्राम था। इसके बाद जवानों ने पूरे एरिया की घेराबंदी कर दी और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही बरामद आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सीआरपीएफ और पुलिस के इस कृत्य की प्रशंसा की गई है। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजान ने कहा कि चुनाव के दौरान सुरक्षाकर्मियों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से लातेहार के सभी जंगलों में माओवादियों ने बम लगा रखा है। हमारी टीम को जैसे ही सूचना मिलती है हम बम को निष्क्रिय कर देते हैं। इसमें ग्रामीणों की अहम भूमिका रहती है। सीआरपीएफ के सीईओ वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि हमारी टीम लगातार लातेहार में इस तरह का काम कर रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

अयोध्या में रामनवमी को लेकर तैयारी

दर्शन के लिए सुबह 3.30 से लगेगी कतार

एजेंसी। अयोध्या

रामनवमी (17 अप्रैल) पर अयोध्या में राम भक्तों को परेशानी न हो, इसके लिए ट्रस्ट की तरफ से सुबह 3.30 बजे से ही श्रद्धालुओं के लाइन में लगने का इंतजाम किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने कुछ नई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केंद्र और रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। रामनवमी पर ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 3.30 बजे से श्रद्धालुओं के लाइन में लगने का इंतजाम किया जा रहा है। सभी प्रकार के विशिष्ट पास, दर्शन-आरती आदि की बुकिंग को पहले ही रद्द किया जा चुका है। सभी को एक ही मार्ग से जाना होगा। दर्शन का समय बढ़ाकर 19 घंटे कर दिया गया है, जो मंगला आरती से रात 11 बजे तक चलेगा। चार बार लगने वाले भोग को लेकर केवल पांच-पांच मिनट के लिए दर्शन बंद रहेंगे। उन्होंने प्रोटोकॉल के साथ आने वाले वीआईपी से 19 अप्रैल

के बाद ही दर्शन के लिए आने का अनुरोध किया है। राम जन्मोत्सव को लेकर राममंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। राम जन्मोत्सव का प्रसारण तकरीबन 300 बड़ी एलईडी स्क्रीन से किया जाएगा। परेशानी और समय की बबार्दी से बचने के लिए दर्शनार्थियों से मोबाइल साथ नहीं लाने का अनुरोध किया गया है। रामजन्मभूमि पथ पर 80 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पथ पर करीब 50 स्थानों पर वॉटर कूलर भी स्थापित कराए जा रहे हैं।

रात्रि 11 बजे तक दर्शन, भगवान को भोग लगाने चार बार पांच-पांच मिनट बंद रहेगा पर्दा : चंपत राय

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर रामनवमी पर्व के सम्बंध में कुछ नयी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति-प्रातः 3. 30 बजे से अभिषेक श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5 बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन का समय बढ़ाकर 19 घंटे कर दिया गया है,जो मंगला आरती से रात 11 बजे तक चलेगा। भगवान को चार बार भोग लगाने के लिए सिर्फ पांच-पांच मिनट ही पर्दा बंद रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि पर्दा बन्द रहने के समय धैर्य बनाकर रहें एवं श्री राम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें। उन्होंने बताया कि रात्रि 11 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी। शयन आरती के पश्चात प्रसाद मन्दिर निकास मार्ग पर मिलेगा। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े-बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि जितना दूर सुरक्षित रखकर आएंगे, दर्शन में उतनी ही अधिक सुविधा होगी। संभवतः ये सभी सामान आदि अपने गुरू स्थान आदि में रखें तो सुगमता रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वी.आई.पी. दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे अर्थात किसी भी प्रकार के पास जारी नहीं किए जाएंगे।

खुशखबरी : इस साल जमकर बरसेंगे बादल

ला नीना प्रभाव के चलते सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में इस साल मानसून सामान्य से बेहतर रह सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। ला नीना प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है।

भारत में 70 फीसदी बारिश दक्षिण पश्चिमी मानसून के चलते ही होती है। मानसूनी बारिश देश के कृषि क्षेत्र के लिए बेहद अहम है और देश की कुल जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान 14 प्रतिशत है। इससे साफ है कि अच्छा मानसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ संकेत है।

सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि साल 1951 से लेकर 2023 तक का डाटा देखने से पता चलता है कि देश में नौ बार मानसून सामान्य से बेहतर रहा है। ला नीना प्रभाव के चलते ही ऐसा हुआ। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा कि '1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के अनुसार, हमने नया दीर्घकालिक औसत और सामान्य पेश किया है। इस सामान्य के अनुसार, 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश की कुल वर्षा का औसत 87 सेमी होगा।' देश में चार महीनों तक (जून से सितंबर तक) सामान्य से ज्यादा बारिश होगी और 106 प्रतिशत तक होगी। जलवायु विज्ञानियों का कहना है कि बारिश के दिनों में कमी आ रही है, जबकि भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके चलते ही बाढ़ और सूखे की समस्या देखने को मिल रही है।

अल नीनो प्रभाव के चलते बीते साल कम हुई बारिश

अभी देश में अल नीनो प्रभाव का असर है, लेकिन अगस्त-सितंबर में इसके ला नीना प्रभाव में बदलने का अनुमान है। उत्तरी गोलार्द्ध में बर्फबारी भी कम हुई है और ये परिस्थिति भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून के पक्ष में है। अल नीनो प्रभाव के चलते साल 2023 में भारत में 820 मिमी बारिश हुई थी, जो कि सामान्य से कम थी। यह दीर्घ अवधि के औसत 868.6 मिमी से भी कम थी। साल 2023 से पहले चार वर्षों में मानसून के दौरान भारत में सामान्य और सामान्य से बेहतर बारिश दर्ज की गई थी। अल नीनो प्रभाव में मध्य प्रशांत महासागर की सतह का पानी गर्म होता है, इसके चलते मानसूनी हवाएं कमजोर होती हैं और भारत में सूखे के हालात पैदा होते हैं। ला नीना प्रभाव में पूर्व से पश्चिम की तरफ हवाएं तेज हो जाती हैं, जिससे समुद्र की सतह का गर्म पानी पश्चिम की तरफ चला जाता है। इसके चलते समुद्र का ठंडा पानी ऊपर सतह पर आ जाता है, जिससे पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है।

एक नजर

यूक्रेन के सीमावर्ती शहर में रूसी गोलाबारी में चार की मौत

कीव। यूक्रेन के पूर्वी शहर सिवरस्क में रूसी गोलाबारी के परिणामस्वरूप कम से कम चार लोग मारे गए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोनेत्स्क क्षेत्र के सैन्य गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने टेलीग्राम पर कहा कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनकी उम्र 36 से 86 वर्ष के बीच थी। उन्होंने सिवरस्क के शेष निवासियों से शहर से छोड़ने का आह्वान किया, जो अग्रिम मोर्चे से लगभग 10 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। युद्ध से पहले सिवेर्स्क की आबादी 10 हजार से अधिक थी। रूस ने पूरे दोनेत्स्क क्षेत्र को अपने अधिकार क्षेत्र में घोषित किया है, लेकिन उसका वहां केवल आंशिक नियंत्रण है।

23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में कविता

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई की हिरासत समाप्त होने के बाद कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। जज कावेरी बावेजा ने उन्हें सीबीआई के मामले में 23 अप्रैल तक जेल भेज दिया। ईडी के मामले में भी उनकी हिरासत 23 अप्रैल तक है। राउज एवेन्यू कोर्ट में कविता ने कहा, यह सीबीआई हिरासत नहीं, बल्कि बीजेपी हिरासत है। वे दो साल से बार-बार पूछ रहे हैं, नया कुछ भी नहीं है।

सऊदी अरब का प्रतिनिधिमंडल करेगा पाकिस्तान का दौरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हुए हाल ही में रियाद में हुए समझौतों को मूर्त रूप देने के लिए सऊदी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचेगा। पाक के विदेश कार्यालय ने यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा कि उच्च स्तरीय सऊदी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान बिन अब्दुल्ला करेंगे। उनके साथ व्यापारियों व अन्य लोगों की एक टीम होगी। सऊदी प्रतिनिधिमंडल में उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री बंदर इब्राहिम अलखोरायफ, जल और कृषि मंत्री अब्दुल रहमान अब्दुल मोहसिन अल-फदले, निवेश उप मंत्री बद्र अल-बद्र, सऊदी विशेष समिति के प्रमुख मोहम्मद माजिद अल तोवैजरी और अन्य गण्यमान्य लोग शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राहुल गांधी पर तंज

खानदानी सीट बचाना मुश्किल हुआ तो केरल में बनाया ठिकाना

कांग्रेस ने उस संगठन के पॉलिटिकल विंग से समझौता किया जिसे देश विरोधी प्रवृत्ति के लिए बैन किया गया है

एजेंसी। पलक्कड़ (केरल)

केरल के पलक्कड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का बिना नाम लिए निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक बड़े नेता जिनको यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया और उन्होंने केरल में अपना एक नया ठिकाना बना लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन के पॉलिटिकल विंग से बैक डोर

समझौता कर लिया है। जिसको देश विरोधी प्रवृत्ति के लिए बैन किया गया है। लेकिन क्या कभी आपने कांग्रेस के नेताओं के मुंह से कॉपरेटिव बैंक स्कैम में कैसे पैसे लूटे गए, इस पर एक शब्द भी सुना है? कांग्रेस के ये युवराज केरल के लोगों से वोट तो मांगेंगे। लेकिन आपके हक में, आपके मुद्दों पर एक शब्द भी नहीं बोलेंगे। उन्होंने कहा कि केरल के लोगों को एलडीएफ और यूडीएफ दोनों से सावधान रहना है, केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी, लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है। लेकिन, दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठकर चुनावी गठजोड़ करते हैं, एक ही थाली में खाते हैं। यहां केरल से बाहर निकलते ही पड़ोस में तमिलनाडु में दोनों पार्टी एक साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। यहां भाषण देते हैं कि आतंकवादी हैं और वहां मिलकर चुनाव लड़ते हैं।

केरल की लेफ्ट सरकार पर जमकर बरसे

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की लेफ्ट सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यहां सीपीएम के मुख्यमंत्री तीन साल से लगातार झूठ बोल रहे हैं कि कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिलेगा। ये यह भी झूठ बोलते हैं कि दोषियों पर कार्रवाई होगी। ये आपका सेवक मोदी है जिसने इस केस की जांच करवाई। अब तक स्कैम करने वालों की करीब 90 करोड़ की संपत्ति भारत सरकार के ईडी ने अटैच कर ली है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं इस बारे में कानूनी सलाह ले रहा हूं कि कैसे जिनके पैसे डूब गए हैं, ऐसे गरीबों को उनका पैसा वापस करूं? 90 करोड़ रुपये कैसे दे दूं, भाजपा सरकार पहले भी देश में 17 हजार करोड़ रुपए ऐसे स्कैम पीड़ितों को वापस दिलवा चुकी है। इसलिए मैं कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को भरोसा दिलाता हूं कि उनका पैसा वापस दिलाने में भाजपा और मेरी सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

हम केरल व दिल्ली में सत्ता में आएंगे : राहुल

केंद्र और राज्य सरकार दोनों वायनाड के प्रति सौतेला रवैया अपना रहे

एजेंसी। वायनाड (केरल)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को इंडिया ब्लॉक के पार्टनर लेफ्ट पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस केरल और दिल्ली में सत्ता में आएगी। वायनाड से दोबारा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के लिए राज्य और केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। सुल्तान बाथेरी में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वायनाड कुछ समस्याओं का सामना कर रहा है और इसमें मानव-पशु संघर्ष, रात के यातायात का मुद्दा और चिकित्सा सुविधाओं से जुड़े मुद्दे, मेडिकल कॉलेज की कमी शामिल है। राहुल गांधी ने कहा, मैंने कई मौकों पर केंद्र और राज्य दोनों को लिखा है, लेकिन ये दोनों सरकारें वायनाड के प्रति सौतेला रवैया अपना रही हैं। समस्या यह है कि हम दिल्ली या यहां सत्ता में नहीं हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि वायनाड की समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा क्योंकि

कांग्रेस दिल्ली और केरल में भी सत्ता में आने वाली है। उन्होंने कहा कि जब भी वह वायनाड आते हैं, तो उन्हें लगता है कि वह अपने घर आ गए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, "मैंने अपनी मां (सोनिया गांधी) से कहा है कि उन्हें 10 दिनों के लिए वायनाड रहने आना चाहिए और वह आएंगी। इस पर भीड़ ने खुशी जताई और एक महीने रुकने का आग्रह किया।" इस पर राहुल गांधी ने जवाब दिया, "वह एक महीने तक नहीं रह सकतीं, क्योंकि उन्हें नमी की समस्या है। मैंने उनसे कहा है कि वह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगह को मिस कर रही हैं। वह आ रहीं होंगी। इससे पहले वह अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे और एक रोड शो किया। इसमें हजारों लोग शामिल हुए। कुछ देर की यात्रा के बाद उन्होंने गाड़ी रोकी और सभा को संबोधित किया। गांधी ने 2019 में वायनाड सीट 4.30 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीती, जो राज्य में सबसे अधिक है। इस बार उनका मुकाबला सीपीआई नेता एनी राजा और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन से है।

केजरीवाल मामले में ईडी 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करे : सुप्रीम कोर्ट

29 अप्रैल को होगी सुनवाई

-ब्यूरो। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने तथाकथित शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर दायर याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से 24 अप्रैल या उससे पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट इस मामले पर 29 अप्रैल को फिर से सुनवाई करेगा। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें पेश कीं। सिंघवी ने कोर्ट से कहा कि मैं आपके सामने कुछ चौंकाने वाले तथ्य रखना चाहता हूं। इस पर कोर्ट ने कहा कि चलिए नोटिस जारी करते हैं। सिंघवी ने कहा कि इस शुक्रवार को सुनवाई की तारीख रख दें। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम आपको नजदीक की तारीख तो दे सकते हैं, लेकिन आपके द्वारा सुझाई गई तारीख नहीं। सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी सिर्फ केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिए की गई है। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि हम इस महीने के आखिरी हफ्ते में सुनवाई करेंगे।

चुनाव आयोग ने दिए मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाने के निर्देश

लोस चुनाव से पहले अब तक 4650 करोड़ जब्त

एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाने का आदेश दिया। सूत्रों ने बताया कि उनके खिलाफ ये कार्रवाई हिंसा मामले में तत्परता नहीं बरतने के आरोप में की गई है। राज्य में दो हिंसाओं में हथियार और गोला बारूदों का उपयोग किया गया था। लोकसभा चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने कहा था कि चुनावी हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव

आयोग ने बताया कि एक मार्च से अबतक हर दिन 100 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। चुनाव के शुरू होने से पहले 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए जा चुके हैं, जो कि 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में काफी ज्यादा हैं। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा। चुनाव 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे, जबकि नतीजे चार जून को जारी होंगे। पोल पैनल ने बताया कि एक मार्च से अबतक की गई जब्ती 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान बरामद 3,475 करोड़ रुपये से अधिक है। बरामद किए गए 4,658 करोड़ रुपये में 395 करोड़ रुपये नकद, जबकि शराब की तस्करी से जुड़े 489 करोड़ रुपये हैं। 45 फीसदी जब्ती नशीली दवाओं से की है। आयोग ने बताया कि काले धन का उपयोग उम्मीदवार को समान अवसर मिलने में बाधा पैदा कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जब्ती चुनावी गड़बड़ियों को रोकने और उम्मीदवारों को समान अवसर देने का एक अहम हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में गुजरात, पंजाब, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम विधानसभा चुनाव में बड़ी जब्ती की गई है।

इजराइल चाहता है कि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को माना जाए आतंकी संगठन

तेल अवीव। अपनी धरती पर ईरानी हमले को विफल करने के बाद, इजराइली सरकार चाहती है कि दुनिया ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन करार दे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने अपने ब्रिटिश और फ्रांसीसी समकक्षों से इस बारे में बात की है। इजराइल ने आईआरजीसी पर कई आरोप लगाए हैं। आरोप है कि वह हमास, हिजबुल्लाह और हौथियों के हमलों में शामिल रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, युद्ध कैबिनेट की बैठक में ईरान के खिलाफ जवाबी हमले को अंतिम रूप दिया गया है। लेकिन हमले के समय को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इजराइल ईरान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन जुटाना चाहता है। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक पूर्व मेजर जनरल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि ईरान पूरी ताकत से इजराइल पर हमला नहीं करेगा। रविवार को किया गया हमला, सिर्फ अपने लोगों को यह समझाने के लिए था कि वह हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि इजराइल ईरान की क्षमताओं को जानता है। अगर उसने इजराइल पर घातक हमला करने की कोशिश की, तो उसका गंभीर परिणाम हो सकता है।

देश के भीतर ही नहीं, बाहर भी काम करती है मोदी की गारंटी : जयशंकर

एजेंसी। बेंगलुरु

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को ईरान द्वारा जब्त मालवाहक जहाज पर चालक दल के सदस्यों के रूप में सवार 17 भारतीयों की वापसी का पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी देश के भीतर ही नहीं, बाहर भी काम करती है। जयशंकर ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुफ्त गारंटी है कि जब भी आप बाहर मुसीबत में हों, भारत सरकार

आपकी देखभाल के लिए मौजूद है। जयशंकर ने कहा, हमने इसे यूक्रेन, सूडान में और कोविड महामारी के दौरान भी बार-बार साबित किया है। एमएससी एरीज जहाज के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई का मुद्दा उठाते हुए, विदेश मंत्री ने रविवार को ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन से बात की थी। उन्होंने कहा, हम ईरान सरकार से कह रहे हैं कि उन्हें रिहा किया जाना चाहिए और हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। जयशंकर ने आगे कहा कि भारतीय दूतावास और ईरान के अधिकारियों ने उसके बाद कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, मुझे कुछ रिपोर्टें मिल रही हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि मेरे दूतावास के लोग वहां जाएं और भारतीय दल से मिलें। यह मेरी संतुष्टि का पहला बिंदु है। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह से तैयार हूं। ईरानी विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया सकारात्मक थी और उन्होंने आश्वासन दिया कि वह स्थिति को समझेंगे और मदद करेंगे। विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण आने वाला समय कठिन है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फिर चाकूबाजी की घटना

चर्च में पादरी और कई लोगों पर हुआ हमला

एजेंसी। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। बताया गया है कि यहां के वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोगों के घायल होने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार रात को चर्च सर्विस के दौरान हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि यह शख्स पुलिस की जांच में मदद कर रहा है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है।